
खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 04 जनवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-04







# गुस्साए पुतिन के निशाने पर यूक्रेन की प्रमुख इमारतें पहला टारगेट जेलस्की का आधिकारिक आवास

**मास्को,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

रुसी राष्ट्रपति पुतिन आवास पर हमले का मामला उलझता दिख रहा है। यूक्रेन का दावा है कि उसने पुतिन पैलेस नहीं सामरिक ठिकाने पर हमले किए है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की रिपोर्ट है कि पुतिन के पैलेस पर हमले नहीं हुए हैं। इसके बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी जानकारी दे दी गई है। लेकिन रूस और बेलारूस का कहना है कि अब कीव के नीति निर्माता केंद्र उसके निशाने पर आ गए हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति ने कीव पर हमले की धमकी दी है। ट्रंप ने हमले की खबर आने के बाद रूस का पक्ष लिया था। ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन को टोमहक मिसाइल नहीं देना सही फैसला था। यूरोप के सभी देशों ने कहा है कि रूस झूठे दावे कर रहा है। हालांकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने सबूत दिए कि कीव ने नौबत क्षेत्र में पुतिन के राष्ट्रपति की आवास को जानबूझकर निशाना बनाकर हमला किया।

रूस का कहना है कि यूक्रेन के हमलों को जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। लेकिन वहां इन हमलों को अनदेखा नहीं कर सकता है। वहीं बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लोकाशेंको ने कीव पर हमले की धमकी दी है। लुकाशंको का इशारा साफ है कि 2026 में कीव की अहम इमारतों पर रूस के हमले होने तय है। इसके बाद रूस का पहला टारगेट आनकी पैलेस हो सकता है जो यूक्रेनी राष्ट्रपति वदमीर जेलस्की का आधिकारिक आवास है। वहीं रूस का दूसरा टारगेट यूक्रेन का राष्ट्रपति कार्यालय हो सकता है, जो बाकोवा स्ट्रीट पर है। रूस का तीसरा टारगेट वेर खोबना राधा हो सकता है जो यूक्रेन का संसद भवन है। रूस का चौथा टारगेट हाउस आफ गवर्नमेंट हो सकता है। यह वेर खोबना राधा के पास मौजूद है। यहां मंत्रिमंडल की बैठकें होती हैं। आशंका है कि रूस यहां बैलेस्टिक मिसाइलों से हमले कर सकता है। लेकिन नए साल में खतरा सिर्फ यही नहीं है। इससे बड़ा खतरा भी कीव पर मंडरा रहा है। रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के साथ-साथ कीव में ग्राउंड आपरेशन शुरू हो सकते हैं। बेलारूस की जमीन से रूसी फौज यूक्रेन में दाखिल होकर युद्ध का नया फ्रंट खोल सकती है। पुतिन के पैलेस पर हमले का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय सुर्खी बना था।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका में सूअर की खाद से उगाया गया मक्का पहुंच रहा बांग्लादेश.....मुस्लिम बहुल देश में मच गया बवाल



**ढाका।** बांग्लादेश में हाल ही में अमेरिकी मक्का को लेकर भयंकर बवाल मचा हुआ है। राजधानी ढाका स्थित अमेरिकी दूतावास ने बताया कि अमेरिका से बांग्लादेश में पोषणीय मक्का आने वाला है। यह मक्का ब्रेकफास्ट सीरियल, कार्न ब्रेड और जानवरों के चारे में इस्तेमाल होता है। लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाया कि क्या यह वही मक्का है, जिस मक्के को अमेरिका में सूअर की खाद से उगाया जाता है। बांग्लादेश एक मुस्लिम बहुल देश है, जहां सूअर से जुड़ी चीजें हराम मानी जाती हैं। असल में, अमेरिका में मक्का की खेती में अक्सर सूअर की खाद का इस्तेमाल किया जाता है, खासकर उन इलाकों में जहां बड़े पैमाने पर सूअर का पालन हैं। यूएसडीए की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में करीब 16 प्रतिशत मक्का उगाने वाले खेतों में सूअर की खाद डाली गई थी। इसकारण अमेरिकी मक्का के बांग्लादेश में आने की खबर ने वहां मुस्लिम समुदाय में चिंता और गुस्सा है। सोशल मीडिया पर कई लोग मक्के को इस्लाम के खिलाफ बताकर आलोचना कर रहे है। इस घटना के राजनीतिक और आर्थिक पहलू भी हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के बाद यूनुस को अंतरिम सलाहकार बनाया गया है। उनके भारत और हिंदू विरोधी घटनाओं के कारण भारत-बांग्लादेश रिश्ते तनावपूर्ण हैं।

### पाकिस्तान में ब्रेन ड्रेन का संकटः दो साल में हजारों डाक्टरों और इंजीनियरों ने छोड़ा देश




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इस समय अपने इतिहास के सबसे गंभीर प्रतिभा पलायन के दौर से गुजर रहा है। देश की चरमराती अर्थव्यवस्था, राजनीतिक अस्थिरता और घटते अवसरों के बीच बड़ी संख्या में स्किल्ड प्रोफेशनल्स विदेशों का रुख कर रहे हैं। एक ताजा सरकारी रिपोर्ट ने देश के भीतर इस संकट की भयावहता को उजागर कर दिया है, जिससे शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य नेतृत्व की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान ने अपनी अनमोल मानव पूंजी का एक बड़ा हिस्सा खो दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में करीब 5,000 डाक्टर, 11,000 इंजीनियर और 13,000 अकाउंटेंट बेहतर भविष्य की तलाश में देश छोड़कर जा चुके हैं। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की जमकर आलोचना हो रही है, जिन्होंने कुछ समय पहले इस पलायन को ब्रेन ड्रेन के बजाय ब्रेन गेन (प्रतिभा का लाभ) करार दिया था। अब सरकारी आंकड़े ही उनके दावों की हवा निकाल रहे हैं। ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट बताती है कि साल 2024 में 7.27 लाख से अधिक पाकिस्तानियों ने विदेश में रोजगार के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025 में नवंबर तक यह संख्या पहले ही 6.87 लाख के आंकड़े को छू चुकी है।

### एआई की वजह से दुनिया को मिले कई नए अरबपति




**वाशिंगटन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की वजह से दुनिया को बडी संख्या में नए अरबपति मिले है। 22 साल के युवा भी इस लिस्ट में शामिल हुए जिनकी कंपनी का वैल्यूएशन अरबों डालर तक पहुंच गया। साल 2025 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हुई प्रगति के लिए याद किया जाएगा। इस साल एआई का विस्तार बहुत तेजी से हुआ। इस वजह से इस क्षेत्र में जमकर पैसों की बरसात हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर के निवेशकों ने एआई स्टार्टअप्स में 200 अरब डालर से ज्यादा पैसा लगाया। एआई के क्षेत्र में भारी निवेश, एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर की वजह से 50 से ज्यादा लोग कागजों पर अरबपति बन गए। अमेरिका के साथ-साथ चीन की एआई कंपनियों से जुड़े बिजनेसमैन भी अरबपति बने। रिपोर्ट के अनुसार, सर्ज एआई के सीईओ एडविन चेन की अनुमानित संपत्ति 18 अरब डालर के करीब है। उनकी कंपनी डेटा लेबलिंग का काम करती है। कंपनी ने 5 साल से कम वक्त में 24 अरब डालर का मूल्यांकन हासिल किया है।

# ईरान में व्यापक हो रहा है खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन का सिलसिला, बढ़ती महंगाई ने बढ़ाया असंतोष

**तेहरान,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**आर्थिक संकट, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध और विकराल होती महंगाई के कारण फैले लोगों के असंतोष से जूझ रहे ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का सिलसिला व्यापक हो रहा है।खासतौर पर देश के समक्ष बढ़ते आर्थिक संकट ने मौजूदा स्थिति को और भी खराब बना दिया है। 28 दिसंबर से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को राजधानी तेहरान सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में जोर पकड़ रहा है। मीडिया समूह ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक ईरान की राजधानी में दो दिनों की शांति के बाद शुक्रवार रात तेहरान के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। मशहद और कोम जैसे पवित्र शहरों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए।देश के अशांत दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र स्थित ज़ाहेदान में प्रदर्शनकारी शुक्रवार की नमाज़ के बाद सड़कों पर उतर आए और देश के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के खिलाफ नारेबाजी की।**



उल्लेखनीय है कि यह शहर साल 2022 के व्यापक विरोध प्रदर्शनों का एक प्रमुख केंद्र था जहां एकबार फिर विरोध प्रदर्शन में तेजी देखी जा रही है। मशहद, ज़ाहेदान, कजवीन, हमदान और तेहरान सहित कई शहरों में व्यापक रूप से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। जहां सुरक्षा बलों की हिंसा और काफी संख्या में प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारियां हुई हैं। प्रदर्शनकारी कट्टरपंथी मौलानाओं का शासन खत्म करने की मांग करते हुए सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई पर निशाना साध रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा धड़ा रेजा पहलवी को सत्ता सौंपने की मांग कर रहा है। अब तक देश के 22 प्रांतों के 46 शहरों में यह विरोध प्रदर्शन फैल गया है।तेहरान, यज्द, जंजन समेत करीब 10 विश्वविद्यालयों के छात्र इस आंदोलन में शामिल हैं।बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग भी इसमें शामिल है जिसने अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद कर इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ईरान इंटरनेशनल ने मानवाधिकार समूहों का हवाला देते हुए बताया है कि अब तक कम से कम 7 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और 30 से अधिक प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। 28 दिसंबर से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में अब तक 119 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बीच ईरान की करेंसी रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गयी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में महंगाई दर 42.2 फीसदी तक पहुंच गई। खानेपीने की चीजों की कीमतें पिछले साल की तुलना में 72 फीसदी बढ़ गईं है, जबकि स्वास्थ्य और दवाइयों से जुड़ी चीजें 50 फीसदी महंगी हो गईं। इससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाता है और उन्हें हिंसक तरीके से मारता है तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा। उन्होंने मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट साझा कर कहा कि, हम कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

ट्रंप की धमकी के जवाब में ईरान ने अमेरिकी हमले की स्थिति में उसके बेस को निशाना बनाने की धमकी दी है।ईरान की संसद के अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा है कि अगर अमेरिका आक्रामक कदम उठाता है तो उसके सैन्य ठिकानों को वैध निशाना माना जाएगा।

अमेरिका, पिछले साल जून में ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु सुविधाओं पर हमले कर चुका है। ईरान-इजराइल के बीच 12 दिनों के युद्ध में अमेरिका भी शामिल हो गया था। इसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिकी बेस को निशाना बनाया था।

# ईरान ने ट्रंप की 'लापरवाह धमकियों पर संयुक्त राष्ट्र से हस्तक्षेप की मांग की




**तेहरान,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी चेतावनियों पर ईरान ने कड़ा ऐतराज जताया है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र से अपील की है कि वह ट्रंप के बयानों की निंदा करे और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन माने।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि ट्रंप के बयान लापरवाह, उकसावे वाले और गैरकानूनी हैं। यह पत्र उस बयान के कुछ ही घंटों बाद भेजा गया, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान में प्रदर्शनकारियों की और हत्याएं हुईं तो अमेरिका हस्तक्षेप के लिए पूरी तरह तैयार है। इरावानी ने अपने पत्र में कहा कि किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखल देने की धमकी देना संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा, किसी देश के भीतर अशांति को भड़काने, प्रोत्साहित करने या उसे बाहरी दबाव या सैन्य हस्तक्षेप का बहाना बनाने का कोई भी प्रयास ईरान की संप्रभुता, राजनीतिक स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का घोर उल्लंघन है। ईरान के राजदूत ने स्पष्ट किया कि उनका देश अपनी संप्रभुता की रक्षा का पूरा अधिकार रखता है और यदि आवश्यकता पड़ी तो वह निर्णायक और संतुलित तरीके से अपने अधिकारों का प्रयोग करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका की इन धमकियों से अगर हालात बिगड़ते हैं, तो इसके लिए पूरी जिम्मेदारी अमेरिका की होगी। गौरतलब है कि ईरान में महंगाई और जीवनयापन की बढ़ती लागत के खिलाफ कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों को लेकर अमेरिका लगातार ईरानी सरकार की आलोचना करता रहा है। ट्रंप के हालिया बयान के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह ऐसे बयानों को गंभीरता से ले और किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को रोके, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

## मेक्सिको में भूकंप के झटके



**मेक्सिको।** मेक्सिको में भूकंप के जोरदार झटकों ने लोगों में दहशत पैदा कर दी।भूकंप इतना शक्तिशाली था कि इमारतें खिलौने की तरह हिलने लगी और कई इमारतें ढह भी गई है। बता दें कि मेक्सिको के गुरेरो क्षेत्र में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। मेक्सिको में भूकंप के तेज झटकों के बाद हड़कंप मच गया हर तरफ चीख पुकार मचने लगी मेट्रो स्टेशन, इमारतें और सड़कों पर लगे खंभे तेजी से हिलने लगे और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि भूकंप के बाद 500 से अधिक आफ्टरशाक्स आए है जिससे दहशत और अधिक बढ़ गई थी लोगों ने सुरक्षित स्थानों में शरण ली और दुर्घटनाग्रस्त इलाकों से निकलने में कामयाब रहे। बता दें कि यह भूकंप के झटके राज्य गुरेरो के सैन मार्कोस कस्बे के पास लगे थे। यह भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 7:28 बजे 40 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिसका केंद्र 16.99 उत्तरी अक्षांश और 99.26 पश्चिमी देशांतर पर स्थित था। जोरदार भूकंप के झटकों से अफरा तफरी का माहौल बन गया लोग अपने घर से बाहर निकल आए। इसी बीच राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम को भी अपनी लाईव प्रेस कानफ्रेंस रोकनी पड़ी और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

# पाक में तक्षशिला के पास चल रही खुदाई मिले सिक्कों पर वासुदेव की छवि अंकित

**कराची,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

पाकिस्तान में ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास चल रही खुदाई में पुरातत्वविदों को बड़ी कामयाबी मिली है। यूनेस्को हेरिटेज साइट भीर टीले पर उत्खनन के दौरान दुर्लभ सजावटी पत्थर और प्राचीन सिक्के मिले हैं, जो क्षेत्र की सबसे शुरुआती शहरी सभ्यता को दिखाते है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह खोज प्राचीन सभ्यता को समझने में एक अहम कड़ी साबित होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बीते पिछले एक दशक में इस स्थल पर हुई सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक बताया है।



पुरातात्विक महत्व की ये वस्तुएं प्राचीन भीर टीले पर मिली हैं। विशेषज्ञों ने ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के बरामद किए। रिपोर्ट में कहा गया कि विशेषज्ञों ने सजावटी पत्थरों के टुकड़े बरामद किए जिनकी पहचान लैपिस लाजुली के रूप में की गई है और इसके साथ ही कुषाण वंश से संबंधित दुर्लभ कांस्य सिक्के भी मिले हैं, जिससे प्राचीन गांधार के भौतिक इतिहास को एक नया आयाम मिला है। पंजाब पुरातत्व विभाग के उप निदेशक आसिम डोगर ने कलाकृतियों के प्रारंभिक विश्लेषण की पुष्टि की। डोगर ने कहा, सजावटी पत्थर लैपिस लाजुली हैं जो एक बहुमूल्य पत्थर है, जबकि सिक्के कुषाण काल के हैं। खुदाई करने वाली टीम ने धातु की कलाकृतियों की आयु निर्धारित करने के लिए विशेष फारेंसिक सहायता ली। डोगर ने बताया कि पेशावर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की ओर से किए गए विस्तृत मुद्रा विश्लेषण से पुष्टि हुई है कि सिक्कों पर सम्राट वासुदेव की छवि अंकित है। इतिहासकार वासुदेव को इस क्षेत्र पर शासन करने वाले अंतिम कुषाण शासक मानते हैं। डोगर ने कहा कि आसपास के पुरातात्विक साक्ष्यों से साफ होता है कि ये अवशेष आवासीय क्षेत्र थे। ये नवीनतम खोजें इसकी पुष्टि करती हैं कि कुषाण शासन के दौरान तक्षशिला अपने राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रभाव के चरम पर था। डोगर ने कहा, कनिष्क जैसे सम्राटों के शासनकाल में तक्षशिला एक प्रमुख प्रशासनिक, वाणिज्यिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में उभरा। उन्होंने कहा कि इस युग में बौद्ध धर्म को कुषाण काल का व्यापक संरक्षण मिलने के कारण स्तूपों, मठों और विशाल धार्मिक परिसरों का निर्माण हुआ।

# पाकिस्तानी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का सही वक्त, बलूचिस्तान में तैनात होगी चीनी सेना


**ब्लूच,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से केवल भारत ही त्रस्त नहीं है। बल्कि इससे क्षेत्र के बाकी इलाकों में भी अशांति और अस्थिरता की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। मामले को लेकर ताजा चिंता बलूचिस्तान के प्रमुख बलूच नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलोच की तरफ से जताई गई है। जिसमें उन्होंने नए साल के मौके पर 1 जनवरी को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर को एक खुला पत्र लिखा है। जिसमें मीर ने वर्तमान समय को ही पाकिस्तान की जमीन से आने वाले आतंकवाद के समूल नाश के लिए सबसे उपयुक्त बताते हुए भारत से सहयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने आगामी कुछ महीनों में बलूचिस्तान में चीन द्वारा अपनी सैन्य टुकड़ियां तैनात करने को लेकर भी खतरा जताया है।



बलूच नेता ने कहा, हमारे लोग बीते 69 वर्षों से पाकिस्तान के सरकारी कब्जे, उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का दंश झेल रहे हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि इस गंभीर समस्या को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। जिससे हमारे राष्ट्र (बलूचिस्तान) के लिए स्थायी शांति और संप्रभुता सुनिश्चित की जाए। भारत और बलूचिस्तान के सामने मौजूद खतरे वास्तविक और आसन्न हैं। इस लिहाज से हमारे द्विपक्षीय संबंध भी उतने ही ठोस और कार्यवाही, योग्य होनी चाहिए। उन्होंने अपने पत्र को एक्स पोस्ट में साझा भी किया है, जिसमें डा.जयशंकर को कहा, हम बलूच लोगों की ओर से शांति, समृद्धि, विकास, व्यापार, रक्षा-सुरक्षा, भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों और छिपे हुए खतरों को कम करने के साथ ही मित्रता, विश्वास और पारस्परिक हितों को बढ़ावा देने में भारत और उसकी सरकार के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं। ठोस और पारस्परिक सहयोग को अपनाना समय की मांग है।

मीर बलोच ने कहा कि हम बलूचिस्तान गणराज्य में पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ते रणनीतिक गठबंधन को अत्यंत खतरनाक मानते हैं। साथ ही हमारी चेतावनी है कि चीन ने पाकिस्तान के सहयोग से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को उसके अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। ऐसे में अगर बलूचिस्तान की रक्षा और स्वतंत्रता सेनाओं की क्षमताओं को मजबूत नहीं किया गया। पुरानी परंपराओं के हिसाब से उनकी अनदेखी की जाती रही तो ये संभव है कि चीन कुछ ही महीनों में बलूचिस्तान में अपनी सैन्य टुकड़ियों को तैनात कर दे। बलूचिस्तान के 6 करोड़ लोगों की इच्छा के विरूद्ध हमारी धरती पर चीन के सैनिकों की मौजूदगी भारत और बलूचिस्तान दोनों के भविष्य के लिए एक अकल्पनीय खतरा और चुनौती होगी। हम दोनों महान राष्ट्रों के बीच मजबूत सहयोग की आशा करते हैं।उन्होंने अपने पत्र में भारतीयों को बेहद अलग अंदाज में नए साल की बधाई देते हुए कहा कि हम बलूचिस्तान के छह करोड़ देशभक्त लोगों की ओर से भारत के 140 करोड़ लोगों, संसद के दोनों सदनों, मीडिया, नागरिक समाज और सभी सम्मानित व्यक्तियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हैं।




खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 04 जनवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-04

# इंदौर जैसे हालात!

## शहर की 185 झीलें बेहद दूषित





देश के स्वच्छतम शहर इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से फैला संकट किसी एक दिन की गलती नहीं, बल्कि लगातार अनदेखी, गलत निर्माण और निगरानी के अभाव का नतीजा था। छह दिन में 15 लोगों की मौत हो गई और शहर की जल व्यवस्था की भयावह तस्वीर सामने आ गई। दरअसल, स्थानीय निवासी कई हफ्तों से गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। 29 दिसंबर, 2025 को स्थिति तब विस्फोटक हो गई, जब 100 से अधिक लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हो गए।अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगने लगी। अगले दिन हालात और बिगड़ गए। आठ मरीजों की मौत की बात सामने आई और बीमार लोगों की संख्या 1100 से अधिक पहुँच गई। नगर निगम ने आनन-फानन में पानी के सैंपल जाँच के लिए भेजे।

### सीवेज और भारी धातुओं का घातक मिश्रण

उच्च जैव रासायनिक ऑक्सीजन माँग (BOD) का उच्च स्तर समान रूप से चिंताजनक है, जो मुख्य रूप से सीवेज और अपशिष्ट विसर्जन के कारण अत्यधिक कार्बनिक प्रदूषण का संकेत देता है। जहाँ अनुमति योग्य सीमा 3mg/l या उससे कम है, वहीं अधिकांश झीलें इस सीमा को पार कर गईं, कुछ में तो यह स्तर 16mg/l तक दर्ज किया गया।

आँकड़ों से झीलों के पानी में कैडमियम, लोहा, पारा, जस्ता, तांबा, सीसा, निकल और क्रोमियम जैसी भारी धातुओं की मौजूदगी का भी पता चला है। इनमें से कई धातुएं कम सांद्रता में भी जहरीली होती हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य, भूजल गुणवत्ता और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए दीर्घकालिक जोखिम पैदा करती हैं, विशेष रूप से तब जब झीलें आसपास के जलभृतों (Aquifers) को पुनर्भरण (Recharge) करती हैं। 185 नामित झीलों में से कम से कम 23 पूरी तरह से सूख चुकी हैं, और कुछ अन्य झीलों के लिए अतिक्रमण या अनुमति की कमी के कारण जल गुणवत्ता का डेटा एकत्र नहीं किया जा सका।

### *सौंदर्यीकरण बनाम पारिस्थितिक बहाली: विशेषज्ञों की राय*

पर्यावरणविदों ने हैदराबाद की झीलों की निरंतर बिगड़ती स्थिति के लिए अनियंत्रित अतिक्रमण, बिना उपचारित सीवेज के प्रवाह और औद्योगिक कचरे को जिम्मेदार ठहराया है। तीन दशकों से अधिक समय से शहर की झीलों पर काम कर रहे सुब्बा राव डी. ने कहा, 'ठोस और तरल कचरे का कुप्रबंधन एक केंद्रीय मुद्दा है। पारिस्थितिक बहाली के बजाय सौंदर्यीकरण, वॉकवे और लाइटिंग पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जबकि हाइड्रोलॉजी और इकोलॉजी के मूल मुद्दों की अनदेखी की जा रही है।'

ध्रुवंश फाउंडेशन की मधुलिका चौधरी ने बताया कि खराब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कारण झीलों में प्रवेश करने वाला वर्षा जल खुद प्रदूषित है। उन्होंने इमारतों में सीवेज और वर्षा जल की लाइनों के बीच अलगाव की कमी और झीलों के फुल टैंक लेवल क्षेत्रों में बने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान ये सिस्टम अक्सर विफल हो जाते हैं या ओवरफ्लो हो जाते हैं, जिससे प्रदूषण और बढ़ जाता है। इस बीच, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएचएमसी दोनों ने कहा है कि झीलों का रख-रखाव कई विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है और यह किसी एक एजेंसी के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

प्रशासनिक कार्रवाई के तौर पर दो अधिकारियों को निलंबित किया गया और एक की सेवा समाप्त कर दी गई। जाँच में पता चला कि नर्मदा जल लाइन के ऊपर और आसपास ड्रेनेज चैंबर बने हुए थे। इससे भी गंभीर तथ्य यह था कि एक पुलिस चौकी का टायलेट भी इसी पाइपलाइन के ऊपर बना दिया गया, जिससे सीवेज सीधे पेयजल लाइन में रिसने की आशंका पुख्ता हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने शासन से रिपोर्ट तलब कर ली। मुख्यमंत्री मोहन यादव इंदौर पहुँचे, अस्पतालों का दौरा किया और आपात बैठक ली। मृतकों के स्वजनों के लिए दो-दो लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की गई। इसी बीच नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का अपशब्द कहते हुए एक बयान सामने आया, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुआ। हालांकि, उन्होंने खेद प्रकट किया, लेकिन सरकार की किरकिरी हो गई।

यही हाल हैदराबाद का भी हो सकता है, क्योंकि यहाँ की रेवंत रेड्डी सरकार भी कान में रूई और आँखों पर पट्टी बाँधे न केवल खुद के प्रदूषण ▶10 पर

## बांग्लादेश में हालात बदतर

### *थाने को आग लगाने और एसआई को जलाने की धमकी*



**ढाका, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में शायेसतागंज पुलिस स्टेशन के भीतर खुलेआम पुलिस अधिकारियों को धमकाते छात्र नेताओं को देखा जा सकता है। यह घटना शुक्रवार दोपहर पूर्वी हबीगंज जिला में हुई, जब एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट (एसएडी) के नेता थाने पहुंचे और एक आरोपी की रिहाई की मांग करने लगे।

वीडियो के अनुसार, सैड के नेता पुलिस अधिकारियों से एनामुल हसन उर्फ नयन की रिहाई की मांग कर रहे थे। नयन, अब प्रतिबंधित छात्र लीग का पूर्व नेता बताया गया है, जिसे गुरुवार देर रात हिरासत में लिया गया था। उस पर बांग्लादेश अवामी लीग से जुड़े छात्र संगठन से संबंध होने का आरोप है।

छात्र लीग, तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग का छात्र संगठन था, जिसे 2024 में सरकार गिराए जाने के बाद मुहम्मद यूनुस प्रशासन ने प्रतिबंधित कर दिया था। रिपोर्टों के अनुसार, सैड आंदोलन में इस्लामी तत्वों के हावी होने के बाद हसीना सरकार का पतन हुआ था।

# उड़ता हैदराबाद

## ट्रैफिक कम करने जगह-जगह फ्लाईओवरों का जाल

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद: हैदराबाद के निवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। शहर में एक और फ्लाईओवर के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। भारी ट्रैफिक भीड़ वाले मुख्य क्षेत्र केबीआर पार्क के चारों ओर फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। जीएचएमसी ने बताया कि अगले दो वर्षों में यह कार्य पूरा होने की संभावना है।हैदराबाद में लगभग एक करोड़ से अधिक लोग निवास करते हैं, जिसके कारण ट्रैफिक की भीड़ अत्यधिक रहती है। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय दफ्तर आने-जाने वालों को भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार शहर में जगह-जगह फ्लाईओवर का निर्माण कर रही है, जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। अब शहर के मध्य में स्थित व्यस्त क्षेत्र में एक और फ्लाईओवर निर्माण की तैयारी पूरी हो चुकी है।

**केबीआर पार्क के चारों ओर फ्लाईओवर का जाल**

केबीआर पार्क के पास ट्रैफिक की भारी भीड़ रहती है, जिससे लोग कई सालों से परेशान हैं। अब इस पार्क के चारों ओर फ्लाईओवर और अंडरपास बनाने के रास्ते की सभी बाधाएँ दूर हो गई हैं। हाल ही में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस परियोजना को हरी



झंडी दे दी है। इसके बाद जीएचएमसी जल्द ही काम शुरू करने की तैयारी कर रही है। प्रशासन ने अगले दो वर्षों में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना को दो चरणों में युद्ध स्तर पर पूरा किया जाएगा, ताकि इसे जल्द से जल्द जनता के लिए खोला जा सके। वर्तमान में मिट्टी परीक्षण का काम चल रहा है, टीडीपी कार्यालय से एल.वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट तक दो स्थानों पर परीक्षण किए जा चुके हैं।

**8 साल बाद फिर से प्रक्रिया शुरू : 826 करोड़ का बजट**

जीएचएमसी कमिश्नर आर.वी. कर्णन ने बताया कि 2017 में पहली बार मिट्टी परीक्षण किया गया था और अब 8 साल बाद दोबारा यह परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन फ्लाईओवरों और अंडरपास के पूरा होने के बाद माधापुर, हाईटेक सिटी, गच्चीबाउली, कोंडापुर और मणिकोंडा की ओर जाने वाले यात्रियों को ट्रैफिक की समस्या नहीं होगी और वे तेजी से अपने गंतव्य तक पहुँच सकेंगे। इस परियोजना के लिए 826 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट रखा गया है, जिसके तहत वाई-टाइप अंडरपास और फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। केबीआर पार्क प्रवेश द्वार से रोड नंबर 36 की ओर 4-लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। ▶10 पर

# अमेरिका ने मादुरो दम्पत्ति को पकड़ा, रूस-चीन ने की निंदा

**वाशिंगटन, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर उसके लंबे समय से सत्ता में काबिज निरंकुश राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटा दिया है। 1989 में पनामा पर आक्रमण के बाद लैटिन अमेरिका में वाशिंगटन का यह सबसे सीधा हस्तक्षेप है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला और उसके नेता, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ सफलतापूर्वक एक बड़ा हमला किया है।

मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया गया है और देश से बाहर भेज दिया गया है। अमेरिका की हिरासत में मादुरो की पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें उनकी आंखों में काली पट्टी बंधी हुई है ताकि वो कुछ भी इधर-उधर न देख पाएं, कानों में ईयरमफ्स लगे हुए हैं।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अमेरिकी वॉरशिप के जरिए काराकास से यूएस लाया जा रहा है, इसके बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से न्यूयॉर्क भेजा जाएगा; ज्यादा शोर की वजह से कानों में ईयरमफ्स लगे हुए हैं। इसके साथ ही वो हाथों में पानी की छोटी बोतल भी पकड़े हुए हैं, जो आधी खाली है।

ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बात करते हुए कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करना संकेत है कि अमेरिका किसी के भी



सामने झुकने वाला नहीं है। सीएनएन के मुताबिक, निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनके बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला गया था। एपी के मुताबिक, दंपति काराकास में कड़ी सुरक्षा वाले फोर्ट टियूना सैन्य परिसर के अंदर स्थित अपने घर में सो रहे थे, तभी अमेरिकी विशेष बलों ने उनके आवास पर हमला बोला।

### अमेरिकी एयर स्ट्राइक के निशाने

ट्रंप ने बताया कि मादुरो और उनकी पत्नी को वॉरशिप के जरिए अमेरिका ले जाया जा रहा है। उन्होंने ये भी बताया इस पूरे ऑपरेशन में किसी भी अमेरिकी की जान नहीं गई है। उन्होंने कहा, हम इस ऑपरेशन के लिए चार दिन से इंतजार कर रहे थे। मादुरो को पकड़े जाने का सीधा प्रसारण देखा, जो किसी टीवी शो जैसा था। अमेरिका ने फोर्ट टियूना (काराकास का मुख्य मिलिट्री बेस), ला कार्लोटा (काराकास का मुख्य एयरबेस), एल वोल्कान (मुख्य रडार स्टेशन), ला गुएरा पोर्ट (वेनेजुएला का प्रमुख बंदरगाह), इगुएरोटे एयरपोर्ट (मिरांडा राज्य का हवाई अड्डा) पर ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की ।

### न्यूयॉर्क में मुकदमा और ट्रंप का रुख

अमेरिका की अटॉर्नी जनरल बोंडी ने बताया कि मादुरो के खिलाफ न्यूयॉर्क में मुकदमा चलेगा। उन्होंने कहा, 'निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में मुकदमा दायर किया गया है। मादुरो पर मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश (नारको-टेररिज्म), कोकीन आयात की साजिश, मशीनगन और विनाशकारी उपकरणों के कब्जे और संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ मशीनगन और विनाशकारी उपकरणों के ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $27^{0}$
न्यूनतम : $14^{0}$

# 43 साल के करियर में अनुपम खेर की 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू



3 जून 1981 को एक ऐसे शख्स ने मुंबई में कदम रखा, जो आज हिंदी सिनेमा की बड़ी पहचान बन चुका है। हम बात कर रहे हैं अनुपम खेर की, जिन्होंने अपने 43 साल के करियर में 550वीं फिल्म के आंकड़े को छू लिया है और अपने इतने लंबे करियर में उन्होंने कई तरह के उतार-चढ़ाव भी देखे। अब उन्होंने 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और इसका श्रेय अपने चाहने वालों को दिया है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने 1982 में आई फिल्म 'आगमन' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन 1984 में आई फिल्म 'सारांश' से उन्हें बड़ा ब्रेक मिला। किसे पता था कि 'सारांश' से सराहना पाने वाले अनुपम खेर हिंदी सिनेमा पर राज करेंगे? अब साल 2025 में अभिनेता ने अपनी 550वीं फिल्म 'खोसला का घोसला-2' की शूटिंग शुरू कर दी है, जो उनके जीवन और करियर की बड़ी उपलब्धि है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया है।

उन्होंने पोस्ट में बताया, आज जब मैं अपनी 550वीं फिल्म खोसला का घोसला-2 की शूटिंग शुरू कर रहा हूं, मेरा दिल कृतज्ञता और आभार से भरा है। जब मैं 3 जून 1981 को सपनों के शहर मुंबई पहुंचा था, तब मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं 550 फिल्मों का यह मुकाम हासिल करूंगा। लेकिन आज मैं दिल्ली में केकेजी-2 के लिए अपना पहला शॉट देने को तैयार हूं। आपको बता दूं कि मुझे सच में लगता है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है, करने के लिए बहुत कुछ है।

उन्होंने आगे लिखा, सपनों की कोई समय सीमा नहीं होती है। मेरा आशावाद, मेरा कभी हार न मानने वाला रवैया और मेरी कड़ी मेहनत करने की क्षमता ही मेरी सबसे बड़ी ताकत रही है, लेकिन इन सभी वर्षों में मेरा अस्तित्व केवल मेरे सभी निर्माताओं, निर्देशकों, सह-कलाकारों, तकनीशियनों और सबसे बढ़कर आप सभी दर्शकों के समर्थन के कारण ही संभव हो पाया है! आपके समर्थन के बिना इस मुकाम तक पहुंचना कभी संभव नहीं होता।

अभिनेता ने दर्शकों को 43 साल तक मनोरंजन किया है और इस बड़ी उपलब्धि में फैंस का भी योगदान है। फैंस भी मनोरंजन की इस लंबी यात्रा के लिए अभिनेता को बधाई दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, बहुत ही ऐतिहासिक सफर चल रहा है सर, इतने बड़े पैमाने तक टिक पाना और बने रहना, वो भी बिना टाइपकास्ट के। ये सभी के लिए एक प्रेरणा की तरह है।



# 'कुछ चीजों के लिए 'ना' कहना जरूरी', चित्रांगदा सिंह ने मना करने की अहमियत पर दिया जोर

फिल्म इंडस्ट्री में काम करना जितना चमक-दमक भरा दिखता है, उतना ही मुश्किल भी होता है। कौन सा प्रोजेक्ट करें और किसको रिजेक्ट करें, कई बार ये फैसले किसी कलाकार के पूरे करियर की दिशा तय कर देते हैं। इस मामले को लेकर अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि अपने करियर के दौरान 'ना' कहना सीखना उनके लिए सबसे अहम सीखों में से एक रहा है। चित्रांगदा सिंह ने कहा, ''अगर कोई कलाकार बार-बार खराब काम करता है, तो उसकी पहचान और विश्वसनीयता धीरे-धीरे कम हो जाती है। ऐसे में कुछ चीजों के लिए 'ना' कहना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह एक अभिनेता के रूप में आपकी इमेज को बचाए रख सकता है। खराब फिल्मों या कमजोर किरदारों को स्वीकार करने से कलाकार की छवि को नुकसान पहुंचता है।''

उन्होंने कहा, ''ऐसा जरूरी नहीं कि हर बार मना किया गया फैसला सही ही हो। कई बार ऐसा होता है कि कोई अच्छा प्रोजेक्ट हाथ से निकल जाता है और बाद में एहसास होता है कि वह एक गलती थी। लेकिन कई मौके ऐसे भी होते हैं, जब मैंने किसी फिल्म को मना किया और उस पर मुझे आज तक कोई पछतावा नहीं है। ऐसे फैसलों ने मुझे आत्मसंतोष दिया और करियर को एक सटीक दिशा दी।''

इंटरव्यू में चित्रांगदा सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी भी अभिनेता के स्टारडम में पूरी टीम की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, ''आखिरकार फिल्म सिर्फ एक अभिनेता से नहीं बनती, बल्कि निर्देशक, लेखक, एडिटर और पूरी क्रिएटिव टीम मिलकर उसे आकार देती है। निर्देशक का नजरिया, किरदार को देखने और दिखाने का तरीका, और एडिटिंग टेबल पर लिया गया फैसला, ये सभी चीजें किसी अभिनेता के प्रदर्शन को निखारने में मदद करती हैं।''

उन्होंने कहा, ''अच्छे फिल्मकारों के साथ काम करने से अभिनेता खुद-ब-खुद बेहतर बनता जाता है। जब निर्देशक की सोच मजबूत होती है और कहानी को ईमानदारी से पेश किया जाता है, तो कलाकार को भी अपने किरदार में गहराई दिखाने का मौका मिलता है। इसी कारण मेरे लिए सिर्फ स्क्रीन टाइम नहीं, बल्कि फिल्म की गुणवत्ता और टीम की सोच ज्यादा मायने रखती है।''

# अस्तित्व ने तुम्हें आनंद दिया है, दुख तुम्हारी अपनी खोज है : सुभाष घई



फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई अक्सर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ अपनी यादें, फिल्मी किस्से और जीवन के खास पल शेयर करके जुड़े रहते हैं। नए साल 2026 की शुरुआत पर भी सुभाष घई ने एक प्रेरणादायक पोस्ट करते हुए वैचारिक कैप्शन दिए। सुभाष भई ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस को जीवन में बदलाव और खुशी का संदेश दिया है। सुभाष घई ने लिखा, अगर जिंदगी आपसे आपके विचारों, व्यवहार, काम या अस्तित्व में कोई बड़ा बदलाव करने को कहे तो खुश रहने के लिए तुरंत वह बदलाव अपना लें। उनका मानना है कि खुशी हमारे हाथ में है और हमें नकारात्मकता छोड़कर सकारात्मक बदलाव अपनाना चाहिए। वह आगे कहते हैं, अस्तित्व ने हमें आनंद दिया है, लेकिन दुख हमारी खुद की खोज है। इसके साथ ही उन्होंने पोस्ट में फैंस को काम करते रहने और खुश रहने की सलाह दी। अंत में उन्होंने लिखा, काम करते रहें और खुश रहें। हैप्पी 2026।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने नए साल के लिए एक खूबसूरत कविता शेयर की है। उनकी यह रचना जीवन में बदलाव को स्वीकार करने और आनंद-प्रेम से जीने का संदेश देती है। यह कविता बताती है कि नया साल नई उम्मीद और दिशा लाता है। बदलाव को दिल से अपनाएं तो जीवन खुशियों से भर जाएगा। घई ने लिखा, युगों युगों से वैश्विक शक्ति यही दिखाती है, नव वर्ष तो आएगा एक नई दिशा दिखाएगा। स्वीकार करो हर परिवर्तन को अंतर्मन से। आनंद प्रेम से ये जीवन हर्षित हो जाएगा!

घई अक्सर अपनी फिल्मों से जुड़े किस्से भी साझा करते रहते हैं। उन्होंने हालिया पोस्ट में अपनी साल 2008 की फिल्म 'ब्लैक एंड व्हाइट' को लेकर दिल की बात कही थी। फिल्म को अपनी पसंदीदा बताते हुए घई ने मजेदार अंदाज में इसके पीछे की वजह भी बताई थी। सुभाष घई कालिचरण, विश्वनाथ, हीरो, कर्मा, राम लखन, सौदागर, खलनायक, परदेस और ताल जैसी सुपरहिट फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। उनकी फिल्में हमेशा संगीत, ड्रामा और इमोशंस का बेहतरीन मिश्रण रही हैं।

# टीवी की ताकत आज भी बरकरार

## अपरा मेहता ने छोटे पर्दे की लोकप्रियता पर साझा किए विचार



आज का दौर ऐसा है कि हर चीज मोबाइल और इंटरनेट पर मौजूद है। मनोरंजन डिजिटल रूप से मौजूद है, बावजूद इसके टीवी की लोकप्रियता बरकरार है। छोटे शहरों से लेकर बड़े शहरों तक, लाखों लोग हर दिन अपने पसंदीदा शो देखते हैं। इसी बीच, वरिष्ठ अभिनेत्री अपरा मेहता ने छोटे पर्दे की ताकत को लेकर अपने विचार साझा किए। वह इन दिनों सन नियो के शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी' में राजश्री का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि टीवी सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और सही संदेश पहुंचाने का प्रभावशाली माध्यम है। अपरा मेहता ने कहा, ''मैंने टीवी को बदलते हुए देखा है और इस बदलाव का हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है। मेरा मानना है कि जब कोई शो सही और सकारात्मक संदेश देता है, तो वह दर्शकों को सीधे जोड़ता है।''

उन्होंने कहा, ''टीवी अब पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन इसका असर खत्म नहीं हुआ है। इसकी पहुंच बहुत बड़ी है, और आज भी लाखों दर्शक नियमित रूप से टीवी देखते हैं। यही वजह है कि टीवी समाज में बदलाव लाने और सही संदेश फैलाने का एक मजबूत जरिया बना हुआ है।'' अपरा मेहता ने कहा, ''भारतीय टीवी की पहुंच अब पूरी दुनिया में है। विदेशों में रहने वाले भारतीय भी टीवी के जरिए अपने देश और उसकी कहानियों से जुड़ते हैं। शायद वे हर फिल्म नहीं देखते, लेकिन टीवी शोज जरूर देखते हैं। इसलिए हमारे लिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम आज की सच्चाई को अपनी कहानी के जरिए दिखाएं, न कि पुरानी सोच को दोहराएं।''

अपरा मेहता ने अपने वर्तमान शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी' के बारे में बात करते हुए कहा, ''इसमें मैं एक ऐसी सामाजिक सोच को पेश कर रही हूं, जो आज भी कई जगहों पर मौजूद है। मेरे किरदार का मानना है कि लड़कियों को पढ़ने की जरूरत नहीं है। लेकिन, कहानी और मुख्य किरदारों के जरिए यह शो दर्शकों को मजबूत संदेश देता है कि लड़कियों की शिक्षा बेहद जरूरी है। आज भी कई जगह लड़कियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता। ऐसे में इस तरह के संदेश फैलाना बहुत जरूरी है।'' शो की कहानी राजस्थान के एक गांव की लड़की घेवर के इर्द-गिर्द घूमती है। घेवर की जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके परिवार में एक नवजात बच्चा आता है। यह बच्चा दो अलग-अलग दुनिया और दो जिंदगियों को एक साथ जोड़ता है। घेवर अपने हौसले, हिम्मत और समझदारी से परिवार और अपने सपनों की रक्षा करती है। कहानी में प्यार, त्याग और रहस्य का मिश्रण है, जो दर्शकों को हर पल स्क्रीन से जोड़े रखता है।

# बॉलीवुड इस साल रिलीज को तैयार, सलमान-शाहरुख दिखाएंगे जलवा

एक्शन, थ्रिलर, कॉमेडी, हॉरर और माइथोलॉजिकल जॉनर की फिल्मों के साथ साल 2026 बॉलीवुड के लिए शानदार होने वाला है। कई बड़ी और मोस्ट अवेटेड फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। इनमें सलमान खान, शाहरुख खान के साथ ही अक्षय कुमार की फिल्म भी शामिल हैं। इस साल भी 'धुरंधर' का खुमार उतरने वाला नहीं है। वहीं, रिलीज होने वाली फिल्मों में से कुछ के ट्रेलर-टीजर पहले ही मेकर्स ने जारी कर दिए हैं। ऐसे में दर्शक इन फिल्मों की रिलीज को लेकर खासा उत्साहित हैं। इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट काफी लंबी है।

**बॉर्डर 2 :-** साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है 'बॉर्डर 2'। यह युद्ध पर आधारित देशभक्तिपूर्ण कहानी है, जिसमें सनी देओल फिर से दमदार भूमिका में लौट रहे हैं। उनके साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में 1971 के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि दिखाई जाएगी। निर्देशक अनुराग सिंह की फिल्म एक्शन से भरपूर है, जो 23 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी।

**ओ' रोमियो :-** विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी ओ' रोमियो एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें रोमांस का तड़का भी है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म 13 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म मुंबई की अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। इसमें नाना पाटेकर भी अहम भूमिका में हैं। वेलेंटाइन वीक में रिलीज हो रही फिल्म में एक्शन और इमोशंस के साथ रोमांस भी देखने को मिलेगा।

**मर्दानी 3 :-** रानी मुखर्जी की फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होगी। पॉपुलर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म में वह फिर से बहादुर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में नजर आएंगी। यह एक डार्क, ब्रूटल और डेडली थ्रिलर है, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर फोकस करेगी। इसके निर्देशक अभिराज मिनावाला हैं। फिल्म होली के आसपास रिलीज हो रही है, जो अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है।

**गबरू :-** सनी देओल की फिल्म 13 मार्च को थिएटर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में सनी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि सिमरन और प्रीत कामनी भी अहम रोल में हैं। इसके निर्देशक और लेखक शशांक उदापुरकर हैं। यह फिल्म व्यक्तिगत संघर्षों और मानवीय मजबूती की कहानी पेश करती है।

**धुरंधर 2:-** रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ईद के मौके पर 19 मार्च को रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

**भूत बंगला :-** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी 14 साल बाद भूत बंगला के साथ वापसी कर रही है। 2 अप्रैल को हॉरर-कॉमेडी फिल्म रिलीज होगी, जिसमें अक्षय लीड रोल में हैं। उनके साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार हैं। फिल्म में हंसी और डर का मिश्रण होगा।

**बैटल ऑफ गलवान :-** सलमान खान की फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' 17 अप्रैल को रिलीज होगी। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह हैं। यह फिल्म साल 2020 की गलवान घाटी की वास्तविक घटना पर आधारित है, जहां भारतीय सैनिकों ने चीनी सेना के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। कर्नल बी. संतोष बाबू की वीरता को केंद्र में रखकर फिल्म सैनिकों के बलिदान को सलाम करती है।







**आवारापन 2 :-** साल 2007 की फिल्म की सीक्वल अप्रैल में रिलीज होगी। इमरान हाशमी फिर से शिवम के रोल में लौट रहे हैं। उनके साथ दिशा पाटनी और शबाना आजमी मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्देशक नितिन कक्कड़ की फिल्म एक्शन और रोमांस से भरपूर है, जिसमें इमोशंस की गहराई होगी।

**अल्फा :-** यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल-लीड फिल्म है अल्फा। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ सुपर एजेंट्स के रोल में हैं, जबकि बॉबी देओल विलेन के किरदार में हैं। निर्देशक शिव रावल की फिल्म में अनिल कपूर अहम भूमिका में हैं। हाई-स्टेक्स एक्शन और ट्विस्ट्स से भरपूर यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट दो बार टल चुकी है। मेकर्स ने फाइनल डेट अनाउंस नहीं की है।

**रामायण :-** नितेश तिवारी की फिल्म इसी साल रिलीज होगी। यह रामायण महाकाव्य का पहला भाग है, जिसमें रणबीर कपूर राम, साई पल्लवी सीता और यश रावण के रोल में हैं। यह प्राचीन महाकाव्य की आधुनिक और भव्य प्रस्तुति है।

**फौजी:-** प्रभास की फिल्म फौजी पीरियड एक्शन ड्रामा है, जो 1940 के ब्रिटिश इंडिया की पृष्ठभूमि पर सेट है। हनु राघवपुडी निर्देशित इस फिल्म में प्रभास एक विद्रोही सैनिक की दमदार भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली है।

**किंग :-** साल 2026 शाहरुख खान के फैंस के लिए भी खास है। अभिनेता की फिल्म 'किंग' रिलीज होगी। खास बात है कि फिल्म में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी।

# आज से माघ मास आरंभ

हिन्दी पंचांग का 11वां महीना माघ 4 जनवरी से शुरु हो रहा है और 1 फरवरी तक रहेगा। ये महीना धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत खास है। इस महीने में किए गए पूजन, तीर्थ दर्शन और नदी स्नान से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। इस महीने में तिल-गुड़ का सेवन खासतौर पर करना चाहिए। माघ मास में प्रयाग राज में स्नान करने का महत्व काफी अधिक है। जो लोग इस माह में प्रयाग में स्नान करते हैं, उन्हें अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य फल मिलता है। इस शुभ काम से भगवान विष्णु की भी विशेष कृपा मिलती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि माघ मास में नदी स्नान करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इस महीने में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने और नदी में नहाने का महत्व बताया गया है। इस पवित्र महीने के दौरान नदियों में नहाने से ही पुण्य मिल जाता है। क्योंकि पुराणों में कहा गया है कि माघ महीने के दौरान गंगाजल में भगवान विष्णु का कुछ अंश रहता है। वैसे तो पूरे साल में किसी भी दिन गंगा स्नान करना शुभ ही होता है, लेकिन माघ महीने में इसका महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है। इस पवित्र महीने में गंगा का नाम लेकर नहाने से गंगा स्नान का फल मिलता है। इस महीने में प्रयाग, काशी, नैमिषारण्य, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार या अन्य पवित्र तीर्थों और नदियों में स्नान का बहुत महत्व है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि ये महीना पूजा-पाठ के साथ ही दान-पुण्य और सेहत सुधारने का समय है। इन दिनों में जीवन शैली में किए गए बदलाव से सकारात्मक फल मिलते हैं। माघ मास में तीर्थ दर्शन के साथ ही नदियों में स्नान करने की परंपरा है। अगर नदी में स्नान नहीं कर पा रहे हैं तो अपने घर पर ही पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। ऐसा करने से भी नदी स्नान के समान पुण्य मिल सकता है। घर पर गंगाजल से स्नान करने के बाद सूर्य को अर्घ्य जरूर चढ़ाएं। ध्यान रखें अर्घ्य देने के लिए ऐसी जगह का चयन करें, जहां सूर्य को चढ़ाया हुआ जल पर किसी के पैर न लगे। इसके बाद घर के मंदिर में अपने इष्टदेव की पूजा करें, मंत्र जप करें।

### करें शुभ काम

माघ महीने में श्रीमद् भगवद् गीता और रामायण का पाठ करना चाहिए। इस माह में रोज सुबह स्नान के बाद घर के मंदिर में धूप-दीप जलाएं, पूजा करें। ग्रंथों का पाठ करें। मंत्र जप करें। माघ माह में प्रयाग में स्नान करने नहीं जा पा रहे हैं तो अपने शहर में या शहर के आसपास किसी नदी में स्नान कर सकते हैं। इस महीने में प्रयागराज के साथ ही हरिद्वार, काशी, मथुरा, उज्जैन जैसे धार्मिक शहरों में काफी भक्त पहुंचते हैं। इस माह में तीर्थ दर्शन करने की भी परंपरा है। किसी ज्योतिर्लिंग, शक्तिपीठ, चारधाम या किसी अन्य प्राचीन मंदिर में दर्शन किए जा सकते हैं। पूजा-पाठ के साथ ही इस महीने में जरूरतमंद लोगों को धन और अनाज का दान जरूर करें। अभी ठंड का समय है तो इन दिनों में कंबल, तिल-गुड़ का दान जरूर करें। किसी गौशाला में पैसों के साथ ही हरी घास भी दान करनी चाहिए। इस माह में रोज सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद सूर्य को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं। भगवान गणेश, विष्णु जी, श्रीकृष्ण, शिवजी, देवी मां की पूजा करें।

## 4 जनवरी से 1 फरवरी तक रहेगा पुण्य देने वाला माघ मास
## माघ मास में स्नान-दान से मिलता है कई यज्ञ करने जितना पुण्य



### पुराणों में महत्व

पद्म, स्कंद और ब्रह्मवैवर्त पुराण में बताया गया है कि माघ महीने में जब सूर्य मकर राशि में होता है तब सुबह जल्दी उठकर पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। महाभारत और अन्य ग्रंथों में भी इस हिंदी महीने का महत्व बताया गया है। महाभारत के अनुशासन पर्व में कहा गया है कि जो माघ महीने में नियम से एक समय भोजन करता है, वो धनवान कुल में जन्म लेकर अपने कुटुम्बीजनों में महत्व को प्राप्त होता है। इसी अध्याय में कहा गया है कि माघ महीने की द्वादशी तिथि को दिन-रात उपवास करके भगवान माधव की पूजा करने से उपासक को राजसूय यज्ञ का फल मिलता है और वो अपने कुल का उद्धार करता है।

### सुख-सौभाग्य और मोक्ष देने वाला महीना

माघ मास में हर दिन प्रयाग संगम पर नहाने से सुख, सौभाग्य, धन और संतान प्राप्ति होती है और मृत्यु के बाद मोक्ष भी मिल जाता है। भगवान विष्णु का धाम मिलता है। पूरे माघ महीने में प्रयागराज के संगम में नहाने से कई यज्ञों को करने जितना पुण्य भी मिलता है। साथ ही सोना, भूमि और गौदान करने का पुण्य भी माघ मास में तीर्थ स्नान करने से मिलता है। सूर्योदय से पहले गंगा में स्नान करने के बाद पूजा और सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। अगर गंगा स्नान के लिए जाना संभव न हो तो घर में नहाने के पानी में गंगाजल की कुछ बूंदें मिलाकर भी कर सकते हैं। इसके बाद पूजा-पाठ करके साधु-संतों और जरूरमंतों को दान देना चाहिए। ऐसा करने से जाने-अनजाने में हुए पापों से मुक्ति मिलती है। इससे हमारे भाग्य के द्वार खुलते हैं।

### श्रीकृष्ण पूजा

धर्म ग्रंथों के मुताबिक, इस महीने में भगवान कृष्ण की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। माघ में श्रीकृष्ण की पूजा से पहले सुबह तिल, जल, फूल और कुश लेकर पूजा का संकल्प लेना चाहिए। फिर श्रीकृष्ण की प्रार्थना और पूजा करें। घर में शुद्धता से बने पकवानों का भोग लगाएं। उसमें तुलसी के पत्ते जरूर डालें। माना जाता है इस तरह पूरे महीने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से हर तरह की परेशानियां दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि रहती है।

### व्रत और पूजा

माघ महीने में भगवान विष्णु के वासुदेव रूप की पूजा की जाती है। साथ ही उगते हुए सूरज को अर्घ्य देना चाहिए। इस महीने सूर्य के त्वष्टा रूप की पूजा करनी चाहिए। पुराणों में बताया गया है कि इस महीने में भगवान कृष्ण और शिवजी की पूजा भी करनी चाहिए। शिव पूजा में तिल के तेल का दीपक लगाने से शारीरिक परेशानियां नहीं होती। धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि माघ महीने के दौरान मंगल और गुरुवार का व्रत करने का विशेष फल मिलता है।

### स्नान-दान

महाभारत और अन्य पुराणों में कहा गया है कि इस महीने में सूर्योदय से पहले उठकर गंगा या अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। लेकिन महामारी के दौर को देखते हुए विद्वानों का कहना है कि ऐसा न हो पाए तो घर पर ही पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे डालकर नहाने से तीर्थ स्नान का पुण्य मिल जाता है। साथ ही पानी में तिल डालकर नहाना चाहिए। इससे कई जन्मों के पाप खत्म होते हैं। इस महीने तांबे के बर्तन में तिल भरकर दान करना चाहिए।

### महाभारत में माघ का महत्व

महाभारत और अन्य ग्रंथों में माघ मास के महत्व के बारे में बताया गया है। महाभारत के अनुशासन पर्व के अनुसार जो माघ मास में नियम से एक वक्त खाना खाता है, वो धनवान कुल में जन्म लेकर अपने परिवार में महत्वपूर्ण होता है। इसी अध्याय में कहा गया है कि माघ मास की द्वादशी तिथि को दिन-रात उपवास करके भगवान माधव की पूजा करने से उपासक को राजसूय यज्ञ का फल प्राप्त होता है और वह अपने कुल का उद्धार करता है।

### माघ मास की कथा

प्राचीन काल में नर्मदा किनारे सुव्रत नाम का ब्राह्मण रहता था। वो वेद, धर्मशास्त्रों और पुराणों के जानकार थे। कई देशों की भाषाएं और लिपियां भी जानते थे। इतने विद्वान होते उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग धर्म के कामों में नहीं किया। पूरा जीवन केवल धन कमाने में ही गवां दिया। जब वो बूढ़े हुए तो याद आया कि मैंने धन तो बहुत कमाया, लेकिन परलोक सुधारने वाला कोई काम नहीं किया। ये सोचकर दुखी होने लगे। उसी रात चोरों ने उनका धन चुरा लिया, लेकिन सुव्रत को इसका दु:ख नहीं हुआ क्योंकि वो तो परमात्मा को पाने का उपाय सोच रहे थे। तभी सुव्रत को एक श्लोक याद आया-

**माघे निमग्ना: सलिले सुशीते विमुक्तपापास्त्रिदिवं प्रयान्ति।**

उनको अपने उद्धार का मूल मंत्र मिल गया। फिर उन्होंने माघ स्नान का संकल्प लिया और नौ दिनों तक सुबह जल्दी नर्मदा के पानी में स्नान किया। दसवें दिन नहाने के बाद उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया। सुव्रत ने जीवन भर कोई अच्छा काम नहीं किया था, लेकिन माघ में स्नान के बाद उनका मन निर्मल हो चुका था। जब उन्होंने प्राण त्यागे तो उन्हें लेने दिव्य विमान आया। उस पर बैठकर वो स्वर्ग चले गए।

### कल्पवास

कल्पवास एक महीने का समय होता है। यानी पौष पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक ये तपस्या की जाती है। जिसमें गंगा-यमुना संगम के किनारे एकांत में नियम-संयम से रहकर व्रत-पूजा और स्नान-दान किया जाता हैं। साथ ही उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इस दौरान लोग गंगा में हर रोज आस्था की डुबकी लगाते हैं। एक दिन में तीन बार स्नान करते हैं और 24 घंटे में एक ही बार भोजन करते हैं। इसमें एक महीने तक लोग भक्ति करते हैं और साधारण जीवन जीते हैं।

### कल्पवास से मिलता है पुण्य

जो लोग कल्पवास में रहते हैं उन्हें पूरे महीने काम, क्रोध, मोह, माया से दूर रहने का संकल्प लेना होता है। पुराणों के मुताबिक ऐसा करने से हर तरह के पाप खत्म होते हैं। ग्रंथों में ये भी बताया है कि कल्पवास करने वाले को कई यज्ञ और ब्रह्मा की तपस्या करने के बराबर फल मिलता है।

### दान का महत्व

पद्म और स्कंद पुराण में कहा गया है कि इस महीने में पवित्र नदियों में स्नान के साथ जरूरतमंद लोगों को दान भी देना चाहिए। इन दिनों ठंड से बचने के लिए जरुरतमंद लोगों को ऊनी कपड़े और कंबल का दान देना चाहिए। साथ ही गुड़, तिल और अन्य खाने की चीजें भी दान करनी चाहिए। आग तापने के लिए लकड़ी भी दी जा सकती है। साथ ही माघ मास में धन और अनाज का दान करने से अनंत पुण्य फल मिलता है।

### माघ मास का महत्व

पद्म पुराण में माघ महीने का महत्व बताया गया है। इस पुराण में बताया गया है कि माघ में तीर्थ स्नान करने से 14 तरह के दान करने जितना पुण्य मिलता है। पुराणों में बताया गया है कि कार्तिक मास में एक हजार बार गंगा स्नान का उतना ही महत्व है जितना माघ महीने में सौ बार स्नान करने से मिलता है। इसके साथ ही माघ महीने में उगते सूरज को जल चढ़ाने से बीमारियां दूर होने लगती है और उम्र भी बढ़ती है। वैसे तो हिन्दी कैलंडर में आने वाले हर महीने का अपना एक अलग महत्व है लेकिन माघ मास को लेकर एक पौराणिक कथा भी जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार माघ मास में गौतमऋषि ने इन्द्रेदव का श्राप दिया था। क्षमा याचं करने के बाद उन्हें गौतम ऋषि ने माघ मास में गंगा स्नान कर प्रायश्चित करने को कहा। तब इन्द्रदेव माघ मास में गंगा स्नान किया था, जिसके फलस्वरूप इन्द्रदेव श्राप से मुक्ति मिली थी। इसलिए इस महीनें में माघी पूर्णिमा व माघी अमावस्या के दिन का स्नान पवित्र माना जाता है।

राशि अनुसार माघ मास में शुभ काम करना चाहिए। माघ मास में किए गए शुभ कामों से जीवन में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं। राशि अनुसार किए गए शुभ कामों से कुंडली से संबंधित ग्रह दोष शांत हो सकते हैं।

**मेष राशि** –पानी में लाल फूल डालकर स्नान करना चाहिए। लाल मसूर दान करें।

**वृषभ राशि**–पानी में दूध डालकर स्नान करें। शिव जी को खीर का भोग लगाएं।

**मिथुन राशि**–पानी में थोड़ा सा गन्ने का रस मिलाकर स्नान करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को हरे मूंग का दान करना चाहिए।

**कर्क राशि** – जल में थोड़ा सा गाय का दूध मिलाकर स्नान करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को आटे का दान करें।

**सिंह राशि** – पानी में थोड़ा सा केसर मिलाएं और स्नान करें। तांबे के लोटे का और अनाज का दान करें।

**कन्या राशि** – पानी में शहद मिलाकर स्नान करना चाहिए। किसी मंदिर में हरे मूंग का दान करें।

**तुला राशि** – पानी में दूध मिलाकर स्नान करें। खीर का दान करें।

**वृश्चिक राशि** – पानी में थोड़ा सा लाल चंदन मिलाकर स्नान करना चाहिए। जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन कराएं।

**धनु राशि** – पानी में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर स्नान करें। चने की दाल का दान जरूरतमंद लोगों को करें।

**मकर राशि**– पानी में काले तिल मिलाकर स्नान करें। स्नान के बाद गरीबों को पूड़ी-सब्जी खिलाएं।

**कुंभ राशि** – पानी में काले तिल मिलाकर स्नान करें। स्नान के बाद गरीबों को पूड़ी-सब्जी खिलाएं।

**मीन राशि** – पानी में हल्दी मिलाकर स्नान करें। किसी गरीब व्यक्ति को हल्दी और पीले वस्त्र का दान करें।

### माघ महीने के त्यौहार

04 जनवरी 2026, रविवार, माघ मास आरंभ

06 जनवरी 2026, मंगलवार, संकष्टी चतुर्थी

14 जनवरी 2026, बुधवार, षटतिला एकादशी, मकर संक्रांति / उत्तरायण

16 जनवरी 2026, शुक्रवार, प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि

18 जनवरी 2026, रविवार, माघ अमावस्या

23 जनवरी 2026, शुक्रवार, बसंत पंचमी / सरस्वती पूजा

29 जनवरी 2026, गुरुवार, जया एकादशी

30 जनवरी 2026, शुक्रवार, प्रदोष व्रत

01 फरवरी 2026, रविवार, माघ पूर्णिमा व्रत



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

## त्रिपुष्कर और सर्वार्थ सिद्धि योग का बन रहा संगम, जानें कब से रहेगा राहुकाल




कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 4 जनवरी रविवार के दिन से पावन माघ का महीना शुरू हो गया है। आध्यात्मिक दृष्टि से माघ का महीना अतिफलदायक होता है। इस पूरे महीने पवित्र नदी में स्नान कर सारे पापों से मुक्ति मिल सकती है। इसके अलावा, कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, तिथि 4 जनवरी को बड़े शुभ योग बन रहे हैं।

4 जनवरी को त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जिसमें हर तरह का शुभ कार्य किया जा सकता है, जैसे नया वाहन खरीदना, नया घर खरीदना, या कोई नया व्यापार भी शुरू कर सकते हैं। शुभ मुहूर्त की बात करें तो अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से लेकर 12 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 5 बजकर 35 मिनट से लेकर 6 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। अमृत काल मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 1 मिनट से लेकर 2 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 10 मिनट से लेकर 2 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। वहीं ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 26 मिनट से लेकर 6 बजकर 20 मिनट तक रहेगा।

अशुभ मुहूर्त की बात करें तो रविवार को भद्रा का साया नहीं रहेगा, जबकि राहुकाल शाम 4 बजकर 20 मिनट से लेकर 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। गुलिक काल दोपहर 3 बजकर 2 मिनट से लेकर 4 बजकर 20 मिनट तक रहेगा, जबकि यमगण्ड काल दोपहर 12 बजकर 26 मिनट से लेकर 1 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। दुर्मुहूर्त शाम 4 बजकर 15 मिनट से लेकर 4 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। आडल योग सुबह 7 बजकर 15 मिनट से लेकर दोपहर 3 बजकर 15 मिनट तक रहेगा।

रविवार के दिन भद्रा का साया नहीं रहने वाला है।

रविवार को सूर्योदय सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 38 मिनट पर होगा। बात अगर चन्द्रोदय की करें तो वह शाम 6 बजकर 40 मिनट पर होगा और अगले दिन यानी 5 जनवरी की सुबह 8 बजकर 9 मिनट तक रहेगा। रविवार के दिन दिशाशूल पश्चिम दिशा में रहेगा। रविवार के दिन पूर्व दिशा की यात्रा करने से बचें।

रविवार को लगने वाले त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि योग को बहुत शुभ सहयोग माना है। त्रिपुष्कर योग दोपहर 12 बजकर 29 मिनट से लेकर 3 बजकर 11 मिनट तक रहेगा, जबकि सर्वार्थ सिद्धि योग दोपहर 3 बजकर 11 मिनट से लेकर सुबह 7 बजकर 15 मिनट (5 जनवरी) तक रहेगा।

## तीर्थराज प्रयागराज में कल्पवास, मुक्ति की साधना और कायाकल्प का विज्ञान

तीर्थराज प्रयाग का माघ मेला केवल नदियों का संगम न होकर आस्था, दर्शन, अध्यात्म और भारतीय संस्कृति की विविध धाराओं का अनुपम समन्वय है। माघ मास में संगम तट पर किया जाने वाला कल्पवास एक गहन आध्यात्मिक व्रत है, जिसका उद्देश्य केवल स्नान या पूजा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, मानसिक संतुलन और मोक्ष की कामना है। यह परम्परा सदियों से चली आ रही है और आज भी उतनी ही जीवंत है।

**क्या है कल्पवास का अर्थ** – कल्पवास का अर्थ है, प्रयागराज जैसे पवित्र तीर्थ पर एक मास तक संयमित जीवन व्यतीत करना। इस कठिन व्रत में सूर्योदय से पूर्व स्नान, संयमित आहार, ब्रह्मचर्य, नियमित जप-तप, भजन-कीर्तन और साधना का विधान है। यद्यपि शास्त्रों में दिन में तीन बार स्नान का उल्लेख मिलता है, पर सामान्यत: लोग प्रात: और सायं स्नान करते हैं। कल्पवास का समापन विधिवत् उद्यापन के साथ किया जाता है। मान्यता है कि जो साधक बारह वर्षों तक निरंतर कल्पवास करता है, वह मोक्ष का अधिकारी बनता है। 'कल्प' शब्द का अर्थ केवल सृष्टि-चक्र से ही नहीं, अपितु 'कायाकल्प' से भी जुड़ा है। आयुर्वेद में कल्प- चिकित्सा के माध्यम से शरीर-शोधन और दीर्घायु की प्रक्रिया बताई गई है। गंगा तट पर रहकर गंगाजल का सेवन, सात्त्विक आहार, सूर्य अर्घ्य, स्नान और नियमित साधना शरीर एवं मन को शुद्ध कर आध्यात्मिक चेतना से जोड़ती है।



यही कल्पवास का वैज्ञानिक पक्ष है, जहां0 अनुशासित जीवनशैली के माध्यम से शरीर और मन का पुनर्निर्माण होता है। मकर संक्रांति के बाद सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, उत्तरायण सूर्य के सान्निध्य में गंगा तट पर निवास, संतों का सान्निध्य और उनके उपदेश साधक को काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर, इन छह विकारों से मुक्त होने की दिशा में प्रेरित करता है। कल्पवास साधक को वर्ष भर के लिए नई ऊर्जा, शांति और विवेक प्रदान करता है। लौटकर कल्पवासी अपने अनुभवों और ज्ञान को समाज में प्रसारित करते हैं, इस प्रकार वे भारतीय संस्कृति का संवाहक बन जाते हैं। संगम क्षेत्र को 'अक्षय क्षेत्र' कहा गया है, जहां किया गया धर्म-कर्म कभी क्षीण नहीं होता। यही कारण है कि कल्पवास की यह पावन परम्परा युगों से अविच्छिन्न रूप से चली आ रही है।

## पूरे साल में लगेंगे 4 ग्रहण, सिर्फ एक का ही सूतक काल भारत में होगा मान्य

साल 2026 शुरू हो चुका है और इस साल खगोलशास्त्र के शौकीनों के लिए कुछ खास लेकर आया है। इस साल कुल चार ग्रहण होंगे, दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण, लेकिन ये चारों ग्रहण भारत में समान रूप से दिखाई नहीं देंगे। भारत में सिर्फ एक चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। बाकी के तीन ग्रहण या तो हमारे देश से दिखाई नहीं देंगे या फिर इनका असर इतना कम होगा कि इसे देख पाना मुश्किल होगा। साल का पहला ग्रहण 17 फरवरी को होगा। यह एक सूर्य ग्रहण है, जिसे वलयाकार सूर्य ग्रहण या 'रिंग ऑफ फायर' कहा जाता है। इस ग्रहण में सूर्य का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा ढक जाएगा और यह लगभग 2 मिनट 20 सेकेंड तक रहेगा। यह ग्रहण दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण अर्जेंटीना और अंटार्कटिका में दिखेगा। भारत में यह दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका सूतक काल भी लागू नहीं होगा।

इसके बाद 3 मार्च 2026 को साल का पहला चंद्र ग्रहण लगेगा और यह भारत में पूरी तरह दिखाई देगा। यही वह ग्रहण है जिसे हम सीधे देख पाएंगे। यह चंद्र ग्रहण लगभग



58 मिनट तक रहेगा और इस दौरान चंद्रमा लाल रंग का नजर आएगा। इसे लोग ब्लड मून भी कहते हैं। खगोलशास्त्र के हिसाब से यह 2029 से पहले का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। इस ग्रहण का सूतक काल भारत में मान्य होगा, यानी धार्मिक और पारंपरिक हिसाब से इसका महत्व भी रहेगा।

तीसरा ग्रहण 29 जुलाई को लगेगा। यह भी सूर्य ग्रहण होगा, लेकिन अफसोस की बात यह है कि यह भारत में दिखाई नहीं देगा। इसे देखने के लिए अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में रहना पड़ेगा। चूंकि भारत में यह दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी यहां मान्य नहीं होगा।

साल का चौथा और आखिरी ग्रहण 28 अगस्त को होगा। यह दूसरा चंद्र ग्रहण है, जो उत्तर और दक्षिण अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा, लेकिन भारत से इसे देखा नहीं जा सकेगा। इसका भी सूतक काल भारत में मान्य नहीं होगा।

कुल मिलाकर साल 2026 में चार ग्रहण होंगे, लेकिन भारत में केवल 3 मार्च का पूर्ण चंद्र ग्रहण ही दिखाई देगा।

खेल के मैदान में जाने से पहले ही जो जीता हुआ हो, वो ही तो है सच्चा विजेता। नहीं समझे। अरे भई! अपने आत्मविश्वास के जरिए हर चुनौती पर खरा उतरने की क्षमता वाले इस शख्स मैट के बारे में जानेंगे तो समझ भी जाएंगे...

# सच्चे विजेता हैं ये !



**कामयाब** तीरंदाज बनने के लिए क्या चाहिए आपको???...सही है, मौसम का साथ और निशाना साधने की क्षमता तो चाहिए ही। पर जरा सोचिए, यदि हाथ ही न हो तो क्या निशाना साध पाएंगे आप?...अरे! हां जरूर साध पाएंगे, बस जरा सी मेहनत ढेर सारी लगन के साथ। यकीन नहीं होता न हमारी बात का। तो चलिए हम आपको मिलवाते हैं ऐसे ही एक शख्स से जो इन दोनों बातों के बल पर ही न सिर्फ अपने निशाने का पक्का है

बल्कि अपने नाम विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज करवा चुका है। धुन के धनी इस व्यक्ति का नाम है मैट स्ट्टजमैन। मैट का जन्म बिना हाथों के हुआ था, लेकिन अभी इनके नाम सबसे लम्बी दूरी (230 यार्ड) का निशाना साधने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस बार के पैराओलम्पिक में तीरंदाजी टीम के सदस्य भी हैं।

**दिल से...**

मेरा नाम मैट है, ये सब आप जान ही गए हैं। मेरा जन्म तो हुआ था बिना हाथों के, पर भगवान ने मुझे दो बेहतरीन तोहफों से नवाजा। पहले हैं मेरे अभिभावक, जिन्होंने मुझे बताया कि असंभव तो कुछ भी नहीं। और दूसरी है मेरी पत्नी, जो मुझमे नई शक्ति का संचार करती है। अपने हर प्रदर्शन के पहले अपने पूरे परिवार का ध्यान करता हूं, और उनकी आंखों में दिखने वाली शक्ति से मुझमें नई ऊर्जा प्रवाहित होने लगती है। मेरे हाथ न होने का कभी भी मलाल नहीं रहा, क्योंकि मेरे शरीर का सबसे ज्यादा ताकतवर हिस्सा मेरे पैर हैं। मजेदार बात तो यह है कि मेरा घर मेरे मुताबिक भी नहीं बनाया गया। बल्कि मैंने खुद को उसके मुताबिक तैयार किया है। मैं सामान्य जिंदगी जीता हूं। मेरे तीन बच्चे हैं, उनका पूरा ख्याल रख लेता हूं। उनके डायपर चेंज करने के अलावा उनको दूध या पानी जैसी वस्तुएं भी सर्व करता हूं।

**ऐसे साधते हैं निशाना**

आपके दिमाग में ये बात जरूर चल रही होगी कि बिना हाथ के भला कैसे निशाना साधा जा सकता है?...दरअसल, मैट एक स्टूल पर बैठ जाते हैं और एक पैर को जमीन पर रखकर खुद को संतुलित करते हैं। अब दूसरे पैर से अपने धनुष को संभालते हैं। अब निशाना साधने के लिए बाणों को कंधों के बीच दबाते हैं। निशाना सटीक होने के लिए कुछ देर तक उसे नाक की सीध से देखते हैं। और जब छोड़ते हैं अपने तीर को यूं सन्न से करके तो वह अपने तयशुदा स्थान पर लगता है।



**क्या है पैरा ओलम्पिक**

जैसा कि आप जानते ही हैं कि कुछ दिनों बाद खेलों का महाकुंभ यानी ओलम्पिक शुरू होने वाला है। तभी आयोजित होता है पैराओलम्पिक भी। दरअसल, 1976 में पैराओलम्पिक की नींव रखी गई थी। पहला पैराओलम्पिक स्वीडन में हुआ था। हालांकि, इसकी शुरुआत पचास वर्ष पूर्व ही इग्लैंड में की जा चुकी थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद डॉक्टर लुडविंग गुटमैन ने शारीरिक विकलांगों को मुख्य धारा से जोड़ने की नियम से इसे शुरू किया था। उनका मानना था कि खेलें आत्मविश्वास बढ़ाने का बढ़िया तरीका हैं।


- ऑस्कर पिस्टोरियसबिना पैरों के तेज धावक। 25 वर्षीय ऑस्कर 100, 200, और 400 मीटर की पैराओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं में कई गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। इस बार भी ये कारनामा करने को उत्सुक हैं।
- डेनियल ब्राउनमैट के अलावा डेनियल भी इग्लैंड की टीम की तरफ से आर्चरी टीम में शामिल हैं। 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में और 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स में बेहतर प्रदर्शन किया था।

## कविता



### बादल आए

बादल आए, बारिश लाए,
मौसम सुहावना होता जाए।
पानी से भर गई गली-नालियां,
झूमे फसलों की डालियां।
सारी धरती ही लहराए, बादल आए...।
छाई घटाएं मोर नाचता,
खुशी में सारे पंख खोलता।
खुशियों के वह गीत सुनाए, बादल आए...।
झड़ी सावन की जब भी लगे,
बारिश में नहा के दिल न भरे।
नहाने से कोई ना हटाए, बादल आए...।
तेज-तेज बरसें बौछारें,
पंछी गाते पंख पसारे।
कुदरत सारी खुशी मनाए, बादल आए...।



## क्या आप जानते हैं?

# अरे! मान भी जाओ



- सऊदी अरब का क्षेत्रफल 830000 वर्गमीटर है, पर उसमें एक भी नदी नहीं है।
- ऊंट के शरीर में पित्ताशय नहीं होता।
- दुनिया में इजराइल एकमात्र ऐसा देश है जहां महिलाओं के लिए सैनिक शिक्षा अनिवार्य है।
- सेलफिश पानी में इतनी तेजी से दौड़ सकती है जितनी तेजी से घोड़ा जमीन पर दौड़ सकता है।
- केंचुए के शरीर में चार जोड़ी हृदय होते हैं।
- विश्व में चीन एक ऐसा देश है जिसकी सर्वाधिक सीमाएं हैं, 13 देशों की सीमाओं से जुड़ा हुआ है।
- कॉकरोच के एक अंड कवच में 16 अंडे होते हैं।
- मेलकिन पक्षी की निचली चोंच में एक प्राकृतिक थैला होता है, जिसमें करीब 5 लीटर पानी या 4 किलोग्राम मछलियां समा सकती हैं।
- बच्चों के द्वारा चबाने वाला चुइंगम 'सैपोडिल्ला' नामक वृक्ष के दूध को जमाकर बनाया जाता है। इसके वृक्ष मैक्सिको और मध्य अमेरिका में पाए जाते हैं।
- टाइटैनिक पहला जहाज था, जिसमें एसओएस सिग्नल का प्रयोग किया गया था।
- विश्व में सबसे सुन्दर गुलाब के फूलों की घाटी बुल्गारिया में है।
- सीधे हाथ का प्रयोग ज्यादा करने वाले लोग सीधी तरफ से ही भोजन भी करते हैं।

# जादू नहीं चला

**चीचू** चूहे की परीक्षा में मात्र कुछ ही दिन रह गए थे। लेकिन थोड़ी देर पढ़ने के बाद ही उसका सिर चकराने लगता और उसे धुंधला दिखाई देता। पहले तो चीचू ने विशेष ध्यान नहीं दिया पर समस्या बढ़ने पर मम्मी को बताया। चीचू की समस्या जानकर मम्मी भी परेशान हो उठी।

पहले मम्मी ने उसे डॉक्टर बंदर को दिखाना चाहा, लेकिन उन्होंने अपना इरादा बदल लिया। वजह थी मीकू की मम्मी। पिछले दिनों से वह चीचू को पढ़ते हुए देखकर बोल रही थीं, 'पता नहीं, चीचू कैसे सारा दिन पढ़ता रहता है। मेरे मीकू को तो थोड़ा-सा पढ़ने पर ही सिर दर्द होने लग जाता है।'

चीचू और उसकी मम्मी मधुवन के ओझा रीछपाल के पास गईं और सब सुनाया। रीछपाल अपने नाथुनों को फैलाते हुए बोला, 'यह सब मीकू की मां की करनी है। किसी से जादू करवाया है ताकि यह बीमार पड़ जाए और परीक्षा न दे पाए।'

'आप ही कुछ कीजिए न महाराज।' चीचू की मम्मी गिड़गिड़ाने लगी।

'मैं तो पूरी कोशिश करूंगा पर पूजापाठ के लिए कुछ खर्च आपको उठाना पड़ेगा' रीछपाल ने कहा।

'खर्च की आप चिंता न करें, महाराज।' चीचू की मम्मी ने जवाब दिया।

'तो ठीक है, आप तीन डिब्बे शहद के और दो सौ रुपए नकद ले आइए। तब तक मैं तावीज तैयार कर देता हूं।' रीछपाल पेट पर हाथ फेरते हुए बोला।

'मेरा बेटा ठीक हो जाएगा ना?' चीचू की मम्मी ने पूछा तो रीछपाल ने कहा- 'हां, हां, अवश्य पास हो जाएगा।' एक दिन बाद आकर उन्होंने पैसे दिए और तावीज लेकर चलीं गईं। 'बेटा, इसे अपने बाजू पर बांध लो...' उन्होंने चीचू से कहा।

'लेकिन मम्मी...'

'लेकिन-वेकिन नहीं, जल्दी करो। मुझे रीछपाल ने सब कुछ बताया है।' और मम्मी ने विस्तार से चीचू को सब बताया। चीचू को अपनी मम्मी के अंधविश्वासी होने पर बहुत दु:ख हुआ। उसने मम्मी से बहस कना उचित नहीं समझा और चुपचाप तावीज ले लिया, लेकिन मम्मी के जाते ही उसने तावीज रख दिया। शाम को चीचू ने डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि ज्यादा पढ़ने की वजह से दर्द हो रहा है। जिसके लिए डॉक्टर ने उसे दूध, अंडे और फलों का सेवन करने को कहा। कुछ दिनों के बाद चीचू की परिक्षाएं हुई और थोड़े दिनों बाद परिणाम भी आ गए। उसका नाम मैरिट लिस्ट में था।

चीचू ने अपनी मम्मी की आंखों पर से अंधविश्वास के पर्दे को हटाने की ठानी इसलिए रोते हुए घर आकर मम्मी से बोला, 'आपका ओझा तो कहता था कि मैं पास हो जाऊंगा। मगर मैं तो फेल हो गया।'

मम्मी को विश्वास नहीं हुआ। भला रीछपाल का तावीज बेअसर कैसे हो गया।

वह उसी समय चीचू को साथ लेकर रीछपाल के डेरे जा पहुंची।

चीचू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पहले ही रीछपाल की अक्ल ठिकाने लगाने की योजना बना ली थी। सब रीछपाल के घर के पास तैयारी के साथ खड़े थे।

चीचू की मम्मी ने जाते ही रीछपाल को बुरा-भला कहना शुरू कर दिया। पहले तो रीछपाल घबरा गया, लेकिन जल्दी ही उसने अपने डर पर काबू पा लिया और बोला, 'मैंने तो आपसे पहले ही कहा था कि मीकू की मम्मी ने टोना किया है। उसका टोना ज्यादा प्रभावशाली निकला।'

'आपका मतलब है आंटी ने मुझ पर टोना किया था?' चीचू ने बोला।

'अरे, तुम उसे आंटी कहते हो?' रीछपाल ने गुस्सा दिखाते हुए कहा- 'उसने तो तुम्हारा...' लेकिन उसकी बात पूरी होने से पहले ही मीकू ने पीछे से आकर पूरे जोर से डंडा उसके सिर पर दे मारा।

'हाय। मैं मर गया...' रीछपला चीखा। तभी झाड़ियों में छुपे हुए बाकी के साथी भी बाहर निकल आए और उन सबने रीछपाल की पिटाई शुरू कर दी।

रीछपाल दर्द से कराहने लगा। तब चीचू ने कहा, 'रीछपाल महोदय, आपको इतना तो मालूम नहीं कि आप पर कष्ट आने वाला है, आप दूसरों का भाग्य क्या बताएंगे?'

फिर चीचू ने अपनी मम्मी से कहा, 'अब आप स्वयं ही देख लो मम्मी, इस ढोंगी ने आपको कैसे ठग लिया।'

'अब आंटी को भी खुशखबरी सुना ही दें।' मीकू ने कहा।

'कैसी खुशखबरी?' मम्मी ने हैरानी से उसकी ओर देखा।

'आंटी, चीचू अव्वल आया है और इसका नाम मैरिट लिस्ट में है।'

'सच?' मम्मी का चेहरा खुशी से खिल उठा। पर अगले ही पल उन्होंने रीछपाल को पीटना शुरू कर दिया, 'मुए, तू मुझे बेवकूफ बनाता रहा। चल भाग यहां से, अगर जान प्यारी है तो।'

रीछपाल गिड़गिड़ाने लगा। उसने कान पकड़कर वादा किया कि अब वह यह धंधा छोड़ देगा और अन्य जंगलवासियों की तरह मेहनत किया करेगा।

चीचू की आंखों में दर्द था, तो मम्मी उसे रीछपाल के यहां ले गई। यह रीछपाल कोई डॉक्टर नहीं था, फिर क्या था? जानने के लिए पढ़िए कहानी।



## रंग भरो



## अंतर ढूंढो

यहां दो चित्र दिए गए हैं, इन दोनों में कुछ अंतर हैं। आपको वे अंतर ढूंढने हैं। जरा नजरें जमाइए तो...।





# दिया कुमारी ने कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट-2026 में प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**कोटा, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**
उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने एक नव पहल के रूप में कोटा में आयोजित तीन दिवसीय कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के दूसरे दिन शनिवार को कोटा में सिटी हिल आर्ट में ट्रैवल मार्ट में बी2बी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने वहां लगी स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देश के 26 राज्यों से आए ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार का विजन है कि राज्य की राजधानी के अलावा भी अन्य शहरों में भी ट्रैवल मार्ट तथा अन्य आयोजन किये जाए जिससे कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि अभी जयपुर जोधपुर और उदयपुर में ही ज्यादा पर्यटक आगमन होता है जबकि राज्य के अन्य स्थानों पर भी पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के ऐसे स्थान जहां अभी तक पर्यटन उस स्तर पर विकसित नहीं हुआ है ऐसे अनछुए पर्यटक स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए।दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों के कैलेंडर में कोटा हाडौती भी शामिल हो इस हेतु प्रयास किया जा रहे हैं।




उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कोटा हड़ौती की वाइल्ड लाइफ, चम्बल रिवर फ्रंट, यहां के किले, महल, मिनिएचर पेंटिंग,लोक एवं क्राफ्ट जैसी पर्यटन के कई शानदार और अद्भुत आकर्षण है। यहां की ऐतिहासिक एवं हेरिटेज स्थलों, धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के कारण पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

दिया कुमारी ने कहा कि कोटा-हाड़ौती ट्रैवल मार्ट 2026 केवल एक व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि हाड़ौती क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन क्षमता को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह आयोजन राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कोटा में अब एयरपोर्ट भी शुरू होगा, रोड कनेक्टीविटी भी विकसित हुई है। कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के माध्यम से राजस्थान सरकार ने पहली बार प्रयास किया गया है कि क्षेत्र भी पर्यटन मानचित्र में उभर कर आए। इस आयोजन में बड़ी संख्या में होटेलियर्स और टूर ऑपरेटर्स की सहभागिता तथा स्थानीय लोगों का उत्साह प्रशंसनीय है। यह आयोजन हाड़ौती क्षेत्र को एक उभरते हुए पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोटा हाड़ौती ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा।

उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर प्रदर्शनी एवं बी2बी बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश से आए टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट होटल एवं ट्रैवल ट्रेड से जुड़े प्रतिनिधि स्थानीय पर्यटन उद्यमियों ने संवाद किया।

प्रदर्शनी में पर्यटन, होटल, ट्रैवल एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े व्यवसायियों के द्वारा विभिन्न स्टॉल्स के माध्यम से अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित की गई।

पर्यटन आयुक्त रूकमणी रियाड़ ने बताया कि कोटा-हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के माध्यम से कोटा, बूंदी,झालावाड़ और बारां जैसे हाड़ौती अंचल के जिलों की पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत किया गया है। इससे हाड़ौती क्षेत्र में पर्यटन निवेश नए पर्यटन उत्पादों के विकास तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान टूर ऑपरेटरों को कोटा और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया जा रहा है, ताकि वे हाड़ौती को अपने पर्यटन पैकेज में शामिल कर सकें।

# सेना दिवस परेड को लेकर सचिवालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**जयपुर,, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**
जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य, भव्य एवं सफल आयोजन के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित होगी। शनिवार को सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सेना दिवस परेड के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर ए. सावंत की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर आत्माराम सावंत ने कहा कि यह आयोजन न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा भारतीय सेना के शौर्य एवं गौरव को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ व्यापक संवाद किया गया है। बैठक के प्रारंभ में नवीन जैन, प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सेना दिवस परेड के आयोजन को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब सेना दिवस परेड आमजन के बीच आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा इस आयोजन को जन-जन तक पहुँचाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन एवं गौरव को निकट से अनुभव कर सकें। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर द्वारा दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं संगठनों से आग्रह किया कि वे सोमवार तक परेड देखने हेतु आने वाले प्रतिभागियों की संख्या एवं विवरण उपलब्ध कराएं, जिससे व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा सकें।

परेड के दौरान आमजन एवं आमंत्रित दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस सेवा, पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स, पेयजल एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, यातायात पुलिस एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समन्वित कार्य योजना के तहत व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (यातायात) श्री योगेश दाधीच ने पार्किंग स्थलों, रूट डायवर्जन एवं यातायात सुचारू रखने हेतु की गई तैयारियों से अवगत कराया।

# पीड़ित और जरूरतमंद को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए हों प्रयास : देवनानी

**उदयपुर, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**
राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अधिवक्ता समाज की महत्व-पूर्ण धूरी है। न्याय के प्रति विश्वास को कायम रखने में उनकी विशेष भूमिका है। अधिवक्ता अपने कार्य में शुचिता, सौहार्द और संवेद-नशीलता का सम्मिश्रण करते हुए पीड़ित और जरूरतमंद को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें। देवनानी शनिवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज के न्यू ऑडिटोरियम में उदयपुर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला तथा अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ प्रवीण खण्डेलवाल रहे। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रभानसिंह शक्तावत, महासचिव महावीरप्रसाद शर्मा, नव निर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र जैन, महासचिव लोकेश गुर्जर सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। बार एसोसिएशन उदयपुर की परंपरा के अनुसार निवर्तमान अध्यक्ष शक्तावत ने नवीन अध्यक्ष जैन को शपथ दिलाई। वहीं अध्यक्ष जैन ने महासचिव सहित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई।

समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था का इतिहास काफी प्राचीन है। मनुस्मृति और कौटिल्य अर्थशास्त्र में भी इसका उल्लेख है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अधिवक्ताओं का बड़ा योगदान रहा है।

# सरकार पर वोट चोरी के आरोप लगाकर विपक्ष को कोई फायदा नहीं मिलने वाला: मनोहर लाल



**करनाल, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विपक्ष की तरफ से लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इनमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। यह आरोप राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर लगाए गए हैं और इससे विपक्ष को कोई फायदा होने वाला नहीं है। मनोहर लाल ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पता नहीं ये लोग वोट चोरी और ईवीएम में खराबी जैसे मुद्दों का जिक्र करके हम पर क्यों आरोप लगा रहे हैं, जबकि हाल ही में कर्नाटक में सर्वे हुआ है। इस सर्वे में 91 फीसदी लोगों ने कहा है कि उन्हें ईवीएम से कोई शिकायत नहीं है। वोट चोरी की बात भ्रामक है। अफसोस की बात यह है कि ये लोग राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित होकर ये आरोप लगा रहे हैं। इस सर्वे ने इन लोगों की पोल खोलकर रख दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कोई भी चुनाव आने से पहले ये लोग कभी ईवीएम, तो कभी वोट चोरी का जिक्र करने लग जाते हैं। ऐसा ये लोग राजनीतिक फायदा प्राप्त करने के मकसद से करते हैं। हम लोगों को पता ही है कि बिहार में चुनावी बिगुल बजने से पहले भी इन लोगों ने इसी तरह के आरोप लगाए थे, लेकिन बाद में क्या हुआ, हम सभी को पता है। अब तो देश की जनता भी इस बात से वाकिफ हो चुकी है कि इनके आरोपों में किसी भी प्रकार की सत्यता नहीं है।

घुसपैठियों को लेकर भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार घुसपैठियों के खिलाफ कदम उठा रही है। यहां पर अवैध रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित करके उन्हें बाहर का रास्ता दिखा रही है, तो इन लोगों को मिर्ची लग रही है। इस देश में भला हम किसी दूसरे देश के नागरिक को अवैध रूप से क्यों रहने देंगे? विपक्ष के लोग चाहते हैं कि वे रहते रहें, ताकि इन्हें इससे राजनीतिक फायदा मिलता रहे।

# कौशल प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता : गौरव गौतम

**पंचकूला, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**
हरियाणा के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कौशल विभाग का मुख्य उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानजनक रोजगार दिलाना है। उन्होंने कहा कि आईटीआई और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण लेने के बाद युवाओं को नौकरी मिले, यह सुनिश्चित करना सरकार और विभाग की सामूहिक जिम्मेदारी है। इससे सुव्यवस्थित ढंग से निभाया भी जा रहा है। मंत्री पंचकूला स्थित कौशल भवन में स्किल्ड विश्वविद्यालयों के कुलपति (वीसी), रजिस्ट्रार तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय में तैनात अधिकारियों को एक-एक जिले की जिम्मेदारी दी जाए, जो ग्राउंड स्तर पर जाकर आईटीआई के भवनों की फिटनेस की जांच करें और अगर कोई भवन जर्जर हैं तो उनकी रिपोर्ट तैयार करें, ताकि वहां पर नए भवन बनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल विभाग युवाओं को विदेशी प्लेसमेंट के अवसर भी उपलब्ध करवा रहा है और इस दिशा में प्रयासों को और तेज किया जाना चाहिए, ताकि प्रदेश के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें। विदेशी प्लेसमेंट से जुड़ी योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा इन अवसरों का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार मेलों में भाग लेने वाली कंपनियों से मिलने वाले वास्तविक प्लेसमेंट आंकड़ों की नियमित समीक्षा की जाए।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शैक्षणिक, प्रशासनिक और आधारभूत ढांचों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि हरियाणा कौशल विभाग का मिशन समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवा सक्षम योजना, फ्लैगशिप स्कीम, गुरु-शिष्य योजना सहित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए।

# मंडियों में भाव गिरने से बर्बादी के कगार पर आलू किसान, सरकार की योजना कागजों में सिमटी : दीपेन्द्र हुड्डा

**चंडीगढ़, 03 जनवरी (एजेंसियां)।**
सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के दिल्ली आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और 2005 में नीलोखेड़ी विधानसभा से INLD प्रत्याशी रहे राजेन्द्र अंजनथली ने अनेक समर्थकों सहित भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। दीपेन्द्र हुड्डा ने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने हरियाणा के आलू किसानों को मंडियों में आलू का भाव न के बराबर मिलने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आलू किसानों को लाभ होना तो दूर उन्हें मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। किसानों में इस बात की चर्चा है कि धान घोटाले की तरह ही प्रदेश में आलू घोटाला हो रहा है, सरकार इसकी जांच कराए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बड़े पैमाने पर कुरुक्षेत्र में आलू पैदा होता है और पिपली मंडी हरियाणा की सबसे बड़ी आलू मंडी मानी जाती है। सरकार आलू के लिए 600 रुपये प्रति क्विंटल का सुरक्षित मूल्य तय करने और इससे कम भाव पर आलू बिकने की सूरत में मुआ-वजे के तौर पर अंतर की भरपाई करने का दावा तो कर रही है। लेकिन मंडियों की जमीनी हकीकत ये है कि सफेद आलू उगाने वाले किसानों को ज्यादातर 250 से 300 रुपये प्रति क्विंटल का भाव ही मिल रहा है। जबकि बाजार में आम उपभोक्ता को 15-20 रुपए प्रति किलो पर आलू खरीदना पड़ रहा है। आलू की उपज का सही दाम न मिल पाने के कारण किसान भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सरकार की तमाम योजनाएं, MSP मिलने के दावे खोखले और झूठे साबित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति पिछले करीब 11 वर्षों में दूसरी बार आई है। इससे पहले इसी पीपली मंडी में किसान का आलू 50 पैसे प्रति किलो पर पिटा था।



उन्होंने मांग करी कि सरकार आलू का सुरक्षित मूल्य 600 रुपये से बढ़ाकर कम से कम 800 रुपये प्रति क्विंटल करे और भावान्तर भरपाई की गणना वास्तविक मंडी विक्रय मूल्य के आधार पर की जाए। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत फसल का सत्यापन जल्द से जल्द पूरा हो, ताकि किसानों को नुकसान के कुचक्र से बाहर निकाला जा सके। यदि समय रहते सरकार ने कदम नहीं उठाए तो किसान बर्बाद होने के कगार पर पहुँच जाएगा।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार की 'भावंतर भरपाई योजना' में इतनी विसंगति है कि किसानों को समय पर इसका कोई फायदा नहीं मिल पाता। हरियाणा में सफेद आलू के अलावा लाल और डायमंड किस्म के आलू भी होते हैं जो महंगे बिकते हैं, इसके कारण आलू का 'औसत भाव' ऊपर चला जाता है। किसानों के मुताबिक आलू की खेती की लागत ही क़रीब ₹45,000 प्रति एकड़ है, मगर मंडियों में आलू की मौजूदा कीमत प्रति क्विंटल ₹600 से गिरकर ₹250 पर आ गई है। इसके कारण किसानों को एक एकड़ में पैदा आलू का ₹18000 - ₹20,000 तक ही मिल पा रहा है। जिन किसानों को भावांतर योजना का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें सीधे-सीधे 25000 प्रति एकड़ का घाटा हो रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष - चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ
आज परिस्थितियां आप के अनुरूप रहेगी आप के व्यक्तित्व मे बदलाव आएगा भागेदारी में आप में से कुछ नवीन व्यवसाय आरंभ कर सकते हैं. आप में से जो किसी बैंक या वित्तीय संस्थान से ऋण की तलाश कर रहे हैं, उन्हें सफलता प्राप्त होने की पूर्ण संभावना है. आपका स्वास्थ्य संतोषजनक रहेगा, लेकिन आप-को पेट से संबंधित बीमारियों के लिए सावधानी बरतनी चाहिए. प्रियजनों के साथ लंबी दूरी की यात्रा लाभदायक होगी. पीपल मे तेल का दीप प्रज्वलित करें हनुमान गायत्री का जप करें।

### वृषभ - इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो
आज सिस्टम के साथ चलना ही लाभकारी रहेगा सोचे हुए कुछ खास काम पूरे होने के योग बन रहे हैं.धन लाभ भी बनेगा आपको नौकरी या दिनचर्या में थोड़ा बदलाव करने के बारे में विचार करना चाहिए. आपके लिए खरीदारी भी फायदेमंद हो सकती है. अपनी योजनाओं से आप सबको प्रभावित कर सकते हैं. छात्रों को सफलता मिलेगी , स्वास्थ्य ठीक रहेगा । तरल पदार्थ का सेवन करें।

### मिथुन - क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह
अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे धन का व्यय अधिक होगा आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीद सकते हैं. आप जीवनसाथी की मदद कर सकते हैं. जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे. इस राशि के कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं. नए कार्य प्रारंभ करने का मन बन सकता है. अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते खुले नजर आएंगे. आपको किसी समस्या को सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल सकता है. नये काम मे सफलता पाना होतो लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करें।

### कर्क - ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो
आज व्यस्त दिन रहेगा काम का बोझ बढेगा मित्रों का साथ रहेगा मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी. आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे. पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा. मित्रों का सहयोग मिलेगा. कुछ नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं. आप बहुत बातूनी मूड में हो सकते हैं. आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा जिस से आय के साधनों में वृद्धि होगी. नंदी महाराज को हराचारा और गुड खिलाए ।

### सिंह - म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे
आज मौसम के कारण तबीयत नासार रहेगा काम पर छुट्टी करने का विचार होगा आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है. वाहन चलाते समय थकान ज्यादा होगी आप अथक प्रयासों के साथ लंबित कार्यों को पूरा करेंगे. आप एक नया संभावित प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं, जो आपको भविष्य में अच्छा लाभ प्रदान करेगा. आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर होगी और व्यावसायिक क्षेत्र में आप अच्छी प्रगति करेंगे.सूर्य अष्टाक्षर मंत्र का जप करें एवं अर्घ्य प्रदान करें।

### कन्या - टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो
आज सीनियर्स के साथ तालमेल बहतर रहेगा करियर से जुड़े कुछ उलझे हुए मामलों में समाधान मिल सकता है. आप परेशान न हों. ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है. प्रमोशन मिलने के योग हैं. गिफ्ट मिल सकता है. नए दोस्तों से मुलाकात होसकती है. बिजनेस करने वाले लोगों को रुका हुआ पैसा मिल सकता है. अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं.यात्रा का योग बन रहा हैं लाभदायक रहेगा।

### तुला - र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते
आज बुजुर्गों का स्वास्थ्य कमजोर रहेगा सचेत रहें माता-पिता का अच्छे से सेवा करेंगे आज बच्चो के साथ घूमने का प्लान बनाए . आपका पैसा कहीं अटक सकता है. बढ़ता खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकता है. किसी काम में ज्यादा मेहनत और समय लग सकता है. आप रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश कर सकते हैं. आज आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए, बेहतर रहेगा. परिवार वालों का सहयोग मिलता रहेगा. शिवजी पर इक्षुरस का अभिषेक करें लक्ष्मी प्राप्त होगी।

### वृश्चिक - तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू
आज का दिन नक्षत्र समय अनुकूल रहेगा आप मे आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा । घर-परिवार की स्थिति सामान्य रहेगी. घर मे पार्टी का माहौल रहेगा स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करें मन शान्त रहेगा काम को लेकर काफी उत्साह बना रहेगा. पुराने दोस्तों से मिलने का संयोग बन सकता है.आप को कोई उपहार भी मिल सकता है.

### धनु - ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे
आज कुछ नया ऑफर मिलेगा सफलता बनेंगी आप की कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे आपके कार्यों को प्रशंसा मिलेगी. आपके काम सफ़ल होंगे. आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी. कुछ अनावश्यक खर्चे भी सामने आ सकते हैं. आज आप धर्म या समाज से जुड़ा कोई कार्य कर सकते हैं. घर की स्त्रीयों का पूरा सहयोग रहेगा बच्चों मे मौज मस्ती का माहौल रहेगा शाम का वक्त सुकून मे गुजरेगा।

### मकर - भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि
आप की महनत आज रंग लाएगी पुरानी कोई बातों से मन खिन्न रहेगा आप को बहुत विनम्र रहना होगा धैर्य की आवश्यकता हैं उसका नतीजा आपके ही फेवर में होगा. पुराने दोस्तों से बातचीत होगी या मुलाकात की संभावना है. आपकी जिम्मेदारियां पूरी हो सकती है. सोचे हुए काम पूरे हो जाएंगे. पैसा कमाना आपके लिए सरल है.कामकाज और यात्रा को लेकर आपके पास एक से ज्यादा विकल्प हो सकते हैं. आप को सोचसमझकर चुनाव करना होगा ।

### कुम्भ - गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द
आज भैरव जी को तेल का अभिषेक और उडद के लड्डू का भोग लगाए को-र्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी. आपके मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी. कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं. किसी महिला मित्र का सहयोग प्राप्त होगा. आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर रहेगा. करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे. सोचे हुए कुछ जरूरी काम पूरे होंगे. आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे. शिवलिंग पर जल और दूध और दूर्वा अर्पित करें सफलता निकट रहेगी।

### मीन - दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची
आज पुराना निवेश आप को मिलेगा आय के स्त्रोत खुलेंगे आप के शरीर पर और सौंदर्य को निखारने पर पैसा और समय खर्च हो सकता है. शारीरिक कष्ट की वजह से बाधा संभव है. वरिष्ठ जनों का सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त होगा. पूरी कोशिश कर के भी आप सबको संतुष्ट नहीं कर सकेंगे. वाणी के प्रभाव से आप जैसी सफलता चाहेंगें वैसी हासिल करेंगें। आज व्यापारीयो को लाभ मिलेगा. अपने हाथ से गरीब को वस्त्र की सेवा करें।

## आज का पंचांग

दिनांक : 04 जनवरी 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : माघ , कृष्ण पक्ष
तिथि : प्रतिपदा दोपहर 12:32 तक
नक्षत्र : पुनर्वसु सायं 03:12 तक
योग : वैधृति रात्रि 01:47 तक
करण : कौलव दोपहर 12:32 तक
चन्द्रराशि : मिथुन प्रातः 09:44 तक
सूर्योदय : 06:47, सूर्यास्त 05:54 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:42, सूर्यास्त 06:06 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:36, सूर्यास्त 05:57 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:36, सूर्यास्त 05:47 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : माघ मास आरंभ , रविपुष्य सिद्धि योग सायं 03:13 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# सभी को रोड सेफ्टी नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए : वेंकटेश धोत्रे



**आसिफाबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी नागरिकों को रोड सेफ्टी नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। नेशनल रोड सेफ्टी मंथ सेलिब्रेशन के तहत जिला पुलिस विभाग की ओर से शनिवार को एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया।

नेशनल रोड सेफ्टी मंथ के तहत आयोजित यह मोटरसाइकिल रैली डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिस से शुरू होकर सब-जेल, पुलिस स्टेशन, कोमुराम भीम चौक और बस स्टैंड होते हुए निकाली गई। रैली को जिला एसपी नितिका पंत, आसिफाबाद एएसपी चित्तरंजन और अन्य अधिकारियों ने रवाना किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि नेशनल रोड सेफ्टी मंथ के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि पुलिस, परिवहन, राजस्व विभाग और अन्य विभागों के समन्वय से जिले में रोड सेफ्टी को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।जिला एसपी नितिका पंत ने कहा कि लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कई कीमती जानें जा रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से रोड सेफ्टी नियमों का पालन करने की अपील की।

एसपी ने विशेष रूप से युवाओं को शराब पीकर वाहन न चलाने की सलाह दी और कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से पहननी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और जान-माल की रक्षा करना है।

इस कार्यक्रम में कागज़नगर डीएसपी वहीदुद्दीन, सहायक मोटर वाहन निरीक्षक राजामल्लू, आसिफाबाद सीआई बालाजी वरप्रसाद, वानकिडी सीआई सत्यनारायण, कागज़नगर टाउन सीआई प्रेम कुमार, आरआई अंजन्ना, विद्यासागर, एसआई, आरएसआई सहित संबंधित अधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले की उम्मीदों को आगे बढ़ाने की जरूरत धोत्रे



**आसिफाबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका और महान सामाजिक क्रांतिकारी सावित्रीबाई फुले की उम्मीदों और विचारों को आगे बढ़ाना आज की आवश्यकता है। उन्होंने यह बात सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला शिक्षक दिवस समारोह में कही।

शनिवार को जिला केंद्र स्थित इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट कलेक्ट्रेट भवन के मीटिंग हॉल में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महिला शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अतिरिक्त कलेक्टर (लोकल इंस्टीट्यूशन्स), जिला प्रभारी शिक्षा अधिकारी दीपक तिवारी, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी लक्ष्मीनारायण तथा आसिफाबाद कृषि बाजार समिति के अध्यक्ष इरुकुल्ला मंगा ने भाग लिया।

सभी अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में, जब अनेक सामाजिक प्रतिबंध थे और सुविधाओं का अभाव था, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कई स्कूलों और पुस्तकालयों की स्थापना कर समाज को नई दिशा दी। सावित्रीबाई फुले की सोच और उम्मीदें आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

कलेक्टर ने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र और विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस अवसर पर जिले के स्कूलों के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 10 महिला शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में एग्रीकल्चरल मार्केट कमेटी के निदेशक वैरागड़े मारुति, बैकवर्ड क्लासेस यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधि अविदापु प्रणय कुमार, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कागजनगर म्युनिसिपल कर्मचारियों की हड़ताल पर कोनेरू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**कागजनगर (कोमुरम्भिम जिला), 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोमुरम्भिम जिला के कागजनगर में म्युनिसिपल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व विधायक कोनेरू कोनप्पा ने आज डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को एक मेमोरेंडम सौंपा। उन्होंने मांग की कि कागजनगर म्युनिसिपल कर्मचारियों की बकाया सैलरी तथा ईएसआई और पीएफ के लंबित भुगतान का तुरंत समाधान किया जाए।म्युनिसिपल कर्मचारी पिछले 12 दिनों से अपनी बकाया सैलरी और ईएसआई-पीएफ के तुरंत भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। पूर्व विधायक कोनप्पा ने कलेक्टर से आग्रह किया कि हड़ताल को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं ताकि जनजीवन को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

कलेक्टर को अवगत कराया गया कि म्युनिसिपल कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरा जमा हो गया है, जिससे इंफेक्शन वाली बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा नागरिकों को पीने के पानी की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कोनेरू कोनप्पा ने कहा कि यदि हड़ताल जल्द समाप्त नहीं हुई तो हालात और बिगड़ सकते हैं।कोनेरू कोनप्पा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि वह म्युनिसिपल कर्मचारियों की समस्याओं को तुरंत सरकार के सामने उठाएंगी और हड़ताल खत्म कराने के साथ-साथ कर्मचारियों की बकाया सैलरी और ईएसआई बकाया का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए प्रयास करेंगी।इस अवसर पर उनके साथ टीआरएस ट्रेड यूनियन डिस्ट्रिक्ट लीडर अंबाला ओडेलू भी मौजूद थे।

# नगरपरिषद किनवट की नवनिर्वाचित नगराध्यक्षा व पार्षदों का पदग्रहण समारोह कल


**किनवट, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** नगरपरिषद किनवट की नवनिर्वाचित नगराध्यक्षा सुजाता विनोद एड्रलवार एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का पदग्रहण समारोह सोमवार, 5 जनवरी को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। यह समारोह नगरपरिषद की प्रशासनिक इमारत, किनवट में संपन्न होगा।इस पदग्रहण समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद नागेश पाटील



अष्टिकर, विधायक भिमराव केराम, उपनेता तथा संपर्क प्रमुख नांदेड बबन थोरात उपस्थित रहेंगे।इसके अलावा सहाय्यक जिलाधिकारी जेनित चंद्रा दोंतुला, तहसीलदार शारदा चौडेकर, राकाशप की नेता श्रीमती बेबीताई नाईक, शिवसेना जिलाप्रमुख ज्योतिबा खराटे, रांका शप जिलाध्यक्ष भगवानराव पाटील, राका शप युवा नेता कपील नाईक, डिवा एसपी रामचंद्र मडघणे, पुलिस निरीक्षक गणेश कराड तथा मुख्याधिकारी मुगाजी काकडे सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

# भोजनालय में चटनी में मृत छिपकली मिलने से हड़कंप, आठ लोग अस्पताल में भर्ती

**मंचेरियाल, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल शहर में एक टिफिन सेंटर में चटनी खाने के बाद एक बच्ची समेत आठ लोग बीमार पड़ गए। चटनी में एक मरी हुई छिपकली पाए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया।यह घटना तहसील चौक स्थित शिवसाई इडली केंद्र में घटी। बताया



गया कि भोजनालय में एक महिला को परोसी गई चटनी में एक मरी हुई छिपकली पाई गई। चटनी का कुछ हिस्सा खाने के बाद महिला ने छिपकली को देखा, जिसके बाद वह तुरंत उल्टी करने लगी।उसी चटनी को खाने वाले सात अन्य लोगों को भी उल्टी और सिरदर्द की शिकायत हुई। इनमें एक बच्ची भी शामिल है। सभी आठ लोगों को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# दिसंबर में मंचेरियाल एससीसीएल क्षेत्रों में कोयला उत्पादन में गिरावट, अधिकारी चिंतित

**मंचेरियाल, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रयासों और विभिन्न प्रोत्साहनों के बावजूद सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के श्रीरामपुर और मंदामारी क्षेत्रों में दिसंबर महीने के दौरान कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जिससे अधिकारियों में चिंता का माहौल है।सरकारी स्वामित्व वाली एससीसीएल के अधिकारियों के अनुसार, श्रीरामपुर क्षेत्र में दिसंबर महीने के लिए 5.90 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जबकि



वास्तविक उत्पादन 3.34 लाख मीट्रिक टन ही रहा, जो लक्ष्य का मात्र 57 प्रतिशत है।खुले खदानों में जहां 95 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई, वहीं भूमिगत खदानों में दिसंबर में लक्ष्य का केवल 46 प्रतिशत ही हासिल हो सका।

अधिकारियों ने बताया कि ऊपरी परत (ओवरबर्डन) हटाने में हुई देरी के कारण परियोजनाओं और खदानों में कोयला उत्पादन में भारी गिरावट आई है, जिसका सीधा असर कुल उत्पादन पर पड़ा है।

इसी तरह मंदामारी क्षेत्र में 2.57 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 1.97 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन दर्ज किया गया, जो लक्ष्य का 77 प्रतिशत है।

केके-5 भूमिगत खदान में लक्ष्य का 103 प्रतिशत उत्पादन हुआ, जबकि केके ओसीपी और कासिपेट भूमिगत खदानों में क्रमशः 79 प्रतिशत और 65 प्रतिशत मासिक लक्ष्य हासिल किया गया।

वहीं शांतिखानी भूमिगत खदान में पिछले दो महीनों से कोयला खनन पूरी तरह ठप्प रहा।इस बीच गोलेटी क्षेत्र, जिसे पहले बेलाम्पल्ली के नाम से जाना जाता था, ने दिसंबर में 3.92 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन कर मासिक लक्ष्य का 112 प्रतिशत हासिल किया, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है।

# नेशनल रोड सेफ्टी महीने के तहत जिला पुलिस की ओर से रोड सेफ्टी अवेयरनेस मोटरसाइकिल रैली

**आसिफाबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नेशनल रोड सेफ्टी महीने के अवसर पर कुमराम भीम आसिफाबाद जिला पुलिस डिपार्टमेंट की देखरेख में आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक रोड सेफ्टी अवेयरनेस मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया।इस मोटरसाइकिल रैली की शुरुआत जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) नितिका पंत ने डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर



की। रैली डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिस से शुरू होकर सब-जेल, पुलिस स्टेशन, केबी चौक, बस स्टैंड होते हुए पुनः केबी चौक के रास्ते डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिस पहुंचकर संपन्न हुई।इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर वेंकटेश डोत्रे, जिला एसपी नितिका पंत और आसिफाबाद एएसपी चित्तरंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर वेंकटेश डोत्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सभी की जिम्मेदारी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है।कलेक्टर ने बताया कि ऐसे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के समन्वय से आयोजित किए जा रहे हैं।जिला एसपी नितिका पंत ने कहा कि लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कई कीमती जानें जा रही हैं। उन्होंने सभी लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को शराब पीकर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और जान-माल की रक्षा करना है।

# गांव में कोई अजनबी नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें : पीएसआई राजू

**मदनूर, 3 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मदनूर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के लिंबुर गांव में पुलिस उप निरीक्षक (पीएसआई) राजू द्वारा स्थानीय नागरिकों को साइबर अपराध के तरीकों, उनसे बचाव के उपायों और डायल 1930 के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।इस अवसर पर पीएसआई राजू ने लोगों को बताया कि अनजान ई-मेल, मैसेज या लिंक पर



क्लिक न करें और किसी भी लिंक को खोलने से पहले पूरी सतर्कता बरतें। फोन पर यदि कोई अजनबी व्यक्ति निजी जानकारी मांगे तो उसे न दें।उन्होंने विशेष रूप से ऑनलाइन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी निजी एवं वित्तीय जानकारी जैसे ओटीपी, सीवीवी नंबर, पता आदि साझा न करने की सलाह दी।

# स्पेशल कॉम्प्रिहेंसिव वोटर लिस्ट रिवीजन सख्ती से किया जाए : सुदर्शन रेड्डी




**आसिफाबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि स्पेशल कॉम्प्रिहेंसिव वोटर लिस्ट रिवीजन प्रक्रिया को पूरी सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाना चाहिए। शनिवार को हैदराबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों के साथ वोटर लिस्ट के विशेष व्यापक पुनरीक्षण (Special CompA°ehensive Revision) पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि वोटर लिस्ट की मैपिंग और डेस्किंग प्रक्रिया निर्धारित कैटेगरी के अनुसार पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बूथ लेवल ऑफिसर (BLO), सुपरवाइज़र और असिस्टेंट चुनाव अधिकारियों के लिए प्रतिदिन के लक्ष्य तय किए जाएं ताकि कार्य समयबद्ध रूप से पूरा हो सके।उन्होंने कहा कि यह व्यापक पुनरीक्षण कार्यक्रम बूथ लेवल एजेंट्स और राजनीतिक दलों के सहयोग से संचालित किया जाना चाहिए।डिस्ट्रिक्ट सेंटर स्थित इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट कलेक्ट्रेट बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे, कागजनगर सब-कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला तथा आसिफाबाद राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव ने बैठक में भाग लिया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिले के सिरपुर और आसिफाबाद विधानसभा क्षेत्रों में विशेष व्यापक रिवीजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि मतदाताओं को पोलिंग स्टेशनों के अनुसार एबीसीडी कैटेगरी में विभाजित किया जाएगा और बूथ लेवल ऑफिसर तथा सुपरवाइज़र घर-घर जाकर विवरण एकत्र करेंगे।

उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में डुप्लिकेट एंट्री की पहचान, मृत या गांव छोड़ चुके मतदाताओं की जांच, फॉर्म-8 के माध्यम से नोटिस जारी कर नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यह पूरा कार्यक्रम बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति और राजनीतिक दलों के सहयोग से किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों को पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे और कार्यक्रम को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में चुनाव विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती पर प्रवीण कुमार ने किया श्रमदान

## महिलाओं को एसटी दर्जा दिलाने का ऐलान

**कागज़नगर, आसिफाबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सावित्रीबाई फुले, वो योद्धा जिन्होंने सभी समुदायों की महिलाओं को शिक्षा दी। हम महिलाओं को एसटी का दर्जा दिलाने के लिए दिल्ली तक लड़ाई जारी रखेंगे। प्रवीण कुमार जिन्होंने कोसिनी स्कूल में श्रमदान किया। बीआरएस के जनरल सेक्रेटरी डॉ. आरएस प्रवीण कुमार ने साफ किया कि सावित्रीबाई फुले ने भारत की सभी महिलाओं को शिक्षा दी, और जब बड़े तबके के लोगों ने उनका विरोध किया और उन पर हमला किया, तब भी वह पीछे नहीं हटीं, और महिलाओं को शिक्षा देने के लिए आगे बढ़ीं।

आज, सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती के मौके पर, उन्होंने कोसिनी गांव में फुले दंपत्ति की मूर्तियों पर माला चढ़ाई और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का मतलब शिक्षा है, और शिक्षा का मतलब फुले है। उन्होंने कहा कि फुले दंपत्ति ने जीवन भर शिक्षा के



लिए काम किया, उनका मानना था कि शिक्षा से ही सामाजिक बदलाव मुमकिन है। उन्होंने कहा कि फुले को हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यह है कि महिलाएं और बच्चे हायर एजुकेशन लें। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने न सिर्फ गरीबों को बल्कि निचले तबके के लोगों को भी शिक्षा दी।

**कोसिनी स्कूल का विकास: सरपंच की अगुवाई में डोनेशन और वादे**

सावित्रीबाई फुले जयंती के मौके पर कोसिनी गांव के स्कूल के टीचरों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए एक अच्छा प्लेग्राउंड और साफ-सुथरा माहौल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोसिनी स्कूल को माना उरु माना बड़ी स्कीम के तहत 13 लाख का फंड मिला था, लेकिन स्कूल का डेवलपमेंट प्लान के मुताबिक नहीं हुआ।

उन्होंने गांव के सरपंच की लीडरशिप में डोनेशन दिया। उन्होंने वादा किया कि स्कूल में चूना लगाया जाएगा और जल्द ही एक प्लेग्राउंड बनाया जाएगा और खेलने का सामान भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोसिनी स्कूल को एक बेस्ट स्कूल के तौर पर डेवलप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केसीआर सरकार ने महात्मा ज्योतिराव फुले के नाम पर सैकड़ों गुरुकुल स्कूल बनाए हैं और स्टूडेंट्स को अच्छी एजुकेशन देने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि चुनाव क्षेत्र के हर गांव के बच्चों को गुरुकुल स्कूलों के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना चाहिए।

**मालियों को एसटी लिस्ट में शामिल करने का संकल्प, नंदीगुड़ा में मूर्ति अनावरण**

उन्होंने कहा कि मालियों को एसटी लिस्ट में शामिल करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, और इठड सरकार ने पहले भी उन्हें एसटी लिस्ट में शामिल करने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी तो वे दिल्ली जाकर जंतर-मंतर पर मीटिंग करेंगे ताकि यह मुद्दा केंद्र के ध्यान में लाया जा सके और इस मुद्दे को हल करने के लिए काम किया जा सके। इसके लिए सभी माली जातियों को हाथ मिलाकर आंदोलन करना चाहिए।

नंदीगुड़ा गांव में, डॉ. आरएस प्रवीण कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर सावित्रीबाई फुले की मूर्ति का अनावरण किया। बाद में, उन्होंने गांव के नेताओं के साथ झंडा फहराने में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में माली संगम के प्रदेश अध्यक्ष, बीआरएस विधानसभा संयोजक लेंडुगुरे श्याम राव, वरिष्ठ कार्यकर्ता कोंगसत्यनारायण, कोसिनी सरपंच पुल्लाभाई, उप सरपंच साजिद, वंजिरी सरपंच गौत्रे लक्ष्मी गोपाल, वार्ड सदस्य, रेगुलागुड़ा सरपंच, उप सरपंच, वासाके हनमंत, रविंदर, महिला नेता वरलक्ष्मी, कमला, शबाना, फातिमा, बाबाजी और अन्य लोग शामिल हुए।



# बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने मुस्ताफिजुर रहमान को किया रिलीज

**नई दिल्ली,03 जनवरी (एजेंसियां)।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बड़ा फैसला लेते हुए बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया है। फ्रेंचाइज़ी ने इस संबंध में एक आधिकारिक मीडिया रिलीज जारी कर पुष्टि की है कि यह कदम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल के नियामक निर्देशों के तहत उठाया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा जारी मीडिया एडवाइजरी में कहा गया है कि बीसीसीआई/आईपीएल ने आगामी सीजन से पहले मुस्ताफिजुर रहमान को स्क्वौड से रिलीज करने का निर्देश दिया था। इसके बाद सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और आपसी परामर्श के तहत इस निर्णय को लागू किया गया। फ्रेंचाइज़ी ने यह भी स्पष्ट किया है कि आईपीएल नियमों के अनुसार बीसीसीआई ने केकेआर को रिप्लेसमेंट खिलाड़ी शामिल करने की अनुमति दे दी है, जिसकी जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी। मुस्ताफिजुर रहमान को केकेआर ने दिसंबर में हुई आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह इस सीजन के लिए अनुबंध पाने वाले इकलौते बांग्लादेशी खिलाड़ी थे। हालांकि, हाल के दिनों में उनके चयन को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर विरोध देखने को मिला, जिसके बाद यह मामला चर्चा के केंद्र में आ गया। मुस्ताफिजुर रहमान का आईपीएल करियर काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 2016 में आईपीएल में डेब्यू किया था और इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रौयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अब तक खेले गए 60 आईपीएल मैचों में उन्होंने 65 विकेट झटके हैं और डेथ ओवरों में अपनी कटर गेंदों के लिए पहचाने जाते हैं। आईपीएल 2025 में वह दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे, जहां उन्होंने इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम जौइन की थी। मुस्ताफिजुर के रिलीज होने के बाद केकेआर का आईपीएल 2026 स्क्वौड अब अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, उमरान मलिक, कैमरून ग्रीन, रचिन रवींद्र, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी और अन्य खिलाड़ियों के साथ आगे की रणनीति पर काम करेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हार्दिक पांड्या ने विजय हजारे ट्रॉफी में जड़ा अपना पहला लिस्ट-ए शतक

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार औलराउंडर हार्दिक पांड्या ने विजय हजारे ट्रौफी में बड़ौदा की ओर से



खेलते हुए विदर्भ के खिलाफ अपने करियर का पहला लिस्ट-ए शतक जड़ दिया। यह शानदार पारी उन्होंने शनिवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेली। हार्दिक ने महज 68 गेंदों में शतक पूरा किया, जिसमें छह चौके और आठ छक्के शामिल थे। वह उस समय बल्लेबाजी करने आए जब बड़ौदा की हालत बेहद खराब थी और टीम 20वें ओवर में 71 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी। नंबर सात पर उतरने के बाद हार्दिक ने शुरुआत में संयम दिखाया और 44 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने गियर बदले और अगली 24 गेंदों में शतक तक पहुंच गए। पारी का सबसे यादगार पल 39वां ओवर रहा, जब हार्दिक ने विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रखेडे के एक ओवर में 34 रन ठोक दिए। इस ओवर में उन्होंने पांच छक्के और एक चौका लगाया। यह विजय हजारे ट्रौफी के इतिहास का तीसरा सबसे महंगा ओवर रहा। हार्दिक अंतत: 92 गेंदों पर 133 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस विस्फोटक पारी में उन्होंने 11 छक्के और आठ चौके लगाए। यह इस सीजन में विजय हजारे ट्रौफी में बड़ौदा के लिए हार्दिक पांड्या का पहला मैच था। इससे पहले उन्होंने आखिरी बार मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रौफी के दौरान 50 ओवर प्रारूप में मैच खेला था। कुल मिलाकर हार्दिक पांड्या अब तक 119 लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं, जिनमें भारत के लिए 94 वनडे, भारत-ए के लिए 8 और बड़ौदा के लिए 17 मैच शामिल हैं। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ लिस्ट-ए स्कोर 2020 में कैनबरा में औस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 92 रन था। लिस्ट-ए क्रिकेट में हार्दिक अब तक 2300 से अधिक रन बना चुके हैं।

### तबियन खराब होने के कारण शुभमन विजय हजारे ट्रौफी मुकाबले में नहीं उतरे

**जयपुर।** स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के शनिवार को विजय हजारे ट्रौफी में यहां पंजाब और सिक्किम



के बीच हुए मैच में खेलने की उम्मीदें जतायी जा रहीं थीं पर तबियत ठीक नहीं होने के कारण वह नहीं उतर पाये। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन को फूड पौइजनिंग हुई है, इस कारण उन्हें मेडिकल टीम ने आराम करने को कहा है। न्यूजीलैड के खिलाफ होने वाली सीरीज को देखते हुए भी प्रबंधन उनको लेकर जोखिम नहीं लेना चाहता है। वह सीरीज से पहले लय हासिल करने के लिए इस मैच में उतरे रहे थे। पंजाब और सिक्किम के बीच इस मैच में दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं दी गयी है। जयपुरिया विद्यालय के अंदर बने मैदान में दर्शकों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। हालांकि, खिलाड़ियों के चेंजिंग रूम के ऊपर एक छोटी गैलरी है पर यह केवल भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) प्रतिनिधियों, स्कूल और एकेडमी के छात्रों के लिए है। मैच का टीवी पर प्रसारण नहीं हो रहा और ना ही लाइव स्ट्रीम उपलब्ध है। वहीं कई स्टार क्रिकेटरों की उपस्थिति से विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की रौनक बढ़ गयी है। इस ट्रौफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की सूची में विराट कोहली से लेकर रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। बीसीसीआई ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रौफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया है।

### सऊदी प्रो लीग 2025-26: इवान टोनी के दो गोलों की बदौलत अल-नस्र को मिली सीजन की पहली हार

**जेद्दा।** इंग्लैंड के स्ट्राइकर इवान टोनी के शानदार दो गोलों की बदौलत अल-अहली सऊदी ने किंग



अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम, जेद्दा में शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले में अल-नस्र को 3-2 से हराया। सऊदी प्रो लीग 2025-26 में अल-नस्र की यह पहली हार है। मैच की शुरुआत से ही अल-अहली ने अल-नस्र की ऊँची डिफेंसिव लाइन का पूरा फायदा उठाया। पहले ही मिनट में गालेनो का शौट क्रौसबार से टकराया, जिससे घरेलू टीम के इरादे साफ नजर आए। सातवें मिनट में गालेनो के स्क्वायर पास पर इवान टोनी ने गेंद को जाल में पहुंचाकर अल-अहली को बढ़त दिलाई। टोनी ने 20वें मिनट में अपनी दूसरी गोल दागी, जब उन्होंने अपने ही हाफ से आए पास पर दौड़ लगाते हुए अल-नस्र के गोलकीपर नवाफ अल-अकीदी को छकाते हुए दमदार शौट लगाया और स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि, 30वें मिनट में अल-नस्र को किस्मत का साथ मिला, जब अल-अहली के गोलकीपर अब्दुलरहमान अल-सनबी से अब्दुलेलाह अल-अमरी का अपेक्षाकृत आसान शौट उनके पैरों के बीच से निकलकर गोल में चला गया। इसके बाद हाफटाइम से ठीक पहले अल-अमरी ने ही मार्सेलो ब्रोजोविच के कौर्नर पर जोरदार हेडर लगाकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। हाफटाइम से पहले टोनी ने एक और गोल करने का मौका बनाया, लेकिन उनका शौट पोस्ट के निचले हिस्से से टकरा गया और दोनों टीमें बराबरी पर ब्रेक पर गईं।

# गिल कप्तान के तौर पर बरकरार, अय्यर, पंत और सिराज की वनडे टीम में वापसी

**मुंबई, 03 जनवरी (एजेंसियां)।** स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए कप्तान के तौर पर बरकरार रखा गया है जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और विकेटकीपर रिषभ पंत की शनिवार को घोषित भारतीय टीम में वापसी हुई हैं।

न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए चयनित भारतीय दल में श्रेयस अय्यर को भी शामिल किया गया है। हालांकि बीसीसीआई द्वारा जारी मीडिया रिलीज में यह बताया गया है कि अय्यर की उपलब्धता बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) द्वारा अनुमति मिलने पर निर्भर करेगी। अय्यर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हो गए थे जिसके बाद से उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और वह दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ घरेलू वनडे सीरीज में भी भारतीय दल का हिस्सा भी नहीं थे। अय्यर को सीओई से सशर्त विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के अगले राउंड में खेलने की अनुमति मिली है और वह 6 जनवरी को मुंबई के लिए खेलते नजर भी आ सकते हैं।



शुभमन गिल खुद पिछले महीने कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम की कप्तानी करने के लिए वापसी करेंगे। दोनों सीनियर बल्लेबाजों की वापसी का मतलब है कि ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को जगह छोड़नी पड़ी है, इसके बावजूद कि दोनों ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक-एक शतक बनाया था। ऋषभ पंत ने केएल राहुल के बाद दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में अपनी जगह बनाए रखी है, जबकि ध्रुव जुरेल को अब बाहर कर दिया गया है।

वहीं हार्दिक पंड्या को भी आगामी टी20 विश्व कप और उनके कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वनडे दल में शामिल नहीं किया गया है।

बीसीसीआई की मीडिया रिलीज में बताया गया है कि चूंकि हार्दिक को सीओई से एक मैच में 10 ओवर डालने की अनुमति नहीं मिली है इसलिए आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनका कार्यभार प्रबंधित किया जा रहा है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण में मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है, उनके साथ अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा शामिल हैं। स्पिन विभाग का नेतृत्व कुलदीप यादव करेंगे, साथ में ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा होंगे, जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया में अक्षर पटेल से हारने के बाद भी अपनी जगह बनाए रखी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीमों के लिए खेला था, वे एकमात्र इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेलना जारी रखेंगे जिसमें वे अभी भी एक्टिव हैं, और यशस्वी जायसवाल टॉप-ऑर्डर के लिए बैकअप के तौर पर रहेंगे। नीतीश कुमार रेड्डी को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज़ का पहला मैच 11 जनवरी को वड़ोदरा में खेला जाएगा। इसके बाद 14 जनवरी को राजकोट जबकि 18 जनवरी को इंदौर में मुक़ाबला खेला जाएगा।

वनडे सीरीज के बाद भारत न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगा जिसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी। टी20 सीरीज के लिए भारतीय दल का ऐलान पहले ही चुका है और यही दल आगामी टी20 विश्व कप में भी खेलेगा। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल(विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप कप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हार्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, रिषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल। वनडे सीरीज का कार्यक्रम - पहला वनडे: 11 जनवरी वड़ोदरा, दूसरा वनडे: 14 जनवरी राजकोट, तीसरा वनडे: 18 जनवरी इंदौर।

# भारतीय स्कीट शूटर अंगद वीर सिंह बाजवा नागरिकता बदलकर अब करेंगे कनाडा का प्रतिनिधित्व



**नई दिल्ली,03 जनवरी (एजेंसियां)।**

**भारतीय स्कीट शूटर अंगद वीर सिंह बाजवा ने अपनी नागरिकता बदलने का फैसला किया है और अब वह भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कनाडा का प्रतिनिधित्व करेंगे।**

निशानेबाज अंगद ने 25 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर अपनी नई लाल शूटिंग वेस्ट की तस्वीर साझा की, जिस पर उनका नाम और कनाडा का झंडा लगा हुआ था। इस पोस्ट के साथ उन्होंने संकेत दिया कि अब वह कनाडा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंगद इससे पहले भारत के लिए कई बड़े मंचों पर खेल चुके हैं। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों और टोक्यो ओलंपिक 2021 में पुरुष स्कीट स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

वर्ष 2018 एशियन शौटगन चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद 2019 एशियन चैंपियनशिप में गणेमत सेखों के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया, वहीं पुरुष स्कीट में उन्होंने 60/60 के परफेक्ट स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए विश्व रिकौर्ड भी बनाया। यह उपलब्धि कुवैत में हासिल की गई थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंगद के नाम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भी दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक दर्ज हैं। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 (शिमकेंट, कजाकिस्तान) में हिस्सा लिया था। हाल ही में आयोजित नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में वह पुरुष स्कीट फाइनल में चौथे स्थान पर रहे।

बताया जा रहा है कि अंगद का परिवार कनाडा में बस चुका है। उनके पिता गुरपाल सिंह वहां हौस्पिटैलिटी बिज़नेस चलाते हैं। परिवार की स्थायी बसावट को भी अंगद के इस फैसले की एक अहम वजह माना जा रहा है।

अब भारतीय शूटिंग को एक अनुभवी स्कीट शूटर की कमी खलेगी, जबकि कनाडा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक सशक्त और अनुभवी निशानेबाज का साथ मिलेगा।

## नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को वर्चुअल संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी के निमंत्रण पर वाराणसी में चार जनवरी को संपूर्णानंद स्टेडियम में आयोजित सीनियर नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का वौलीबौल प्रतियोगिता वाराणसी में संपूर्णानंद स्टेडियम में होने जा रहा है। नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेश से 30 टीमें आ रही हैं, जिसमें 28 टीमें महिलाओं की भी है। राज्यों से पुलिस टीमें और सेना की पुरुष टीम एवं रेलवे की महिला टीम को खेलते देखने में आनंद आने वाला है। महापौर ने बताया कि उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों के अलावा भाजपा के महानगर, जिला, क्षेत्र के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पार्षद, सक्रिय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

# स्मिथ ने ख्वाजा के करियर को बताया शानदार, बोले—वह जूनियर स्तर क्रिकेट से ही जानते थे कि ख्वाजा बेहतरीन खिलाड़ी बनेंगे

**सिडनी,03 जनवरी (एजेंसियां)।**

औस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज़ स्टीवन स्मिथ ने उस्मान ख्वाजा के टेस्ट करियर को 'शानदार' बताते हुए कहा कि वह उम्र-स्तर के क्रिकेट से ही जानते थे कि ख्वाजा एक बेहतरीन खिलाड़ी बनेंगे।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर एशेज सीरीज़ के आखिरी टेस्ट से पहले ख्वाजा के संन्यास पर प्रतिक्रिया देते हुए स्मिथ ने उनके 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर की जमकर तारीफ की।

स्मिथ ने क्रिकेट औस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि न्यू साउथ वेल्स के अंडर-एज मुकाबलों में ख्वाजा को खेलते देखकर उन्हें उनकी प्रतिभा का अंदाज़ा हो गया था।



स्मिथ के अनुसार, ख्वाजा गेंद की लेंथ जल्दी पढ़ लेते थे और स्टंप्स की ऊंचाई से गेंद को पुल करने की उनकी क्षमता शुरू से ही खास थी। उन्होंने कहा कि ख्वाजा ने अपने करियर में लगातार प्रगति की और यही उनकी सफलता की कुंजी रही। ख्वाजा का संन्यास औस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में बदलाव के दौर की शुरुआत माना जा रहा है। हालांकि, स्मिथ ने साफ किया कि वह अभी संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे हैं और टीम को इस संक्रमण काल से निकालने में भूमिका निभाना चाहते हैं। आने वाले 11 महीनों में औस्ट्रेलिया को 21 टेस्ट खेलने हैं, जिनमें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 2027 की एशेज सीरीज़ का रास्ता भी शामिल है। ख्वाजा ने अपने करियर में कई बार टीम से बाहर होने का सामना किया, खासकर उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में। स्मिथ ने स्वीकार किया कि कप्तान रहते हुए उन्होंने ख्वाजा को स्पिन के खिलाफ संघर्ष के कारण ड्रौप किया था, लेकिन वही अनुभव बाद में उनके लिए फायदेमंद साबित हुआ। 2018 के बाद ख्वाजा ने एशिया में स्पिन गेंदबाज़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और खुद को औस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन बल्लेबाज़ों में शामिल किया। ख्वाजा द्वारा अपने संन्यास प्रेस कौन्फ्रेंस में नस्लीय भेदभाव और अलग व्यवहार के आरोपों पर स्मिथ ने टिप्पणी करने से परहेज़ किया, लेकिन पर्थ टेस्ट से पहले उनकी तैयारी पर उठे सवालों को 'अनुचित' बताया। स्मिथ ने कहा कि ख्वाजा हमेशा एक जैसी तैयारी करते रहे हैं और किसी एक चोट को लेकर उन्हें निशाना बनाना सही नहीं है। अपने भविष्य को लेकर स्मिथ ने कहा कि उनके दिमाग में कोई तय अंतिम तारीख नहीं है। उन्होंने माना कि अनुभवी खिलाड़ियों का एक साथ संन्यास लेना टीम के लिए सही नहीं होगा। स्मिथ ने यह भी कहा कि वह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं और युवाओं को टेस्ट क्रिकेट की बारीकियां सिखाने में योगदान देना चाहते हैं। स्मिथ ने टीम के हालिया प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग मौकों पर जिम्मेदारी निभाई है, जिससे औस्ट्रेलिया एक मजबूत टेस्ट टीम बनकर उभरी है।

# स्टोक्स ने एशेज हार के बावजूद ईसीबी से मैकुलम पर भरोसा बनाए रखने की अपील की

**सिडनी,03 जनवरी (एजेंसियां)।**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने औस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज़ में करारी हार के बावजूद हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम पर भरोसा बनाए रखने की अपील की है। स्टोक्स ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से किसी भी तरह के जल्दबाज़ी भरे फैसले से बचने को कहा और 'बाज़बौल' दर्शन के साथ आगे बढ़ने का समर्थन किया।

पांच मैचों की एशेज सीरीज़ को कप्तान स्टोक्स और कोच मैकुलम की जोड़ी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा माना जा रहा था। वर्ष 2022 में साथ आने के बाद दोनों ने आक्रामक क्रिकेट की नई शैली को बढ़ावा दिया। हालांकि, इंग्लैंड की टीम औस्ट्रेलिया दौरे पर बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंची थी, लेकिन महज़ 11 दिनों के भीतर ही वह 3-0 से पिछड़ गई। इसके बावजूद मेलबर्न टेस्ट में जीत दर्ज कर इंग्लैंड ने औस्ट्रेलिया में 15 साल से चला आ रहा जीत का सूखा खत्म किया।



रविवार को सिडनी में खेले जाने वाले अंतिम टेस्ट से पहले मैकुलम के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्टोक्स ने कहा कि वह मैकुलम के साथ काम जारी रखना चाहते हैं।

ब्रिटिश मीडिया के हवाले से स्टोक्स ने कहा, 'मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि आने वाले समय में इस टीम को आगे ले जाने के लिए मैं और ब्रेंडन ही सही लोग हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई और व्यक्ति इस टीम को मौजूदा स्थिति से और ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। हम दोनों वही काम जारी रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं जो हम कर रहे हैं।'

स्टोक्स ने माना कि मैकुलम के साथ शुरुआती दौर की तुलना में अब टीम के नतीजों और निरंतरता में गिरावट आई है, लेकिन उन्होंने इसे सुधारने को लेकर भरोसा जताया।

उन्होंने कहा, 'हमें कुछ बातों पर चर्चा करनी होगी ताकि खिलाड़ी पहले से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। जब से मैंने और ब्रेंडन ने जिम्मेदारी संभाली है, तब से अब तक के सफर में हमें आगे बढ़ने के लिए कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा।'


एशेज दौरे के दबाव को लेकर भी स्टोक्स ने खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि मीडिया और सोशल मीडिया की लगातार निगरानी से खुद को और खिलाड़ियों को बचाना काफी थकाने वाला रहा।

स्टोक्स ने कहा, 'हमें इसकी उम्मीद थी और हमने इसकी तैयारी भी की थी। मैं पहले भी यहां कई दौरे कर चुका हूं, लेकिन इस बार दबाव पहले से कहीं ज्यादा रहा। सोशल मीडिया और मीडिया अब इतना बदल चुका है कि उनसे पूरी तरह दूर रहना नामुमकिन है।'

मजाकिया अंदाज में उन्होंने आगे कहा, 'मेरी चमड़ी काफ़ी मोटी है, लेकिन फिर भी सब कुछ न देख पाना असंभव है। इससे बचने का एक ही तरीका है कि फोन को नदी में फेंक दिया जाए, लेकिन मुझे अपने फोन पर गेम खेलना बहुत पसंद है, इसलिए ऐसा नहीं कर सकता।'

इंग्लैंड और औस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज़ का अंतिम टेस्ट रविवार से सिडनी में खेला जाएगा।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




# बीईएसएस प्रोजेक्ट 20 प्रतिशत सामान लोकल होना जरुरी, बनाया नियम

**नई दिल्ली,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम ( बीईएसएस ) के उन सभी प्रोजेक्ट्स में, जिन्हें सरकारी मदद (वीजीएफ) मिल रही है, कम से कम 20 प्रतिशत सामान या काम भारतीय (लोकल) होना जरूरी है। ऊर्जा मंत्रालय ने अब यह नियम बना दिया है। भारत सरकार ने देश के ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने यह नियम भी बना दिया है कि इन सिस्टम को चलाने वाला मुख्य सॉफ्टवेयर (ईएमएस) भी पूरी तरह मेड इन इंडिया होना चाहिए। वर्तमान में बैटरी और उससे जुड़ी तकनीक के लिए भारत काफी हद तक आयात (खासकर चीन) पर निर्भर है। 20प्रतिशत लोकल कंटेंट की शर्त से घरेलू कंपनियों को काम मिलेगा और विदेशी निर्भरता घटेगी। एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (ईएमएस) किसी भी ग्रिड का दिमाग होता है। सरकार की मंशा है कि सॉफ्टवेयर भारत में ही बने ताकि देश की बिजली सप्लाई और डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहे और बाहरी साइबर हमलों का खतरा न रहे। जब 20प्रतिशत हिस्सा स्थानीय होना अनिवार्य होगा तो भारत में छोटी-बड़ी कंपनियों को बैटरी पार्ट्स बनाने के नए ऑर्डर मिलेंगे।

इससे देश में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। ऊर्जा मंत्रालय ने बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) की खरीद में बड़ा बदलाव किया है। अब वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) योजना के तहत खरीदे जाने वाले बीईएसएस प्रोजेक्ट्स में कम से कम 20प्रतिशत स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल करना जरूरी होगा। यह नियम राज्यों और खरीद करने वाली संस्थाओं पर लागू होगा। मंत्रालय ने अगस्त में वीजीएफ दिशानिर्देशों में संशोधन कर यह भी कहा था कि एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (ईएमएस) सॉफ्टवेयर भारत में ही बनाया जाना चाहिए। यह कदम राज्यों की उन मांगों के बाद उठाया गया है, जिनमें वे वीजीएफ योजना के तहत बीईएसएस क्षमता लागू करने के लिए पब्लिक प्रोक्योरमेंट (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) ऑर्डर से छूट मांग रहे थे।

इस नए नियम के तहत, राज्यों और खरीद करने वाली संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इन नियमों का पालन करें। इसमें स्वदेशी रूप से विकसित एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (ईएमएस) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल भी शामिल है। पब्लिक प्रोक्योरमेंट ऑर्डर के तहत, कुछ ऐसी वस्तुओं को प्राथमिकता दी जाती है जिनकी घरेलू उत्पादन क्षमता और प्रतिस्पर्धा पर्याप्त है। बीईएसएस को अभी तक इस सूची में शामिल नहीं किया गया था। अगर किसी टेंडर में पहले से ही स्थानीय सामग्री का कोई विशेष उल्लेख नहीं है तो राज्य बोली लगाने वालों से इस आवश्यकता को पूरा करने का आश्वासन ले सकते हैं और अनुबंध आगे बढ़ा सकते हैं। वीजीएफ की दूसरी किस्त 30जीडब्ल्यूएच बीईएसएस क्षमता के विकास के लिए दी जाएगी। इस 30जीडब्ल्यूएच में से 25 जीडब्ल्यूएच स्टोरेज क्षमता 15 राज्यों को उनकी ऊर्जा भंडारण की जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए आवंटित की गई है। बाकी 5 जीडब्ल्यूएच क्षमता एनटीपीसी की ओर से विकसित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 2026 की ओर आत्मविश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ेगा महिंद्रा समूहः शाह

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक अनिश शाह ने कर्मचारियों को नए वर्ष का संदेश देते हुए कहा कि समूह 2026 की ओर आत्मविश्वास, सहयोगपूर्ण सोच, चुस्ती और साहस के साथ आगे बढ़ रहा है।



उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे बड़ा सोचें, कम प्राथमिकताओं पर ध्यान दें और उनका उत्कृष्ट क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि आगे बढ़ते हुए भी समूह के मूल्यों से जुड़ा रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा कि एक टीम के रूप में काम करते हुए ही समूह अपने उद्देश्य को साकार कर सकता है और पूरी क्षमता हासिल कर सकता है। उन्होंने कर्मचारियों से इस यात्रा का आनंद लेने का भी आग्रह किया। समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा द्वारा दिए गए बरगद के पेड़ के उदाहरण का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि यह पेड़ पोषण करता है, जीवन को छूता है और मूल्य सृजित करता है। महिंद्रा समूह भी इसी तरह समय के साथ ऊंचाइयों तक पहुंचा है और आगे भी बढ़ता रहेगा ।वर्ष 2025 की समीक्षा करते हुए शाह ने कहा कि समूह ने अभूतपूर्व अनिश्चितताओं का सामना किया, लेकिन कर्मचारियों के सहयोग और प्रतिबद्धता से संगठन सही दिशा में बना रहा।

### सरकार ने 22 कंपनियों के 41,863 करोड़ निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जा विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत 22 नई कंपनियों के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनका कुल निवेश 41,863 करोड़ रुपए है। अब तक इस योजना के तहत 46 कंपनियों को मंजूरी मिल चुकी है, जिससे कुल निवेश 54,567 करोड़ रुपए हो जाएगा। मंजूरी पाने वाली कंपनियों में टीडीके इंडिया, बीपीएल, विप्रो हाइड्रोलिक्स, मदरसन इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉक्सकॉन, सैमसंग डिस्प्ले, डिक्सन और हिंडाल्को शामिल हैं। ये कंपनियां कैपेसिटर, लीथियम-आयन सेल, कॉपर-क्लैड लैमिनेट, एन्क्लोज़र, एनोड मटीरियल, कनेक्टर, डिस्प्ले और कैमरा मॉड्यूल बनाएंगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी कंपनियों को अपनी डिज़ाइन टीम बनाने और शैक्षिक संस्थानों के साथ मानक डिज़ाइन सुविधा विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने छह हफ़्ते में ठोस योजना तैयार करने और सिक्स सिग्मा स्टैंडर्ड्स का पालन करने का निर्देश दिया, ताकि उत्पाद की गुणवत्ता विश्व स्तर की हो। इस पहल का लक्ष्य भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देना और छोटे-मझोले उद्योगों को डिज़ाइन तकनीक का लाभ पहुंचाना है।

### निजी बैंक बने पेंशन फंड मैनेजर, एनपीएस निवेशकों को ज्यादा विकल्प मिलेंगे

**नई दिल्ली।** पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के एक अहम फैसले से भारत के रिटायरमेंट बचत सिस्टम में महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद की जा रही है। नए नियमों के तहत अब शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अपने स्तर पर पेंशन फंड स्थापित कर सकेंगे। हालांकि, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के मौजूदा नियमों, ढांचे और निवेश सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पीएफआरडीए ने साफ किया है कि एनपीएस की संरचना पहले की तरह ही रहेगी। टैक्स लाभ, निवेश नियम, निकासी प्रक्रिया और नियामकीय निगरानी में कोई बदलाव नहीं होगा। यह फैसला केवल पेंशन फंड मैनेजमेंट में बैंकों की भागीदारी से जुड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बैंकों की सीधी भागीदारी से निवेशकों को अधिक विकल्प मिलेंगे। कर्मा मैनेजमेंट ग्लोबल कंसल्टिंग सॉल्यूशंस के अनुसार, एनपीएस का प्रोडक्ट तुरंत नहीं बदलेगा, लेकिन निवेशकों का अनुभव जरूर बेहतर होगा। बैंकों का बड़ा नेटवर्क और मजबूत डिजिटल सिस्टम, खासकर गैर-मेट्रो और ग्रामीण क्षेत्रों में, एनपीएस तक पहुंच को आसान बनाएगा। निवेशकों का भरोसा अहम भूमिका निभाएगा। जिन बैंकों से लोगों का पहले से संबंध है, उन्हीं से जुड़े पेंशन फंड मैनेजर चुनने का विकल्प निवेशकों को मिलेगा। इससे नामांकन और योगदान प्रबंधन की प्रक्रिया सरल होगी।




# सरकार ने 7,295 करोड़ रुपए के निर्यात सहायता पैकेज की घोषणा की

**एमएसएमई निर्यातकों के लिए सस्ता ऋण और बेहतर गारंटी व्यवस्था**

**नई दिल्ली,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**सरकार ने छोटे और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों को राहत देने के उद्देश्य से 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात सहायता पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज का मकसद निर्यातकों की ऋण तक पहुंच को आसान बनाना और वैश्विक व्यापार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनकी कार्यशील पूंजी की समस्याओं को कम करना है।**




यह पैकेज वित्त वर्ष 2026 से 2031 तक छह वर्षों के लिए लागू रहेगा। पैकेज का सबसे बड़ा हिस्सा 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना का है। इसके तहत निर्यातकों को निर्यात से पहले और निर्यात के बाद लिए गए ऋण पर 2.75 प्रतिशत तक ब्याज में रियायत मिलेगी। उभरते और कम प्रतिनिधित्व वाले बाजारों में निर्यात करने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रति फर्म वार्षिक लाभ की सीमा 50 लाख रुपये तय की गई है। शुरुआत में सरकार 830 करोड़ रुपये का बकाया चुकाएगी। सरकार ने निर्यात ऋण के लिए 2,114 करोड़ रुपये की गारंटी सहायता देने का भी फैसला किया है। इससे छोटे निर्यातकों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। चालू वित्त वर्ष में सरकार को दोनों योजनाओं पर 400 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह योजना पहले लागू ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) का नया संस्करण है, जिसे 31 दिसंबर 2024 के बाद बंद कर दिया गया था। नई योजना मुख्य रूप से छोटे और पहली बार निर्यात करने वाले निर्यातकों पर केंद्रित होगी।

### निंजा 1100 एसएक्स का 2026 एडिशन लॉन्च



**नई दिल्ली।** बाइक निर्माता कंपनी कावासाकी ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल निंजा 1100 एसएक्स का 2026 एडिशन लॉन्च कर दी है। कंपनी ने इस बार बाइक के इंजन को नए उत्सर्जन मानकों (ई20 कंप्लायंट) के हिसाब से अपडेट किया है। यह बाइक उन राइडर्स के लिए तैयार की गई है, जो लंबी जर्नी के साथ-साथ स्पोर्ट्स बाइक जैसी रफ्तार और परफॉर्मेंस चाहते हैं। 2026 मॉडल में सबसे बड़ा विजुअल बदलाव इसका कलर है। कंपनी ने पुराने ब्लैक और ग्रीन शेड को हटाकर अब मेटैलिक ब्रिलिएंट गोल्डन ब्लैक और मेटैलिक कार्बन ग्रे का कॉम्बिनेशन दिया है। यह नया कलर बाइक को पहले से ज्यादा प्रीमियम और क्लासी लुक देता है। लुक्स के मामले में बाइक का मस्कुलर डिजाइन और ट्रेडमार्क निंजा स्टाइल बरकरार रखा गया है। बाइक में 1,099सीसी का लिक्विड-कूल्ड, इनलाइन फोर-सिलेंडर इंजन दिया गया है। यह इंजन 136 एचपी की पावर और 113 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। नए अपडेट के साथ अब यह इंजन ई20 फ्यूल (20 प्रतिशत एथेनॉल मिक्स पेट्रोल) पर चलने में सक्षम है। कंपनी का दावा है कि इंजन को इस तरह ट्यून किया गया है कि राइडर को मिड-रेंज में ज्यादा बेहतर पावर मिले, जो हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान काफी मददगार साबित होती है। क्रूज कंट्रोल और क्विकशिफ्टर स्टैंडर्ड फीचर्स की बात करें तो इसमें 4.3 इंच की टीएफटी कलर डिस्प्ले दी गई है, जिसे स्मार्टफोन से कनेक्ट किया जा सकता है। बाइक में 6-एक्सिस आईएमयू (इनर्शियल मेजरमेंट यूनिट) सिस्टम मिलता है, जो कॉर्नरिंग एबीएस और ट्रैक्शन कंट्रोल जैसे सेफ्टी फीचर्स को कंट्रोल करता है। इसके अलावा इसमें बाई-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर दिया गया है, जिससे बिना क्लच दबाए गियर बदले जा सकते हैं। इसमें 19 लीटर का बड़ा फ्यूल टैंक है, जो लंबी यात्रा के दौरान बार-बार पेट्रोल भरवाने की झंझट को कम करता है।

# अदाणी टोटल ने सीएनजी और पीएनजी की कीमतें घटाई




**नई दिल्ली,03 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**अदाणी समूह और फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटालएनर्जीज के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटाल गैस लिमिटेड ने कई बाजारों में सीएनजी और घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की कीमतों में कटौती की है। इस फैसले से आम घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ सीएनजी वाहनों का उपयोग करने वाले लाखों लोगों को सीधी राहत मिली है।**

**कई राज्यों में गैस की कीमतों में चार रुपए तक की कटौती**

कंपनी के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में अधिकतम चार रुपये तक की कमी की गई है। कंपनी ने बताया कि यह कटौती पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा गैस परिवहन शुल्क में किए गए ऐतिहासिक सुधार के बाद संभव हो पाई है। नए ढांचे के तहत गैस परिवहन शुल्क को सुव्यवस्थित किया गया है, जिससे सिटी गैस वितरण कंपनियों की लागत में कमी आई है। इसी का लाभ उपभोक्ताओं को कम कीमतों के रूप में दिया गया है। एटीजीएल के अनुसार, कीमतों में कटौती परिवहन जोन के आधार पर अलग-अलग है। गुजरात और उससे सटे मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र क्षेत्रों सीएनजी की कीमत 0.50 रुपये से 1.90 रुपये प्रति किलोग्राम तक घटी है, जबकि घरेलू पीएनजी अधिकतम 1.10 रुपये प्रति मानक घन मीटर सस्ती हुई है। वहीं राजस्थान, पंजाब, हरियाणा-एनसीआर, उत्तरी मध्य प्रदेश और आसपास के उत्तर प्रदेश क्षेत्रों में सीएनजी 1.40 रुपये से 2.55 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हुई है और पीएनजी में 1.10 रुपये से 4 रुपये प्रति मानक घन मीटर तक की कमी आई है। टोरेंट गैस ने भी अपने परिचालन क्षेत्रों में सीएनजी की कीमत 3.50 रुपये प्रति किलोग्राम तक और घरेलू पीएनजी की कीमत दो रुपये प्रति मानक घन मीटर तक घटाने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, इस कटौती के बाद सीएनजी पेट्रोल की तुलना में करीब 43 प्रतिशत तक सस्ती हो जाएगी, जिससे स्वच्छ और किफायती ईंधन को बढ़ावा मिलेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### इंदौर...

रोकने के लिए बने विभाग की रिपोर्ट पर कुछ करती नजर आ रही है, और न ही उससे भविष्य में कुछ किये जाने की उम्मीद है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही राज्य के विपक्ष ने जब मूसी नदी में प्रदूषण को रोकने की माँग उठाई तो कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने यह कहकर सबकी बोलती बंद कर दी कि गंदगी, कचरा मूसी में नहीं, विपक्ष के दिमाग़ में है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सरकार जन-स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर कितनी गंभीर/चिंतित है। खैर, आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि हैदराबाद की 185 झीलों के पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है।

तेलंगाना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (TGPCB) द्वारा नामित हैदराबाद की 185 झीलों में से एक भी झील पानी की गुणवत्ता के आवश्यक मानकों पर खरी नहीं उतरी है। यह स्थिति शहर के शहरी जलमार्गों के पारिस्थितिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है।

TGPCB के नवीनतम आँकड़ों (1-2 जनवरी 2026) से झीलों में प्रदूषण के खतरनाक स्तर का पता चलता है, जिसमें घुली हुई ऑक्सीजन का निम्न स्तर, उच्च जैव रासायनिक ऑक्सीजन माँग (BOD) और भारी धातुओं की उपस्थिति शामिल है। ये सभी जल गुणवत्ता के आकलन के प्रमुख संकेतक हैं। गिरता ऑक्सीजन का स्तर ऊज पानी में उपलब्ध ऑक्सीजन की वह मात्रा है, जो जलीय जीवन के लिए आवश्यक है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सिफारिश के अनुसार, स्वस्थ झीलों में आमतौर पर ऊज का स्तर 5mg/l या उससे अधिक होना चाहिए। हालांकि, TGPCB के आँकड़े बताते हैं कि कई झीलों में DO का स्तर 0.3mg/l जितना कम है, जो 'मृत प्राय' जल की स्थिति को दर्शाता है, जहाँ जलीय जीवन का जीवित रहना असंभव है।

मीर आलम टैंक, अलवाल में कोत्ता चेरुवू, खाजागुडा में पेद्दा चेरुवू, कामुनी चेरुवू, बंजारा लेक और बोइन चेरुवू जैसी झीलों में ऑक्सीजन का स्तर गंभीर रूप से कम दर्ज किया गया है। यहाँ तक कि हुसैन सागर और दुर्गम चेरुवू जैसे बड़े जल निकायों को भी नहीं बख्शा गया, जहाँ DO का स्तर क्रमशः 1.1 और 2.7mg/l पाया गया।

### उड़ता हैदराबाद...

इसके अलावा, मुग्धा जंक्शन पर जुबली हिल्स चेकपोस्ट से कैंसर अस्पताल जंक्शन की ओर 2-लेन के अंडरपास का निर्माण किया जाएगा।

**हैदराबाद में एक और स्टील ब्रिज**

शहरवासियों के लिए यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए हैदराबाद में एक और स्टील ब्रिज बनने जा रहा है। हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (HMDA) ने पैराडाइज जंक्शन से शामीरपेट आउटर रिंग रोड (ORR) तक एक एलिवेटेड स्टील ब्रिज कॉरिडोर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ब्रिज तडढ से अशोकनगर तक बने मौजूदा स्टील ब्रिज की तर्ज पर बनाया जाएगा।

लगभग 4,263 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य प्रमुख निर्माण कंपनी 'बेंकॅम' (Beccun) को सौंपा गया है।

दो साल में पूरा करने का लक्ष्य

HMDA के मेट्रोपॉलिटन कमिश्नर सरफराज अहमद ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को अगले दो वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह स्टील ब्रिज वेस्ट मारेडपल्ली, कारखाना, तिरुमलागिरी, बोलारम, अलवाल, हकीमपेट और तुमकुंटा से होते हुए शामीरपेट ORR जंक्शन तक जाएगा।

इस ब्रिज के बन जाने से सिकंदराबाद से सीधे आउटर रिंग रोड के जरिए राजीव गांधी मार्ग (राजीव रहदारी) तक आना-जाना बेहद आसान हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहर के उत्तर में पैराडाइज से डेयरी फार्म तक एक और एलिवेटेड कॉरिडोर का काम भी शुरू किया गया है, जिससे दोनों मार्गों पर यात्रा की सुविधा काफी बेहतर होगी।

पैराडाइज जंक्शन से शामीरपेट जठठ तक कुल 18.18 किलोमीटर की दूरी में से 11.52 किलोमीटर हिस्सा पूरी तरह एलिवेटेड कॉरिडोर होगा। इसकी मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

✲ **टनल का निर्माण:** हकीमपेट एयरफोर्स अकादमी के पास 6-लेन की एक सुरंग बनाई जाएगी।

✲ **प्रवेश और निकास:** तिरुमलगिरी और अलवाल में वाहन चालकों की सुविधा के लिए विशेष एंट्री और एग्जिट पॉइंट दिए जाएंगे।

✲ **भूमि अधिग्रहण:** इस परियोजना के लिए 9.35 किमी के दायरे में आने वाली रक्षा विभाग की 114.50 एकड़ जमीन और 8.35 किमी के दायरे में 78.39 एकड़ निजी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। सड़क चौड़ीकरण के लिए लगभग 967 संरचनाओं को हटाया जाएगा।

**तेजी से बढ़ रहा डेयरी फार्म कॉरिडोर का काम**

पैराडाइज जंक्शन से मेडचल मार्ग पर डेयरी फार्म तक 5.40 किलोमीटर लंबे एक अन्य एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इस कॉरिडोर के 36 महीनों में पूरा होने की संभावना है। इसके तैयार होने के बाद सिकंदराबाद से मेडचल के रास्ते मेदक और निजामाबाद की ओर जाने वाला यातायात काफी सुगम हो जाएगा।

### अमेरिका ने मादुरो...

कब्जे की साजिश का आरोप लगाया गया है। उन्हें जल्द ही अमेरिकी अदालतों में न्याय का सामना करना पड़ेगा।'

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम वेनेजुएला के लोगों के साथ अपनी एकजुटता की पुष्टि करते हैं और देश के राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के लिए उसके बोलिवेरियन नेतृत्व द्वारा अपनाए गए मार्ग के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हैं।

रूस-चीन की तीखी प्रतिक्रिया और भारत का बयान

रूस का आया बयान: रूस ने कैरेबियन सागर में अमेरिका की बढ़ती गतिविधियों की आलोचना की थी और वेनेजुएला को पूरा समर्थन देने का ऐलान किया था। रूस के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका द्वारा की गई सशस्त्र आक्रामकता की निंदा की और संयम बरतने का आग्रह करते हुए राजधानी काराकास में तड़के हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद स्थिति को और बिगड़ने से रोकने की चेतावनी दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन कार्रवाइयों को उचित ठहराने के लिए दिए गए बहाने निराधार हैं।

चीन में आपात बैठक बुलाई गई है। चीन ने वेनेजुएला का समर्थन किया है और अमेरिका के एकतरफा कदमों की निंदा की है। चीन का विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह अमेरिका का 'हैगेमॉनिक एक्ट' है जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है।

मादुरो की गिरफ्तारी के बाद भारत का पहला रिएक्शन: वेनेजुएला में हुए अमेरिकी हमले के बाद भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि वे वेनेजुएला की यात्रा न करें। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को वेनेजुएला की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है।

वेनेजुएला में किसी भी कारण से मौजूद सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अपनी गतिविधियों को सीमित करने और काराकास स्थित भारतीय दूतावास से उनके ईमेल आईडी: cons.caA°acasmea.gov.in या आपातकालीन फोन नंबर +58-412-9584288 (व्हाट्सएप कॉल के लिए भी) के माध्यम से संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।'

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 04 जनवरी, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

### अग्रवाल समाज की अभिनव पहल

# सुपर सिंगर का ग्रांड फिनाले आज

## समाज में कार्यक्रम को लेकर उत्साह चरम पर

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित सुपर सिंगर प्रतियोगिता का भव्य ग्रांड फिनाले आज रविवार, दि. 4 जनवरी को भारतीय विद्या भवन, किंग कोटी में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर समाज के युवा, वरिष्ठ, महिलाएं और परिवार में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:00 बजे महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना से होगा। इसके बाद संगीत, प्रतिभा और सामाजिक एकता से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम अपने चरम पर पहुंचेगा।

### समाज की उन्नति को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित : अनिरुद्ध गुप्ता

समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज केवल व्यापार या सामाजिक मेल-जोल तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संस्कृति, कला और प्रतिभा के संरक्षण को भी अपनी जिम्मेदारी मानता है। उन्होंने कहा कि सुपर सिंगर जैसे कार्यक्रम समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और यह पहल समाज की समग्र उन्नति की दिशा में एक मजबूत कदम है।




उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के हर आयु वर्ग को जोड़ना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है। आगे भी ऐसे रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

### सुपर सिंगर के विजेता समाज के प्रेरणास्रोत होंगे : विकास केशान

समाज के महासचिव विकास केशान ने बताया कि सुपर सिंगर प्रतियोगिता केवल एक गायन मंच नहीं है, बल्कि यह समाज की पहचान और गौरव से जुड़ा हुआ आयोजन बन चुका है।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के विजेता भविष्य में समाज के प्रेरणास्रोत के रूप में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता समाज की प्रेरणा बनेंगे और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने का संदेश देंगे ।

### एएसटीएसएस से समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा : दिलीप पंसारी

अग्रवाल समाज तेलंगाना सुपर सिंगर आयोजन समिति के चेयरमैन दिलीप पंसारी ने कहा कि एएसटीएसएस जैसे मंच समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों को भी सक्रिय भागीदारी का अवसर देते हैं, जिससे समाज में आत्मीयता और एकजुटता बढ़ती है। यह आयोजन समाज को जोड़ने वाला सेतु है और इससे सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है।

### प्रतियोगिता की प्रक्रिया और फिनाले की खास बातें

इस प्रतियोगिता में कुल 80 पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। 15 दिसंबर को हुए पहले ऑडिशन में 45 प्रतिभागी बाहर हुए। 22 दिसंबर को दूसरे ऑडिशन में 20 प्रतिभागी चयन से बाहर हुए। इस प्रकार कुल 15 प्रतिभागी ग्रांड फिनाले के लिए चयनित हुए हैं।

ग्रांड फिनाले में: 45 वर्ष तक की आयु वर्ग में 5 में से 3 विजेता होंगे और 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 10 में से 3 विजेता चुने जाएंगे।

कुल 15 प्रतिभागी अपने सुरों से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीतने के लिए मंच पर उतरेंगे।

### संगीत, संस्कृति और समाज का संगम

सुपर सिंगर का यह ग्रांड फिनाले केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संगीत, संस्कार और समाजिक एकता का उत्सव होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य अतिथि और संगीत प्रेमियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

अग्रवाल समाज की यह अभिनव पहल न केवल प्रतिभाओं को पहचान देने का कार्य कर रही है, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोकर नई दिशा और नई पहचान भी दे रही है।

## एएसटी सुपर सिंगर्स ने महाराजा श्री अग्रसेन जी को किया नमन



**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, तेलंगाना द्वारा आयोजित एएसटी सुपर सिंगर टैलेंट हंट की पूर्व संध्या पर प्रतियोगियों ने बंजारा रोड नंबर 12 स्थित महाराजा श्री अग्रसेन जी की भव्य प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर पूजा अर्चना और नमन किया। इस अवसर पर प्रतियोगियों ने समाज के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम में समाज के उपाध्यक्ष एवं ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के सदस्य रुपेश अग्रवाल, सचिव और ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के सदस्य विकास केशान तथा ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ. दिलीप पंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगियों से टैलेंट हंट से संबंधित विषयों पर चर्चा की, उनके प्रश्नों का समाधान किया और सभी को प्रतियोगिता में अग्रिम शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने सभी से सहयोग और टीम भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

अवसर पर उपस्थित फाइनलिस्ट- अशोक बंसल, माणिकलाल अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, कनक पित्ती, अनूप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, निधीश सिंघल और विशाल अग्रवालने समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। सभी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना भी बढ़ती है। अग्रवाल समाज, तेलंगाना ने इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को सम्मान देने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना फैलाने का भी प्रयास किया। प्रतियोगिता और पूजा-अर्चना के माध्यम से समाज के सदस्य एकजुट होकर सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश देने में सफल रहे।




## स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर, रसूलपुरा में विष्णु सहस्रनाम पाठ का आयोजन आज

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सनातन प्रबोधिनी संस्था के तत्वावधान में रविवार, 4 जनवरी 2026 को सिकंदराबाद के रसूलपुरा स्थित बीएपीएस अक्षरधाम स्वामीनारायण मंदिर में विष्णु सहस्रनाम पाठ परायण का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगा और गणेश वंदना, भगवान स्वामीनारायण, भगवान वेंकटेश्वर स्वामी, श्री राधाकृष्ण एवं शिव-पार्वती के पूजन के साथ भव्य रूप से संपन्न होगा।इस अवसर पर डॉ. वेणुगोपाल चारी, पूर्व माननीय मंत्री, तेलंगाना सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों द्वारा नीलकंठ स्वामी का अभिषेक भी किया जाएगा।सनातन प्रबोधिनी संस्था की 108 महिला एवं पुरुष साधकों ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए रूपरेखा तैयार की है। मंदिर के कोठारी स्वामी श्री आत्म चिंतनदास जी एवं विमल स्वामी जी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम न केवल साधकों के आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करते हैं, बल्कि हिंदू संस्कृति और संस्कारों की पहचान स्थापित करने में भी मदद करते हैं।उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों में भाग लें और धार्मिक शिक्षाओं तथा संस्कारों को अपने जीवन में अपनाएं।


मंदिर के मुख्य स्वामी आत्म चिंतन दास जी को कार्यक्रम के लिए धन्यवाद देते हुए सनातन प्रबोधनि के सत्यनारायण जी।

## नागोल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 200 से अधिक रोगी हुए लाभान्वित




**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के नागोल क्षेत्र में शिवप्रिय सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक द्वारा मेडी आई केयर अस्पताल के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर को लोगों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 200 से अधिक रोगियों ने विभिन्न चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर दिया गया जोर

शिविर का उद्घाटन ममता मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर प्रकाश की उपस्थिति में किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय-उन्मुख चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी गई विविध चिकित्सा सेवाएं

वरिष्ठ सलाहकार बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मार्कण्डेयुलु के मार्गदर्शन में डॉ. एन. वेंकटेश्वरलु (वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक एवं उपाध्यक्ष, तेलंगाना मनोवैज्ञानिक संघ), डॉ. अन्वेश (ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर) तथा डॉ. प्रसन्ना द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। डॉ. प्रसन्ना ने विशेष रूप से नेत्र विज्ञान सेवाएं प्रदान कीं, जिससे बड़ी संख्या में मरीजों को आंखों से संबंधित समस्याओं के समाधान में सहायता मिली।

### मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन पर विशेष ध्यान

शिविर में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया। मनोवैज्ञानिक कल्याण और भावनात्मक लचीलापन विषय को केंद्र में रखते हुए श्रीमती वीदेही दलाल, साइको म्यूजिक एंड आर्ट थेरेपिस्ट ने रोगियों से संवाद किया और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में रचनात्मक उपचारों की भूमिका और महत्व के बारे में जागरूक किया।

### सफल आयोजन में टीमवर्क की अहम भूमिका

इस शिविर का कुशल समन्वय हरि शंकर (समन्वयक) द्वारा किया गया। ईसीजी फाउंडेशन की टीमसुदर्शन, रामाराव और शांतनके सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हुआ, जिससे शिविर की सफलता सुनिश्चित हो सकी। आयोजकों ने शिविर में मिली सकारात्मक जनभागीदारी पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की अधिक से अधिक समुदाय-केंद्रित स्वास्थ्य पहलों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र: जल निकासी व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सीवरेज लाइन कार्यों का उद्घाटन

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छता के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से आज महत्वपूर्ण सीवरेज लाइन विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोशामहल के विधायक टी. राजा सिंह शामिल हुए, जिनके नेतृत्व में इन विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। यह कार्यक्रम मंगलहाट की कॉर्पोरेटर एम. शशिकला कृष्णा और जामबाग के कॉर्पोरेटर राकेश जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### विकास कार्यों का विवरण: इन इलाकों की बदलेगी सूरत

निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए निम्नलिखित कार्यों का उद्घाटन किया गया है ।

जीतू भाई गली: यहाँ 5.50 लाख की अनुमानित लागत से सीवरेज लाइन के कार्यों का उद्घाटन किया गया।

लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर, कुमारवाड़ी: मंदिर के समीप सीवरेज लाइन कार्यों की शुरुआत की गई, जिसकी अनुमानित लागत 6.00 लाख है।

बेगम बाजार पुलिस स्टेशन, गोशामहल रोड: यहाँ भी 6.00 लाख की अनुमानित लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ हुआ।

इन सभी परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 17.50 लाख है, जो स्थानीय निवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात दिलाएगी।



### स्थानीय नेताओं और निवासियों की सक्रिय भागीदारी

इस उद्घाटन समारोह में विधायक और कॉर्पोरेटर्स के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बबलू, नरहरि, जीतू सर, राजन भाई, संजय, राकेश, बंटी, रमेश अन्ना, श्रीधर, शैलेंद्र, महिंदर, महेश, निखिल, राजकुमार, मयूर, अज्जू, संदीप और रघु शामिल हुए। इसके अलावा, बस्ती के बुजुर्गों, स्थानीय एसोसिएशन के अध्यक्षों और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने विधायक टी. राजा सिंह के इस कदम की सराहना की और उम्मीद जताई कि इन कार्यों से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा।

## राधे-राधे ग्रुप में मनाया गया पूजा संघी का जन्मदिन

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने आयोजित नियमित अनुदान कार्यक्रम के दौरान ग्रुप की सदस्य पूजा संघी का जन्मदिन सेवा भाव के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जगत नारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, वंश अग्रवाल, अनिल भाई, गोविंद राम जी, विनोद तोषनीवाल, लता गोयल, नीलम विजयवर्गीय, शर्मिला अग्रवाल, मीना अग्रवाल, पूजा संघी, जेविका संघी एवं अर्चना सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पूजा संघी ने राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक के सभी जन्मदिनों में आज का दिन सबसे अधिक शानदार और यादगार रहा। सेवा के माध्यम से जन्मदिन मनाने का अनुभव अविस्मरणीय है।कार्यक्रम के दौरान गौसेवा एवं अन्नदान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने पूजा संघी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।




बेगमबाजार स्थित एलएमजी स्मार्ट किड्स हाईस्कूल के विशाल प्रांगण में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी व करेंसी एक्जीबिशन में बतौर अतिथि भाग लेते हुए श्री राजकुमार अग्रवाल। साथ में संचालक श्री सुनील व्यास एवं श्रीमती शोभा व्यास।



जुमेरात बाजार स्थित बालाजी मंदिर में आयोजित अन्नदान कार्यक्रम में भाग लेते हुए के. मनोज कुमार, के. चंद्रकांत, जी. उमेश, पी. अनिकेत व अन्य।

## गौरवपूर्ण उपलब्धि : सीएसआईआर–आईआईसीटी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. चडा राजी रेड्डी इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसे के फेलो चुने गए

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीएसआईआर–भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. चडा राजी रेड्डी को बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज के फेलो के रूप में चुना गया है। उन्हें यह सम्मान रासायनिक विज्ञान, विशेष रूप से स्वास्थ्य देखभाल अनुप्रयोगों के लिए मफार्मास्युटिकल केमिस्ट्रीफके क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट अनुसंधान योगदान की मान्यता में दिया गया है।डॉ. रेड्डी का शोध मुख्य रूप से मऑर्गेनिक सिंथेसिसफ (कार्बनिक संश्लेषण) पर केंद्रित है। उन्होंने दवा खोज कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में बायोएक्टिव प्राकृतिक उत्पादों सहित नए अणुओं के संश्लेषण के लिए नवीन रासायनिक रणनीतियों के विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है।



डॉ. रेड्डी के अनुसंधान समूह ने कई महत्वपूर्ण एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स के लिए कुशल और स्केलेबल प्रक्रियाएं विकसित की हैं। इनमें नाइसर्गोलिन (NiceA°goline), फाविपिराविर और रेमडेसिविर जैसी दवाएं शामिल हैं। इनमें से कई तकनीकों को सफलतापूर्वक दवा उद्योगों को हस्तांतरित किया जा चुका है।उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक कोवैक्सि (भारत बायोटेक द्वारा विकसित स्वदेशी कोविड–19 वैक्सीन) में उपयोग किए जाने वाले एक एडजुवेंट मॉलिक्यूल के लिए स्केलेबल प्रक्रिया विकसित करना है। वे इस महत्वपूर्ण परियोजना से जुड़े प्रमुख वैज्ञानिकों में से एक रहे हैं।डॉ. रेड्डी की अकादमिक यात्रा बेहद प्रभावशाली रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ख्याति की पत्रिकाओं में 193 शोध लेख प्रकाशित किए हैं, दो पुस्तक अध्याय लिखे हैं और उनके नाम पर 16 पेटेंट दर्ज हैं। उनके मार्गदर्शन में अब तक 35 से अधिक छात्रों को पी.एच.डी. की उपाधि मिल चुकी है, जबकि 12 अन्य छात्र वर्तमान में उनके अधीन डॉक्टरेट शोध कर रहे हैं।इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज का फेलो चुना जाना उनके करियर की कई प्रतिष्ठित उपलब्धियों में से एक है। उनके अन्य प्रमुख सम्मानों में– नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, इंडिया (एनएएसआई) के फेलो। सीएसआईआर टेक्नोलॉजी अवार्ड्स।

एनएएसआई–रिलायंस इंडस्ट्रीज प्लेटिनम जुबली अवार्ड। सीए–सआईआर ब्रॉन्ज मेडल। सीडीअ–रआई ड्रग रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड और एवीआरए यंग साइंटिस्ट अवार्ड। तेलंगाना एकेडमी ऑफ साइंसेज के फेलो शामिल हैं।

## उस्मानिया विश्वविद्यालय की प्रो. बी. विजय सावित्रीबाई फुले एक्सीलेंसी अवार्ड से सम्मानित

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उस्मानिया विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग की प्रमुख (एचओडी) एवं ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स की निदेशक प्रोफेसर श्रीमती बी. विजय को सावित्रीबाई फुले एक्सीलेंसी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर तेलंगाना मेधावियों के फोरम की राज्य इकाई द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बी. विजय ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा, विकास और अधिकारों के लिए समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि महिला अधिकार ही मानव अधिकार हैं का विचार सर्वप्रथम सावित्रीबाई फुले ने ही समाज के सामने रखा, जो आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाने का आह्वान किया।

तेलंगाना मेधावियों के फोरम की राज्य इकाई के अध्यक्ष डॉ. राज नारायण मुदिराज ने अपने संबोधन में कहा कि क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले पिछले 22 वर्षों से महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा




का स्रोत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि फुले दंपत्ति के प्रयासों ने भारतीय समाज में शिक्षा की दिशा और दशा बदल दी।

उस्मानिया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एल. अशोक कुमार ने युवाओं से अपील की कि वे सावित्रीबाई फुले के जीवन, संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के प्रसार और सामाजिक समानता के लिए कार्य करें।

कार्यक्रम में तेलंगाना मेधावियों के फोरम के राज्य प्रधान महासचिव डॉ. मोहम्मद अख्तर अली, उस्मानिया विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्रोफेसर एम.ए. हमीद सहित अनेक प्रोफेसरगण, शिक्षाविद् एवं छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर बी. विजय को पुष्पमाला, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की गई।

## वेदाश्री कला संगम द्वारा कौशिकी 2025 का भव्य आयोजन

### अखिल भारतीय स्तर पर बाल कला प्रतिभाओं का प्रेरणादायी संगम




**हुब्बल्ली, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वेदाश्री कला संगम के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय स्तर की प्रदर्शनी एवं दृश्य कला महोत्सव ङ्कौशिकी 2025फ अत्यंत भव्यता, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कला महोत्सव ने देशभर से आई बाल प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान कर भारतीय कला एवं संस्कृति की विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

कर्नाटक, केरल, विशाखापत्तनम, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं चेन्नई सहित देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों बच्चों ने इस महोत्सव में भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्वास ने पूरे आयोजन को जीवंत और प्रेरणादायी बना दिया।

विविध कला विधाओं में हुई प्रतियोगिताएं। जिसमें शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, पश्चिमी नृत्य, कर्नाटक एवं हिंदुस्तानी संगीत, वाद्य संगीत और चित्रकला जैसी विविध कला विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों की साधना, अभ्यास और कलात्मक अभिव्यक्ति स्पष्ट रूप से झलकती रही।

इस वर्ष महोत्सव का प्रमुख आकर्षण ज्ञानपायनिधि नृत्य शैली रही, जिसमें सैद्धांतिक एवं बौद्धिक ज्ञान को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करने की अभिनव पहल की गई। इस अनूठे प्रयोग को दर्शकों और विशेषज्ञों द्वारा विशेष सराहना मिली। प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निर्णायकों द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में0- अमेरिका के गुरु प्रसन्ना कस्तूरी, बेंगलुरु के कलायोगी पुलिकेशी कस्तूरी, कतर के डॉ. विष्णु सेल्वा कुमार शामिल रहे। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रतिभाओं को कौशिकी सम्मान, कलाभूषित सम्मान, नृत्य साधक सम्मान और नृत्य संहिता सम्मान जैसे विशेष अलंकरण प्रदान किए गए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और आत्मविश्वास और भी बढ़ा।

कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के कपड़ा, शुगर एवं एपीएमसी मंत्री तथा हावेरी जिला प्रभारी मंत्री शिवानंद पाटिल के कर–कमलों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रम समिति के सदस्य एवं समाजसेवी महेंद्र एच. सिंघी उपस्थित रहे।

विशेष अतिथियों में विमल तालिकोटि, उदय धाडोटी, सुजाता दयान, अशोक बी. दयान एवं एसीपी नवलगुंड सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम का सफल एवं सुसंगठित संचालन भाग्यश्री काशीना ने किया। यह आयोजन मिशी गौरव तथा दयानवारा एवं दयानवरा निसर्ग वंदाकुदरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसने बच्चों में कला के प्रति रुचि, अनुशासन, आत्म–अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को सशक्त रूप से विकसित किया।कार्यक्रम आयोजक ख़ुशी जैन एवं गौरव जैन ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कला मंचों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

## अन्नदान सबसे बड़ा दान : नंदकिशोर अग्रवाल



**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर इंडो–अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क में नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों व राहगीरों को भोजन वितरित किया गया।

अन्नदान कार्यक्रम के दौरान नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। भूखे व्यक्ति को भोजन कराना ही सच्ची मानव सेवा है। ऐसे सेवा कार्यों से समाज में करुणा, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद का उद्देश्य निरंतर सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाना है।

नंदकिशोर अग्रवाल ने बताया कि ग्रुप द्वारा नियमित रूप से अन्नदान एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज के कमजोर वर्ग को सहयोग मिल सके। उन्होंने इस सेवा कार्य में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, आशा अग्रवाल तेलवाले, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, उमाकांत जी गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, संजय गोयल, किरण गोयल, हरीश तोलाराम हिंदुजा, रणधीर सहित राधे–राधे ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।



श्रृंग ऋषि भवन पर गंगटोक सिक्किम विप्र फाउंडेशन के प्रभारी केशव शर्मा पणडीत के नगरगमन पर विप्र फाउंडेशन जोन 16 तेलंगाना द्वारा शाल माला व साफा द्वारा सम्मान करते जोन 16 के अध्यक्ष हरिकिशन ओझा महामंत्री रामदेव नागला हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष भरत चांडा कोषाध्यक्ष अर्जुन थनवी प्रचार मंत्री संदीप जायलवाल साथ मे जोन 16 से जुड़े रामनिवास पाराशर, सुरेश गांधी, विजय शर्मा पांडिया, दामोदर जोशी, हरिप्रसाद रिणवा,उपस्थित थे।

## सत्य सुंदर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन और मेडिसिटी अस्पताल का दूसरा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर कल से

**हैदराबाद, 2 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सत्य सुंदर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने मेडिसिटी अस्पताल के सहयोग से शुक्रवार को घोषणा की कि वह 5 और 6 जनवरी को हैदराबाद के चूड़ी बाजार स्थित सनातन धर्म भवन में अपना दूसरा मफ्री मेगा मेडिकल कैंपफ आयोजित करेगा।

यह घोषणा बंजारा हिल्स में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य हैदराबाद और आसपास के क्षेत्रों के वंचित समुदायों को मुफ्त और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। मेडिसिटी हॉस्पिटल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इनिश मर्चेंट ने कहा कि अस्पताल शिविर के दौरान पहचाने गए रोगियों को पूर्ण चिकित्सा, नैदानिक (डायग्नॉस्टिक) और सर्जिकल सहायता प्रदान करेगा।




सत्य सुंदर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के संस्थापक, ठाकुर गोपाल सिंह ने कहा कि यह पहल बीमारियों के शीघ्र निदान, समय पर उपचार और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करने पर केंद्रित है।

अमरा लैंड सिक्योरिटीज की प्रबंध निदेशक, रानू सिंह राजपूत ने बड़े पैमाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य पहल का समर्थन करने में संगठनों और संस्थानों द्वारा सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। आयोजकों ने बताया कि चूड़ी बाजार स्थित इस शिविर में सामान्य चिकित्सा, जनरल सर्जरी, ईएनटी (नाक, कान, गला), बाल रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, पल्मोनोलॉजी, त्वचा विज्ञान, स्त्री रोग और ऑन्कोलॉजी (कैंसर) जैसी कई विशिष्टताओं के विशेषज्ञ परामर्श देंगे।

शिविर के दौरान विभिन्न नैदानिक सेवाएँ पूरी तरह से मुफ्त प्रदान की जाएंगी, जिनमें– ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर टेस्ट। कम्प्लीट ब्लड काउंट और लिपिड प्रोफाइल। ईसीजी और एक्स–रे। अल्ट्रासाउंड और पैप स्मीयर टेस्ट शामिल हैं।

आयोजकों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मरीजों को उन्नत उपचार या सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी, उन्हें विशेष व्यवस्था के माध्यम से मेडिसिटी अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी गंभीर स्थिति वाले मरीज को उचित देखभाल मिले।

# सिकंदराबाद माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा हुरडा पार्टी एवं काइट फेस्टिवल का भव्य आयोजन

## 76 बहनों ने लिया आनंददायक एवं यादगार भ्रमण में भाग






**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिकंदराबाद माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा 02 जनवरी 2026 को हुरडा पार्टी एवं काइट फेस्टिवल के साथ एक आनंददायक और यादगार भ्रमण का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की कुल 76 बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

महिला मंडल की सभी बहनें प्रातः सुबह 7.00 बजे बस द्वारा हर्षोल्लास और उमंग के साथ रवाना हुईं। यात्रा के दौरान सभी ने सामूहिक रूप से गीत-संगीत का आनंद लिया, जिससे पूरे सफर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इसके पश्चात सभी सदस्य आर.के. फार्म हाउस, सेडम पहुँचीं।फार्म हाउस में महिला मंडल द्वारा हुरडा पार्टी एवं काइट फेस्टिवल का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेल, तंबोला, सामूहिक गतिविधियाँ तथा पारंपरिक हुरडा का सभी बहनों ने भरपूर आनंद लिया। काइट फेस्टिवल एवं विभिन्न खेलों में विजेता बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### कोडंगल बालाजी मंदिर में दर्शन और गोष्ठी प्रसाद

कार्यक्रम के पश्चात वापसी के दौरान धनुर्मास के पावन अवसर पर कोडंगल बालाजी मंदिर में दर्शन किए गए। इस अवसर पर मंडल की ओर से गोष्ठी प्रसाद की भी सुंदर व्यवस्था की गई, जिससे आध्यात्मिक वातावरण और भी भावपूर्ण बन गया।

इस सफल आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती तारा बंग, मंत्रानी सीमा इन्नानी, कोषाध्यक्ष पूजा लोया, उपाध्यक्ष सुनीता बजाज, श्रुति राठी, निशा राठी, वर्षा लोया, बबीता बंग, आशा लोया, पदमा दरक, कोमल राठी, गीता राठी सहित कोर कमेटी के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम बना प्रेरणादायी

साथ ही तेलंगाना0आंध्र प्रदेश महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रजनी राठी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अग्रवाल, सुनीता मंत्री एवं युवती संगठन की मंत्रानी सुषमा मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष किरण लोया तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी सफल एवं प्रेरणादायी बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द, खुशी और उल्लास का वातावरण बना रहा। सभी बहनों ने इस सुंदर आयोजन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सफल और यादगार बताया।

# जन सेवा संघ की पहल से 17 वर्षीय नाबालिग बालिका सुरक्षित बरामद



**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जन सेवा संघ के महासचिव श्री राजीव चौबे द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सोनम गौड़ (उम्र 17 वर्ष), पिता दिनेश गौड़ एवं माता श्रीमती शारदा गौड़, मूल निवासी उड़ीसा और वर्तमान में इश्नापुर, संगारेड्डी जिला में निवासरत, बीते 23 अप्रैल 2025 से लापता थीं।

लड़की के माता-पिता द्वारा संबंधित पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी, किंतु लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से वे अत्यंत चिंतित हो गए। इसके पश्चात उन्होंने जन सेवा संघ से सहायता की गुहार लगाई।जन सेवा संघ के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिजनों की बात गंभीरता से सुनते हुए उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को एडिशनल डीजीपी डी. एस. चौहान से मुलाकात करवाई। एडिशनल डीजीपी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिया और उसी दिन संगारेड्डी एसपी पंकज पारितोष को नाबालिग बालिका की तलाश हेतु विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए।जन सेवा संघ के प्रेरणास्रोत वी. के. सिंह के मार्गदर्शन में तथा संस्था के पदाधिकारियों आर. पी. सिंह, राजीव चौबे, बिनीत सिंह, वी. डी. चौबे, के. डी. चौबे, श्रीकांत पांडेय, एल. एम. चौधरी एवं बसंत सोलंकी के निरंतर और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप, 31 दिसंबर को नाबालिग बालिका सोनम गौड़ को बंगाल बॉर्डर से सुरक्षित बरामद कर लिया गया।इस मानवीय और सराहनीय सहयोग के लिए पीड़ित परिजनों ने जन सेवा संघ के सभी पदाधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि संस्था का सहयोग न मिलता, तो उनकी बेटी की सुरक्षित वापसी संभव नहीं हो पाती।



**भाषाई अल्पसंख्यक सेल, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल को एसकेएम प्रीमियर लीग 2025-26 में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए श्री कृपा मार्केट होलसेल रिटेल मर्चेंट एसोसिएशन मलकपेट के अध्यक्ष चिक्का चंद्र मोहन, महासचिव दीपक मोदी एवं ललित अग्रवाल।**

# जिंसी चौराहा स्थित आंगनवाड़ी स्कूल में सावित्री ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव मनाया गया



**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिंसी चौराहा स्थित वाला आंगनवाड़ी स्कूल में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्री ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर किशन सिंह, इंद्रपाल नंदेश सहित बस्ती के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सावित्री ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्लेट व कमल दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किशन सिंह ने बस्तीवासियों को सावित्री ज्योतिबा फुले जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज समाज में जो महिलाएं और दलित-वंचित वर्ग ऊँचे पदों पर पहुँचे हैं, वह सब सावित्री ज्योतिबा फुले के त्याग, संघर्ष और बलिदान का ही परिणाम है।

उन्होंने बताया कि उस दौर में सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध खड़े होकर सावित्रीबाई फुले ने सती प्रथा का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन और नारियों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। इस दौरान उन्हें सामाजिक अपमान सहना पड़ा, उन पर गोबर फेंका गया, यहाँ तक कि स्कूल चलाने के लिए उन्हें जमीन तक नहीं दी गई।अपने संबोधन में किशन सिंह ने सरकार से मांग की कि इतनी महान समाज सुधारक और भारत की प्रथम महिला शिक्षक के सम्मान में प्रतिवर्ष सरकारी स्कूलों में सावित्री ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव आधिकारिक रूप से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह नई पीढ़ी को सामाजिक समानता और शिक्षा के महत्व से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी सावित्री ज्योतिबा फुले के जीवन, कार्य और समाज सुधार में उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए तथा उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

# मदी पुरुषोत्तम रेड्डी : खैरताबाद सेंट्रल आरटीए के पीछे की प्रेरक शक्ति

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) मदी पुरुषोत्तम रेड्डी को तेलंगाना परिवहन विभाग के सबसे अनुभवी और समर्पित अधिकारियों में से एक माना जाता है। साढ़े तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर में उन्होंने परिवहन प्रशासन को मजबूत करने, प्रवर्तन प्रणालियों में सुधार करने और नागरिक-केंद्रित सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पुरुषोत्तम रेड्डी ने 1992 में खैरताबाद परिवहन कार्यालय में एक जूनियर असिस्टेंट के रूप में अपनी सरकारी सेवा शुरू की थी। अपनी निष्ठा और अनुकरणीय प्रदर्शन के माध्यम से, वे निरंतर प्रगति करते रहे। 2019 में उन्हें आरटीओ के रूप में नियुक्त किया गया और उन्होंने 2019 से 2024 तक गडवाल जिले में अपनी सेवाएँ दीं। साल 2024 से वे खैरताबाद स्थित सेंट्रल आरटीए मुख्यालय में आरटीओ के रूप में कार्यरत हैं। उनकी अगली पदोन्नति डिप्टी कमिश्नर के रूप में 2027 में होनी है।

### सेलेब्रिटी संपर्क और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा

खैरताबाद सेंट्रल आरटीए में उनके कार्यकाल के दौरान, तेलुगु फिल्म उद्योग (टॉलीवुड) की कई प्रमुख हस्तियों ने अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस जैसी आधिकारिक सेवाओं के लिए कार्यालय का दौरा किया है। ऐसे अवसरों पर, श्री पुरुषोत्तम रेड्डी ने उन्हें सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों और डिजिटल परिवहन प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया है।

कई हस्तियों ने सार्वजनिक संदेशों और डिजिटल आउटरीच के माध्यम से अपना सहयोग दिया है, जिससे जिम्मेदार ड्राइविंग के महत्व को बल मिला है।

सड़क सुरक्षा के प्रबल समर्थक के रूप में, वे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के अनुपालन में सुधार के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उनके ये प्रयास राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के उद्देश्यों के अनुरूप हैं, जिसका औपचारिक उद्घाटन 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 की अवधि के लिए खैरताबाद में किया गया था।



**टेनिस की उभरती सनसनी मनाल शम्सुद्दीन खैरताबाद आरटीओ मदी पुरुषोत्तम रेड्डी से अपना लर्नर लाइसेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए।**

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 और डिजिटल सुधार

सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन परिवहन और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने किया। उन्होंने जागरूकता सामग्री जारी की, हेलमेट वितरित किए और सार्वजनिक भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री महोदय ने ओवर-स्पीडिंग, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाइल का उपयोग जैसी दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डाला और चेतावनी दी कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने जैसे सख्त कदम जारी रहेंगे।

श्री रेड्डी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के परिवहन सेवा पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुधारों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अप्रैल 2025 में राज्य प्रणालियों के साथ एकीकृत इस मंच ने पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाया है। अब लर्नर लाइसेंस आवेदकों के लिए सड़क सुरक्षा वीडियो देखना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को मजबूती मिली है।दशकों की प्रतिबद्ध सार्वजनिक सेवा के साथ, मदी पुरुषोत्तम रेड्डी प्रशासनिक उत्कृष्टता और जन कल्याण के प्रति समर्पण का उदाहरण पेश कर रहे हैं, जो उन्हें तेलंगाना के परिवहन प्रशासन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनाता है।

# राजेश मुनि जी एवं ऋषभ मुनि जी के पावन प्रवचनों से भक्तजन हुए भावविभोर





**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
सुदर्शन लाल जी म.सा. के सुशिष्य, गुरु मया0 मदन0 सुदर्शन संघ के मूर्धन्य संत, जिनशासन गौरव एवं धर्म प्रभावक पूज्य गुरुदेव श्री राजेश मुनि जी म.सा. श्रमण एवं सेवाभावी पूज्य श्री ऋषभ मुनि जी म.सा. (ठाणा 0 2) के पावन सान्निध्य में शनिवार, 3 जनवरी 2026 को एक आध्यात्मिक आयोजन संपन्न हुआ।यह पावन प्रवचन शाहअलीभंडा, हैदराबाद स्थित सुभाषचंद 0आनंद0 गणेश मुणोत परिवार के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।

प्रातः 9:15 बजे से 10:30 बजे तक चले प्रवचन में पूज्य मुनिश्री ने धर्म, संयम, अहिंसा और आत्मशुद्धि पर सारगर्भित विचार रखे। उनके प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालु गहन आध्यात्मिक भाव में डूब गए और जीवन में धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त की।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन प्रवचन में पधारे। प्रवचन के पश्चात मुणोत परिवार की ओर से अल्पाहार की सुंदर व्यवस्था की गई, जिसमें सभी भक्तों ने सहभागिता की।

**IN THE COURT OF THE HON'BLE 5th JUNIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT, AT HYDERABAD.**

**O.S.No. 5451 of 2025**

**BETWEEN:**
**Naresh Agarwal**
...Plaintiff

**AND**

**(1) Mandal Revenue Officer, Shaikpet Mandal, Hyderabad**
...Defendants

**(2) All concern**


**To**

**(2) All concern**

Take notice that the above plaintiff filed legal heir suit and if any person or having any objections, you are hereby directed to appear before the Hon'ble Court on 5-2-2026 at 10:30 A.M. either by person or through Pleader otherwise matter will be decided in your absence. Hence this notice.

**BY ORDER OF COURT**

**Sd/-**
**Sri Bankat Lal Mandhani**
**Sri Shrikanth Mandhani**
**Advocate, Hyderabad.**
**Ph: 9959746331**



**सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता वी. अशोक कुमार को उच्च न्यायालय में केंद्र सरकार के वरिष्ठ पैनल परिषद सदस्य नियुक्त होने पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सेन। साथ में हैं ब्राह्मण समाज राज्य के आयोजक सी. वेंकटेश्वर राव और वरिष्ठ अधिवक्ता जगन मोहन रेड्डी।**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविंद नारायण राठी ने भारतीय जनता पार्टी, तेलंगाना के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गोविंद नारायण राठी ने संगठन महामंत्री चंद्रशेखर को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर सम्मानित किया।



**जियगुड़ा प्रभाग के इमामपुरा क्षेत्र में श्री अयप्पा स्वामी पडी पूजा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। यह कार्यक्रम चिन्नाराम धनराज, आदर्श, सिद्धार्थ कन्या स्वामी एवं एम. सत्यनारायण गुरु स्वामी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथियों को शॉल और फूलों की माला भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जियगुड़ा इमामपुरा नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, टीआरएस जियगुड़ा के महासचिव चटला बाबू, पूर्व उपाध्यक्ष के. श्रीकांत तथा कोषाध्यक्ष एम. महेश बाबू विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Army No.15448828W, Rank-HAV/XRA, Name- ALLAKONDA SATHISH, R/o Military Hospital Golconda, Langer House, Hyderabad, TG-08, I have changed my Wife Surname from BISAGONI ARCHANA to ALLAKONDA ARCHANA In my service Document. Affidavit date:02/01/2026

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Jyothi W/o Mallikarjun G, R/o Benachinamaradi, Belgaum, Karnataka-591344, have changed my name from JYOTHI to JYOTI GANAGI & DOB from 24-06-1990 to 01-01-1988, vide affidavit dt.3-1-2026, before Sec-Bad Court

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री का विपक्ष से आह्वान

# नदी जल विवादों पर चर्चा में हों शामिल

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार शाम विधानसभा में विपक्ष से नदी जल प्रबंधन, विशेष रूप से कृष्णा और गोदावरी नदियों के मुद्दों सहित राज्य के महत्वपूर्ण विषयों पर बहस में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

पालमुरू जिले से जुड़े अपने व्यक्तिगत अनुभवों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने पानी की कमी, गरीबी और क्षेत्रीय विकास की वास्तविक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से सूखे और पलायन से प्रभावित रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, इन कठिनाइयों को प्रत्यक्ष रूप से देखने के कारण, मैं प्रभावी नीति-निर्माण की तात्कालिकता को समझता हूँ।

### केसीआर की अनुपस्थिति पर सवाल: चर्चा के लिए खुला निमंत्रण

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने तेलंगाना के साथ घोर अन्याय का आरोप लगाया है और इसके लिए कांग्रेस पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है, वहीं उम्मीद यह थी कि अपने अनुभव को देखते हुए केसीआर रचनात्मक योगदान देंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा, हमने केसीआर को कृष्णा नदी के पानी पर एक दिवसीय चर्चा और गोदावरी नदी के पानी पर एक अन्य चर्चा के लिए आमंत्रित किया था।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विधानसभा तथ्यों, रचनात्मक चर्चा और जनहित का एक मंच है। उन्होंने आगे कहा, यह सदन तेलंगाना के चार करोड़ से अधिक लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यहाँ बोला गया हर शब्द राज्य की सेवा में होना चाहिए, न कि राजनीतिक दिखावे के लिए।

### जवाबदेही और विपक्षी भूमिका: तीखी आलोचना

रेवंत रेड्डी ने विधानसभा बहसों में विपक्षी नेताओं की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त की और जोर दिया कि सार्वजनिक जवाबदेही के लिए उनकी भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नदी जल प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा प्रभावी ढंग से तब तक आगे नहीं बढ़ सकती जब तक कि मुख्य हितधारक उपस्थित न हों।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के नेता (केसीआर) की पिछले दो वर्षों में बार-बार विधानसभा सत्रों से अनुपस्थित रहने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि 40 साल के राजनीतिक अनुभव का दावा करने के बावजूद वे सदन में नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, उनसे बार-बार शामिल होने की अपील की गई, लेकिन वे नहीं आए। उन्होंने आगे कहा कि हम चर्चा में भाग नहीं लेंगेङ्ग जैसे बयान विधायिका का अपमान हैं।

### विवादित बयानों पर पलटवार

कथित तौर पर केसीआर और हरीश राव द्वारा राजनीतिक विरोधियों को कपड़े उतारने या खाल उधेड़ने की धमकी भरे बयानों का जिक्र करते हुए रेवंत रेड्डी ने कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा, यदि वे विधानसभा की बहसों में भाग लेते, तो तेलंगाना की जनता को पता चल जाता कि कौन किसके कपड़े उतारता और कौन किसकी खाल उधेड़ता। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी दलों से नीतिगत चर्चाओं में रचनात्मक सहयोग की अपील की।

# इंदिराम्मा आवास योजना: तेलंगाना में 52,000 घर बनकर तैयार, जल्द होगा गृह प्रवेश

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने शनिवार को विधानसभा में सूचित किया कि इंदिराम्मा आवास योजना के तहत निर्मित 52,000 घर लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह के लिए पूरी तरह तैयार हैं।विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहले चरण में 4.50 लाख घरों को मंजूरी दी थी। इनमें से लगभग तीन लाख घर निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं, जबकि 52,000 घर रहने के लिए तैयार हो चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पहले चरण के सभी घरों का निर्माण अगले मानसून सीजन से पहले पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इंदिराम्मा घरों की स्वीकृति अभी तीन और चरणों में जारी रहेगी।

### निरंतर प्रक्रिया के रूप में लागू होगी योजना

श्रीनिवास रेड्डी ने घोषणा की कि राज्य के हर पात्र गरीब व्यक्ति को आवास प्रदान करने के लिए इस योजना को एक निरंतर



प्रक्रिया के रूप में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, इंदिराम्मा आवास योजना गरीबों के लिए आत्म-सम्मान का प्रतीक है। इसके तहत हर साल मार्च और अप्रैल के दौरान घर स्वीकृत किए जाएंगे।मंत्री ने उल्लेख किया कि कांग्रेस सरकार ने पिछली सरकार के दौरान अधूरे रह गए घरों के लिए 204 करोड़ जारी किए हैं, जो वित्तीय सहायता प्रदान करने में विफल रही थी। उन्होंने बताया कि राज्य भर के 133 कॉलोनियों में 36,000 घर ऐसे थे जिनकी केवल दीवारें खड़ी थीं और वहाँ बुनियादी सुविधाओं का अभाव था।

### बुनियादी सुविधाओं का विकास और लंबित परियोजनाओं का समाधान

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के सुझावों पर अमल करते हुए, इन क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए 744 करोड़ खर्च किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि कुछ 2इक्ष्य घर बनाए तो गए थे लेकिन किसी को आवंटित नहीं किए गए। अब इन अधूरे घरों के लिए 455 करोड़ मंजूर किए गए हैं, जिन्हें जल्द ही पात्र लाभार्थियों को सौंप दिया जाएगा।उन्होंने आगे कह कि पिछली सरकार के एक प्रमुख व्यक्ति ने वसालामारी में घर देने का वादा किया था लेकिन निभाया नहीं, वहाँ भी अब सरकार घर बना रही है।

ग्रेटर हैदराबाद सीमा के भीतर आवास निर्माण के लिए भूमि की पहचान कर उसे स्वीकृत किया जाएगा।राज्य में अब तक 20 लाख लोगों को संभावित लाभार्थी के रूप में पहचाना गया है, जिन्हें ङ-1, एल-2 और एल-3 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

सत्र के दौरान कांग्रेस और भाजपा के विधायकों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अधिक घर स्वीकृत करने की मांग उठाई।

# विधानसभा ने स्थानीय चुनावों के लिए दो बच्चों की अनिवार्यता को समाप्त करने वाला विधेयक पारित किया

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा ने शनिवार को एक विधेयक पारित किया, जिसमें दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को स्थानीय निकाय चुनावों में चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले दो-बच्चे के नियम को समाप्त करने का प्रावधान है।



तेलंगाना पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2026 को पेश करने वाली पंचायत राज मंत्री दानासारी अनुसूया सीताक्का ने कहा कि दो बच्चों का नियम 1994 में जनसंख्या नियंत्रण उपाय के रूप में लागू किया गया था ताकि 1980 और 90 के दशक में जनसंख्या विस्फोट से जुड़ी खाद्य सुरक्षा, बेरोजगारी और गरीबी की चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

हालांकि, दो बच्चों के नियम के 30 साल बाद सरकार ने जनसंख्या नीति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रजनन दर 1.7 है, जो प्रतिस्थापन दर से कम है। यदि प्रजनन दर 1.7 पर बनी रही, तो इससे तेलंगाना की जनसंख्या के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने आने वाली पीढ़ियों के दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए और पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के विचारों को भी ध्यान में रखते हुए प्रतिस्थापन दर को 2.1 पर रखना आवश्यक समझा।

यह देखते हुए कि नागरिक अब कम संख्या में बच्चे पैदा कर रहे हैं, सीताक्का ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि में तीव्र गिरावट से अवांछनीय परिणाम होंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार घटती प्रजनन दर में सुधार लाने और स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम, 2018 में संशोधन का प्रस्ताव कर रही है।



गौलीपुरा मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेते हुए तेलंगाना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव। अवसर पर दंडगे शंकर, सूर्यकांत, विजय, राजेश्व राव, पी. रमेश एवं अन्य ने भाग लिया।

# एटीएम से ध्यान भटकाने वाले चार सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया गया, 89 कार्ड जब्त किए गए

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मेहदीपटनम पुलिस ने शनिवार, 3 जनवरी को ध्यान भटकाने वाले एक गिरोह से जुड़े चार लोगों को लोगों के एटीएम कार्ड धोखाधड़ी से चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान आमिर सुहेल (24), मुबारक (26), मुस्तकीम (25) और मोहम्मद आमिर (33) के रूप में हुई है।पुलिस ने उनके पास से 52,000 रुपये नकद, 89 एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल फोन और एक ऑटो रिक्शा भी जब्त किया।31 दिसंबर को आसिफ नगर के एक इलेक्ट्रीशियन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि कुछ दिन पहले वह अपनी मां के



खाते में बैलेंस चेक करने के लिए मल्लेपल्ली एक्स रोड स्थित एसबीआई एटीएम गया था। हालांकि, शिकायतकर्ता को प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी और उसने वहां मौजूद दो लोगों से मदद मांगी।

उसने एटीएम कार्ड उन्हें सौंप दिया और पिन भी बता दिया। शिकायतकर्ता को बैलेंस की जानकारी दी गई और सभी अपने-अपने रास्ते चले गए। हालांकि, बाद में शिकायतकर्ता को एक एसएमएस अलर्ट मिला जिसमें बताया गया कि खाते से 40,000 रुपये निकाल लिए गए हैं। उसने यह भी देखा कि कार्ड को नकली कार्ड से बदल दिया गया था।शनिवार को पुलिस ने विजय नगर कॉलोनी स्थित मारुति विलास के एक एटीएम से आरोपियों को उस समय पकड़ा जब वे एक अन्य अपराध करने की कोशिश कर रहे थे। आरोपियों ने कथित तौर पर यह स्वीकार किया है कि वे सहायता करने का नाटक करके निरक्षर और बुजुर्ग लोगों को निशाना बनाते थे।आमिर सुहेल और मुबारक आदतन अपराधी हैं, सुहेल के खिलाफ मोइनाबाद पुलिस स्टेशन में चार मामले दर्ज हैं और दो मामलों में गैर-जमानती वारंट जारी हैं। मुबारक इससे पहले हरियाणा में एक वाहन चोरी के मामले में शामिल था।पुलिस ने जनता से सतर्क रहने और एटीएम कार्ड या पिन अज्ञात लोगों को न सौंपने का आग्रह किया है।

# पुलिस कमिश्नर सज्जनार का फिटनेस मंत्र: पुलिसकर्मियों के लिए मजिम प्लानफऔर स्वास्थ्य पर जोर

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनार ने जोर देकर कहा है कि पुलिस कर्मियों को अपने कठिन कर्तव्यों और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि काम के दबाव के बावजूद अधिकारियों को फिटनेस के साथ समझौता नहीं करना चाहिए। वर्ष 2026 के लिए अपने लक्ष्यों और अपराध नियंत्रण की योजनाओं को साझा करते हुए कमिश्नर ने रेखांकित किया कि बढ़ते शहर में प्रभावी पुलिसिंग के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### कमिश्नर का व्यक्तिगत संकल्प: अब स्वास्थ्य से समझौता नहीं

सी.पी. सज्जनार ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने स्वयं के फिटनेस लक्ष्यों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिखा, मैं काफी समय से फिटनेस (व्यायाम) के लिए जिम जाना चाहता था। लेकिन काम के दबाव के



कारण मैं नहीं जा सका। अब मैं अपने स्वास्थ्य के साथ और समझौता नहीं कर सकता। मैं जल्द ही जिम ज्वाइन करूँगा।इस बयान के माध्यम से उन्होंने यह उजागर किया कि कैसे काम का तनाव अक्सर व्यक्तिगत कल्याण को प्रभावित करता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अब वे अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की योजना बना रहे हैं। फिटनेस के अलावा, उन्होंने किताबें पढ़ने, नई चीजें सीखने और परिवार व दोस्तों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के महत्व पर भी जोर दिया।

### स्टाफ कल्याण और वैश्विक मानक: एक व्यापक दृष्टिकोण

कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि उनकी चिंता केवल अपने स्वयं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मचारियों का स्वास्थ्य और कल्याण उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। विभाग की प्राथमिकताओं में से एक यह सुनिश्चित करना है कि कर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहें। उन्होंने स्टाफ की भलाई को सीधे पेशेवर प्रदर्शन और जनसेवा से जोड़ा।शहर की सुरक्षा पर बात करते हुए सी.पी. सज्जनार ने कहा कि उनका पहला कर्तव्य शहर को सुरक्षित बनाना है। उन्होंने पुलिसिंग मानकों को वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जोड़ने की बात कही। उनके अनुसार, इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक स्वस्थ पुलिस बल अनिवार्य है। फिटनेस और मानसिक शक्ति पुलिस को दैनिक चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है।

### नेतृत्व और अनुशासन का नया उदाहरण

कुल मिलाकर, सी.पी. सज्जनार का फिटनेस संदेश नेतृत्व के एक व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसमें व्यक्तिगत अनुशासन, स्टाफ कल्याण और सार्वजनिक सुरक्षा का मेल है। उनकी टिप्पणियां इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि स्वास्थ्य किस तरह पुलिसिंग में दक्षता और जवाबदेही का समर्थन करता है।

## जीएचएमसी का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल:

# टाउन प्लानिंग और इंजीनियरिंग विंग में बदलाव

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नवनियुक्त विस्तारित ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के तहत, तीन वरिष्ठ टाउन प्लानिंग अधिकारियों को क्षेत्रीय निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।निगम के 12 क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रवर्तन, बिल्डिंग परमिट जारी करने और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट से संबंधित गतिविधियों की निगरानी के लिए इन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

जीएचएमसी के मुख्य नगर योजनाकार के. श्रीनिवास, टाउन प्लानिंग निदेशक बी. वेंकन्ना और टाउन प्लानिंग निदेशक बी. प्रदीप कुमार को इन निरीक्षण भूमिकाओं के लिए नामित किया गया है।जीएचएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि इस कदम से जमीनी स्तर के टाउन प्लानिंग अधिकारियों को प्रभावी मार्गदर्शन मिलने, समस्याओं के त्वरित समाधान और ऑन-ग्राउंड पर्यवेक्षण मजबूत होने की उम्मीद है।



तेलंगाना राज्य उर्जा विभाग के स्पेश्यल चीफ सेक्रेटरी मनोनित होने पर वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी नवीन मित्तल का लव फॉर काऊ फाउंडेशन की ओर से सम्मानित करते हुए चेरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, सदस्य प्रेमचंद मुणोत ।

# हैदराबाद में आंध्र प्रदेश के विधायक का बेटा ड्रग्स लेते हुए गिरफ्तार

**हैदराबाद, 03 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ईगल फोर्स (ड्रग कानून प्रवर्तन के लिए विशिष्ट कार्रवाई समूह ने शनिवार को शहर के बाहरी इलाके नानकरामगुडा में एक प्रीमियम गेटेड कम्युनिटी में कथित तौर पर ड्रग्स का सेवन करने के आरोप में आंध्र प्रदेश के एक विधायक के बेटे, सुधीर रेड्डी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार, सुधीर ने कथित तौर पर ड्रग्स का सेवन करने से पहले उन्हें स्थानीय तस्करों (पेडलर्स) से खरीदा था।एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, ईगल टीम ने नानकरामगुडा स्थित सुधीर के आवास पर छापेमारी की। मौके पर ही उसका ड्रग टेस्ट किया गया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। परीक्षण के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि उसने प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का सेवन किया था।ड्रग टेस्ट में पुष्टि होने के तुरंत बाद सुधीर रेड्डी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसे आगे की पूछताछ और कानूनी औपचारिकताओं के लिए संबंधित पुलिस स्टेशन स्थानांतरित कर दिया गया है।पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि सुधीर किन पेडलर्स के संपर्क में था और क्या इस ड्रग नेटवर्क में अन्य प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। शहर में ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान ने एक बार फिर रसूखदार परिवारों से जुड़े युवाओं की संलिप्तता को उजागर किया है।

शुभ लाभ
का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ
R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/-
Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ........................................
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .................. Drawn ..................
Name of the Executive ........................................
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...
A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.